



# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...





वर्ष -01 | अंक-69 | RNI UP HIN/2015/64737 | पृष्ठः 9 , | मुल्य = 4 रूपया | शनिवार, 04 मार्च 2023

## संक्षिप्त समाचार

### मुंडन कार्यक्रम के दौरान रेलिंग हुआ धराशाई ,बाजा बजाने वाले कलाकार की मौत , दो जख्मी



**रविशंकर मिश्रा पटना ।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोबार गांव में बच्चे के मुंडन संस्कार के दौरान छत पर लगे रेलिंग के धराशाई हो जाने के कारण उसके मलबे में दबकर बाजा बजा रहे तीन कलाकार जख्मी हो गये ।इसमें एक कलाकार मुनीलाल 35 वर्ष की मौत हो गई।जबकि उसका भाई रामजतन 26 वर्ष तथा नीतीश कुमार 25 बर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है ।मिली जानकारी के अनुसार रामप्रवेश राम के पोता के मुंडन संस्कार में बेलछी के फतेहपुर पंचायत अंतर्गत मॉलचक गांव निवासी बाजा बजाने वाले कलाकार मुनीलाल ,रामजतन और नीतीश कुमार को बुलाया गया था। तीनों बाजा बजा रहे थे ।इसी दौरान रामप्रवेश राम के भाई के मकान के ऊपर लगा कच्चा रेलिंग अचानक ढह गया।इसके नीचे तीनों कलाकार आ गए।घटना के बाद कलाकारों के परिजनों में कोहराम मच गया ।मृतक के शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल में कराया गया।

## बिजली चोरी की जांच करने गए एसडीओ और जेई पर हमला



**रविशंकर मिश्रा पटना ।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढेलवागोसाई मोहल्ले में बिजली चोरी की जांच करने गए एसडीओ और जूनियर इंजीनियर पर हमला किया गया। उनकी सड़क पर सरेआम पिटाई की गई। इसके कारण 1 घंटे तक भगदड़ मची रही। बिजली विभाग के एसडीओ अभिषेक राज और कनीय अभियंता कृष्ण कुमार बिजली चोरी की जांच करने के लिए डेलवा गोसाई मोहल्ला मे टीम के साथ गये । जांच के बाद बिजली कनेक्शन काट दिया गया। कार्रवाई के बाद लौट रहे थे ।इसी दौरान एक चिकित्सक और उसके समर्थकों ने उन पर धावा बोल दिया और जमीन पर पटक कर उनकी सरेआम पिटाई की गई। घटना के कारण भगदड़ मच गई ।बाद में जख्मी अधिकारियों को अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अनुमंडल अस्पताल में पुलिस की तैनाती कर दी गई थी।

## पूर्व जदयू सांसद मीना सिंह ने दिया इस्तीफा



**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी पटना :** पूर्व जदयू के सांसद मीना सिंह ने दिया अपना इस्तीफा, पटना के एक निजी होटल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बाबत दी जानकारी। बता दें कि जदयू के प्रदेश सचिव मनोज लाल मनू दास ने इस पर अपनी पार्टी की तरफ से प्रतिक्रिया में कहा कि मीना सिंह पिछले कई महीनों से पार्टी में जरूर थी लेकिन वह सक्रिय नहीं थी नहीं वे पार्टी के तरफ से आयोजित किसी कार्यक्रम में भाग लेती थी ऐसे में उनके पार्टी से इस्तीफे देने की खबर सुनने के बात से पार्टी के सेहत पर कोई इसका सीधा असर नहीं पड़ रहा है उन्होंने आगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में आरा से उन्हें पार्टी के तरफ से टिकट मिलने को लेकर आशंका थी जिसको वे ताड गई थी और यही वजह है कि उन्होंने आज अपना पार्टी से इस्तीफा दिया। उन्होंने आगे कहा कि अब किस पार्टी में वे जाएंगी उनके लिए पार्टी की तरफ से बहुत शुभकामनाएं।

## श्याम फागुन महोत्सव की निशान शोभा यात्रा बड़े धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई



**दैनिक शुभ भास्कर/भागलपुर निबराज आलम**

श्याम फागुन महोत्सव की निशान शोभा यात्रा बड़े धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई. इससे पूर्व निशान का पूजन कर श्याम मंदिर से यात्रा आरंभ हुई जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्याम मंदिर कहलगांव पहुंचकर समाप्त हुई. इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष तथा बच्चे श्रद्धालु शामिल थे. सभी ने हाथों में निशान लेकर झूमते हुए व खाटू बाबा का जयकारा लगाते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया. इस यात्रा में शामिल लोगों के स्वागत के लिये जगह-जगह तोरण द्वार बनाये गये थे. इस यात्रा में शामिल लोगों को सामाजिक संस्थाओं द्वारा शरबत पिलाया गया. इस यात्रा में महिलाएं एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कहलगांव नगर के सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने लिया हिस्सा लिया अधिकतर मारवाड़ी समाज के महिलाओ एवं पुरुषों अपने अपने निशान लेकर शहरों का भ्रमण किया एवं नाच गाना ढोल बाजे के साथ जय गोविन्द,जय कान्हा,जय लल्ला,एवं राघा राणी का नाम लेकर झुमते झुमते दिखाई पड़ा है

## बिहार के सभी जिले के चौक-चौराहों पर 6 से 10 मार्च तक पुलिस ब्रेथ एनालाइजर लेकर तैनात रहेगी अर्धसैनिक बलो कि भी होगी तैनाती




**रविशंकर मिश्रा पटनाः** बिहार में होली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय ने कमर कस चुकी है. कोरोना महामारी के 2 वर्षों के बाद इस साल आम जनता धूमधाम से होली मनाएगी. होली को लेकर राजधानी पटना सहित पूरे बिहार में शराब पीने और बेचने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है. राजधानी पटना सहित बिहार के अन्य जिले के सभी चौक-चौराहों पर 6 से 10 मार्च तक पुलिस ब्रेथ एनालाइजर लेकर तैनात रहेगी. मिली जानकारी के अनुसाररात में गश्त करने वाले पुलिस अफसर भी शराब पीकर घूमने वालों पर नजर रखेंगे. इसके अलावे होली पर एक साथ दर्जनों बाइक सवार सड़कों पर हुड़दंग करने वालों पर कानूनन कार्रवाई की जाएगी. पुलिस मुख्यालय के एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार की माने तो बिहार के सभी जिलों में होली को लेकर समन्वय समिति स्थापित करने को लेकर बैठक की जा रही है. होली के मद्देनजर अर्धसैनिक बल की कंपनियों की भी मांग बिहार पुलिस मुख्यालय के द्वारा की गई है. कितनी कंपनी बिहार को मुहैया होगी इसकी जानकारी नहीं मिली है. इसके अलावा जिला पुलिस, होमगार्ड के ढ़ाई हजार सिपाही, 25 दंगा निरोधक दस्ता बिहार के विभिन्न जिलों में तैनात किया जाएगा. विगत सालों में यह भी देखा गया है कि होली के दौरान होलिका दहन से कई स्थानों पर आगलगी की घटना घटित होती है. इसको लेकर फायर ब्रिगेड की टीम को भी तैनात किया गया है. पुलिस मुख्यालय के एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने कहा कि-"होली को लेकर राजधानी पटना में ट्राफिक व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा. ट्रैफिक रूट्स में भी बदलाव किया गया है. लोहिया पथ चक्र 2 के निर्माण होने के कारण नेहरू पथ के मुख्य सड़क को हड़ताली मोड़ के पास से होली के पहले बंद कर दिया जाएगा. होली के मद्देनजर संवेदनशील जिले जहां पर पहले घटना घटित हो चुकी है, वैसे स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का निर्णय बिहार पुलिस मुख्यालय के द्वारा लिया गया है और भी जिले से अतिरिक्त पुलिस बल को लेकर तैयारियों का जायजा मांगा गया है."

## पुल का लाभ आम जनों को नहीं मिल रहा है

कटिहार। कार्य प्रमंडल बारसोई द्वारा मुख्यमंत्री सेतु योजना द्वारा 2012-13 में निर्मित भिमियाल पंचायत के सोना टोला ग्राम में एप्रोच पथ नहीं होने से वर्षों पूर्व लाखों की लागत से बने आर० सी० सी० पुल का लाभ आम जनों को नहीं मिल पा रहा है। विषयांकित शिकायत के संदर्भ में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी फिरोज अख्तर द्वारा दिए गये अंतिम निर्णय के अनुसार एप्रोच पथ की आवश्यकता नहीं रह जाती है। जो कि सरकार की आकांक्षाओं के विरूद्ह है।अगर पुल निर्माण की आवश्यकता थी। तो अप्रोच पथ की निर्माण की भी आवश्यकता है,ताकि आम जनों को अवागमन में कठनाई न हो। लाखो की लागत से बने पुल का लाभ ग्रामीण ले सके। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी की मंशा परिवाद निवारण की नही है। बल्कि मामलो का निष्पादन में विश्वास रखते है। जनता दल यूनाइटेड शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रोशन अग्रवाल ने इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर कहा कि फिरोज अख्तर पूर्व में बारसोई प्रखंड विकास पदाधिकारी,बारसोई अनुमंडल पदाधिकारी एवं कटिहार जिला उप समाहर्ता के पद पर अपनी सेवा दे चुके है ।पुनः जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी कटिहार के पद पर उनकी पदस्थापना से परिवाद प्रभावित हो रहा है।

### डीपीओ आनंद बिजय एंव जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार ने मध्य विद्यालय धनौरा का निरीक्षण किया




**दैनिक शुभ भास्कर/भागलपुर निबराज आलम**

भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय धनौरा के छात्र एंव छात्रा के द्वारा बीते दिन मध्यान भोजन एंव कई परेशानी को लेकर सड़क पर धरना-प्रदर्शन किया गया था इसको लेकर आज दिनांक 3 मार्च 2023 दिन शुक्रवार को डीपीओ आनंद बिजय एंव जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार ने निरीक्षण किया। दोनों पदाधिकारियों ने निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में चल रहे कार्यों की प्रगति पर संतोष जाहिर किया। एंव डीपीओ आनंद बिजय ने स्कूल के छात्र एंव छात्रा से मध्यान भोजन एंव कई परेशानीयो से अवगत हुए जबकि सभी शिक्षकों को पाठ योजना बनाकर शिक्षण कार्य करने का निर्देश दिए प्रधानाध्यापक को कई आवश्यक निर्देश दिया। डीपीओ आनंद बिजय ने निरीक्षण के क्रम में संचालित कक्षाओं का भी अवलोकन किया। शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका भी जांच पड़ताल की। जांच के क्रम में डीपीओ के द्वारा कैश बुक के अलावा अन्य पंजी का जांच पड़ताल किए एंव डीपीओ आनंद बिजय ने मध्य विद्यालय धनौरा के प्रधानाध्यापक मुन्ना प्रसाद साह को कई दिशानिर्देश दिये गए

## तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के मौत के मामले में एक बार फेक न्यूज के शिकार बने सीएम नीतीश

### न्यूज में दावा किया गया कि तमिलनाडु में काम करने वाले बिहार के मजदूरों पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया



**रविशंकर मिश्रा पटना ।** तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के मौत को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो खूब वायरल हो रहा था ।इस वायरल वीडियो का मामला बिहार में इतना तूल पकड़ा कि बीजेपी ने सदन में बहस की मांग कर डाली. वहीं सीएम नीतीश कुमार ने भी अधिकारियों को तमिलनाडु से बातकर बिहार के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दे डाले. हालांकि बाद में वीडियो ही फेक निकले. बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी फेक न्यूज का शिकार हो गए हैं. इस न्यूज में दावा किया गया कि तमिलनाडु में काम करने वाले बिहार के मजदूरों पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें दो मजदूरों की मौत हो गई ।गुरुवार सुबह से ही तमिलनाडु में हुए कथित घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे. इस घटना की खबर अखबारों में भी छप गई. अखबारों की खबरों का हवाला देते हुए नीतीश कुमार ने गुरुवार को तमिलनाडु की घटना पर चिंता जताते हुए ट्वीट कर दिया. साथ ही मुख्य सचिव और डीजीपी को तमिलनाडु के आला अधिकारियों से बात करने और वहां काम करने वाले बिहार के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दे दिया । हालांकि, कुछ घंटे बाद तमिलनाडु पुलिस ने दावा किया कि बिहार के मजदूरों को मारे जाने के संबंध में सोशल मीडिया पर जो वीडियो चल रहे थे, वे फर्जी हैं. इसी कारण से सवाल खड़े हो रहे हैं कि कैसे बिहार के सीएम सोशल मीडिया पर चल रही फर्जी खबरों के शिकार हो गए? तमिलनाडु के डीजीपी शैलेंद्र बाबू ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा- "बिहार में किसी ने बिहार के मजदूरों पर तमिलनाडु में हमले के संबंध में एक झूठा और भ्रामक वीडियो पोस्ट किया है. घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित दो वीडियो फर्जी हैं. वीडियो के तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है और दावा किया गया है कि तमिलनाडु में रहने वाले बिहारी मजदूरों पर हमला किया जा रहा है." वहीं तेजस्वी यादव के ऑफिस ने भी डीजीपी का वीडियो शेयर कर लिखा कि डीजीपी तमिलनाडु स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि यह पूरी तरह निराधार और अफवाह है कि तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी श्रमिकों को निशाना बनाया जा रहा है. हिंसा का पुराना वीडियो शरारती तरीके से फैलाया जा रहा है, जिसमें कहा गया है कि बिहार के लोग अब तमिलनाडु में सुरक्षित नहीं हैं, दिलचस्प बात यह है कि इस मुद्दे को बिहार विधानसभा में भी उठाया गया था, जिसमें बीजेपी ने तमिलनाडु में काम करने वाले बिहार के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार पर बहस की मांग की थी. जिस वक्त बीजेपी विधानसभा में इस मुद्दे को उठा रही थी, उस वक्त नीतीश और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सदन में मौजूद नहीं थे. बिहार बीजेपी ने इस मौके का इस्तेमाल तेजस्वी पर हमला करने के लिए भी किया, जो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए बुधवार शाम चेन्नई गए थे.

## होली पर्व को लेकर मसौढ़ी थाने में की गई शांति समिति की बैठक, मौके पर एस डी एम और सहायक पुलिस अधीक्षक रहे मौजूद



**रविशंकर मिश्रा पटना ।** मसौढ़ी थाना में आज होली पर्व को देखते हुए थानाध्यक्ष मसौढ़ी संजय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई साथ ही रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी ।बैठक में निर्णय लिया गया कि होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से आपसी मतभेद एवं जाति धर्म को भूलकर होली मनाएं,साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि डी जे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा एवं हुडदंग करने बालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।बैठक में मुख्य रूप एस डी एम अनिल कुमार सिन्हा और सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य मौजूद रहे।

## भाजपा नेता मनोज पोद्दार के नेतृत्व में चकाई को अनुमंडल का दर्जा दिलाने को ले चलाया जोरदार मुहिम



**चकाई संवाददाता रोहित कुमार चकाई :** चकाई को अनुमंडल का दर्जा दिलाने हेतू भाजपा नेता मनोज पोद्दार की मुहीम एक बार फिर से तेज हो गई है। मनोज पोद्दार के नेतृत्व में बुधवार को चकाई प्रखंड के आधे दर्जन गाँवो में अपने समर्थकों के साथ चलकर चकाई को अनुमंडल का दर्जा दिलाने को लेकर जोरदार मुहीम चलाई गई. जिसमें ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया.इस मुहीम में हस्ताक्षर अभियान के साथ साथ भाषण और नारे भी लगाए गए. जिसमें लोगों ने नारा लगाया "चकाई को अनुमंडल बनाना होगा" वहीं मनोज पोद्दार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा चकाई ब्रिटिश हुकूमतों के कालखंड में परगना था जो कि अनुमंडल का दर्जा माना जाता था परन्तु आजादी के बाद चकाई का यह अधिकार छीन लिया गया था. जिसकी मांग चकाई वासियों की ओर से लगातार की जा रही इस अभियान में पूर्व विधायक फाल्गुनी प्रसाद यादव ने भी जीवनभर संघर्ष करते रहे परन्तु किसी ने उनकी भी नहीं सुनी। सर्वविदित हो कि 2015 में फाल्गुनी प्रसाद यादव के अंत्योस्टि कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भाग लेने चकाई आये थे उस दौरान उन्होंने अपने भाषण में चकाई को अनुमंडल का दर्जा देने की बात भी कही थी परन्तु उनके मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद यह ठंडे वस्ते में चला गया। पोद्दार ने आगे कहा कि चकाई अनुमंडल बनने के सभी अहर्ता को पूरा भी करता है बाबजूद चकाई के प्रति अनदेखी की जा रही है दूसरी तरफ फाल्गुनी प्रसाद यादव को छोड़ बाकि चकाई के जनपराधियों की नकारात्मक विचारधारा का भी यह प्रतिफल है परन्तु यह विचारधारा चकाई को अनुमंडल बनने से रोक नहीं पाएगी। चकाई को अनुमंडल बनाओ अभियान में उपस्थित भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, मंडल महामंत्री दीनदयाल राम, भाजपा चकाई मंडल महामंत्री पब्रित राय, शम्भू राय, मंडल मंत्री रमेश रावत, विकास पासवान, सोनू राम सहित दर्जनों लोग थे।

# स्नातक मतदाताओं के बीच अपनी बात रखे पूर्व एमएलसी

**दैनिक शुभ भास्कर दरियापुर/ नित्यानंद**



प्रखण्ड क्षेत्र के सिसौनी शिव मंदिर के प्रांगण में स्नातक मतदाताओं के बीच अपनी बात रखते हुए पूर्व एमएलसी डॉ महाचंद्र सिंह ने कहा कि आप वह मतदाता है जिन्हें बरगलाया नही जा सकता है क्योकि सबसे प्रबुद्ध मतदाताओं से निवेदन है कि 36 साल के कार्यकाल में जो लोग जिस भी काम से मुझसे मुलाकात की उनका जहां तक हुआ है कार्य कराया है आपकी उपस्थित की संख्या देख कर यह पता लग रहा कि आप पुनः मुझे आशिर्वाद देने का मन बना चुके है लगातार जीत के बीच एक मध्यांतर भी किया उस वक्त में भी आपके बीच लगातार बना रहा वही अमनौर विधायक मंटू सिंह ने कहा कि मतदाताओं का उमंग से प्रतीत होता है कि समय जीत के लिए अनुकूल है वही सोनपुर के पूर्व विधायक विनय सिंह ने कहा कि डॉ महाचंद्र सिंह अपने को कभी भी बड़ा नेता साबित नही किया जिस वजह से सभी के दिल के अजीज बने हुए है इस अवसर पर शिक्षक नेता पवन सिंह, पूर्व मुखिया ,रुस्तम अली,गांधी कुमार, चंद्रमा राम, अमरजीत पासवान,संतोष कुमार,अरविंद कुमार,अभय कुमार तथा अमित रंजन सहित अन्य शामिल हुए वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया राजेश्वर सिंह व संचालन शिक्षक कमलेश सिंह ने किया

# जिला पदाधिकारी डॉ० नवल किशोर चौधरी द्वारा किया गया जनता दरबार का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**



गोपालगंज बिहार जिला पदाधिकारी,गोपालगंज डॉ० नवल किशोर चौधरी द्वारा समाहरणालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार मे लगभग पच्चास फरियादियों ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी को दिया और अपनी बातों को बताया। सेवा निवृत्त शिक्षक बब्बन मिश्रा के रिटायरमेंट के पश्चात विभाग द्वारा राशि बकाये के सम्बंन्ध में महोदय द्वारा विशेष रूप से निस्तारित करने के निदेश दिये। वहीं रंजू देवी हेमबरदहॉं प्रखंड कुचायकोट के बैंक संबंधी कार्य के लिए जिलाधिकारी ने लीड बैंक प्रबंधक को जॉच कर त्वरित कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अन्य मामले संबंधित सभी के आवेदनों और समस्याओं के लिए संबंधित को कार्रवाई करने के निदेश दिये। मिलने वालों में निमाजन खातून यादवपुर प्रखंड गोपालगंज ,हेमंती देवी साखे बलुआ टोला प्रखंड उचकागांव ,पतारी देवी साखे बलुवा टोला उचकागांव ,उमाशंकर मिश्र निमूईया प्रखंड माझा ,साबरा खातून बलुआ टोला प्रखंड माझा, राजेंद्र कुमार असीजा प्रखंड बैकुंठपुर ,नंदकिशोर गुप्ता कल्याणपुर प्रखंड भोरे, गंगाजली देवी जिगना टोला प्रखंड हथुआ, सुनील कुमार सासामुसा प्रखंड कुचायकोट, हीरामति देवी सल्लेपुर मटिहीनिया प्रखंड हथुआ आदि थे।

# देश को एकता के सूत्र में बांधती है रामचरित मानस - प्रियंका द्विवेदी

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**



गोपालगंज बिहार हिन्दू समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए हर घर में श्रीरामचरित मानस का अनुशरण होना चाहिए। पूरा देश जब एक सूत्र में बंध जाएगा तो राम राज्य का सपना साकार हो जाएगा। उक्त बातें प्रखण्ड के श्री राम जानकी मंदिर जमुनहां के महंथ श्री श्री 108 श्री हरिनारायण दास जी महाराज के सानिध्य में चल रहे श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ के स आठवें दिन श्रीराम कथा के दौरान कथा वाचिका मानस कोकिला प्रियंका द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि भाई-भाई का घर में अलग-अलग रहना। व्यापार अलग-अलग करना। खाना अलग-अलग बनना। व्यवस्था के तहत उचित माना जा सकता है, लेकिन मन और मत अलग-अलग नहीं होना चाहिए। मन हमेशा मिले होना चाहिए। घर में मन मिले। फिर समाज का मन मिले और फिर देश का मन मिले तो राम राज्य स्वाभाविक है और जब हमारा देश एकता के सूत्र में बंध जाएगा ।तब आतंकवाद जैसा कचरा अपने आप साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि झाड़ू जब तक एक सूत्र में बंधी होती है। तब तक वह कचरा साफ करती है, लेकिन वही झाड़ू जब खुलकर बिखर जाती है तो स्वयं कचरा हो जाती है। इसी प्रकार समाज जब एकजुट हो जाएगा तो हम आतंकवाद को साफ कर देंगे। भारत देश में हमारा जन्म हमारे ऊपर ईश्वरीय कृपा दर्शाता है। देश के शीर्ष में हिमालय है। जो देश का मुकुट है। कश्मीर में केशर की खेती है जो भगवान के माथे पर लगाया जाता है। कन्याकुमारी में नारियल होता है जो भगवान के चरणों में चढ़ाया जाता है। यह संयोग केवल भारत भूमि पर ही है। इससे पूर्व मंच का उद्घघाटन बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव,चमचम श्रीवास्तव,अंकित तिवारी, परसुराम प्रसाद, रविरंजन श्रीवास्तव, पिंटू तिवारी, डॉ मुखी सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया ।मौके पर समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र मिश्र, मुखिया अशोक गुप्ता, मणि पाण्डेय, जयराम गुप्ता, नंदकिशोर तिवारी , डॉ बाबुलाल सिंह, सुनील गुप्ता, बलिराम सिंह, निराला बाबा, सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रदुम्न मिश्र, राजीव केशरवानी, अशोक जायसवाल, संदीप केशरी,मुन्ना मिश्र सहित कथा सुनने के लिए पंडाल में पुरुषों के साथ ही सैकड़ों महिला भक्त भी मौजूद रहीं।

**तेजी से पढ़े जाने वाला अखबार हिंदी दैनिक शुभ भास्कर अखबार**

किसी भी खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित करना खबर का असर है !
हर जिले शहर प्रखंडों की हर छोटी बड़ी खबर अपने जिले और प्रखंडों से चीफ ब्यूरो व रिपोर्टर पद, विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें आपके शहर गांव कस्बों में बहुत जल्द पढ़ने को और देखने को मिलेगा ! भागलपुर शहर व अन्य जिले में बहुत जल्द दैनिक हिंदी शुभ भास्कर अखबार पढ़ने को मिलेगा , किसी भी खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित करना खबर का असर है ! बांका अमरपुर अकबरनगर नाथनगर सुल्तानगंज असरगंज तारापुर मुंगेर कहलगांव पीरपैंती बौसी कटिहार नवगछिया शाहकुंड में देखने को जल्द मिलेगा ! बिहार / झारखंड - 62018 11 830 / 7250 3896 24

# कंपाउंडर की पुत्री ने प्रथम प्रयास में सिमुलतला विद्यालय में मेंनस एग्जाम में पाई सफलता



छपरा । गड़खा प्रखण्ड के रहमपुर निवासी रामनाथ मांझी के पौत्री कुमारी आंचल प्रथम ही प्रयास में सिमुलतला आवासीय विधायलय जमुई मेंनस इंट्रेस एग्जाम में सफलता हासिल की है। कुमारी आँचल के पिता आशुतोष कुमार मांझी सोनपुर एक निजी नर्सिंग होम में कंपाउंडरी करके अपने परिवार का जीवकोपार्जन करते है। वही देश मे बढ़ रहे गरीबी और बेरोजगारी को देखते हुए इस नन्ही सी बच्ची में हौसला आया कि मैं पिता पर बोज नहीं बनु और कठिन परिश्रम मेहनत की लग्न के साथ ही अपनी प्रथम प्रयास में ही पिटी ओर सिमुलतला आवासीय विद्यालय में एंट्रेंस एग्जाम में सफलता हासिल की है। कुमारी आंचल गांव के लोगों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बनी हुई है, आंस पास के लोगों में चर्चा है कि कंपाउंडर की बेटी जिसको खाने पीने का यहां तक अपने बच्चे को पढ़ाने के लिए समय नहीं है, फिर भी आज आज के दौड़ में मेहनत लगन हो तो कोई भी कामयाबी हासिल हो सकता है , वही कुमारी आंचल की माँ गुड़िया देवी गृहणी है ओर अपने बच्चे और पति के साथ सोनपुर में किराए की मकान में रहती है जब उसको पता चला कि बेटी का सलेक्शन हो गया है तब खुशी से वह रोने लगीं ।वही कुमारी आंचल का सपना है कि सिविल सर्विसेज क्वालीफाई करके बड़े पद पर जाकर अपने प्रखण्ड ओर गाँव का नाम रौशन करें। वही कुमारी आंचल को सिमुलतला में सलेक्शन को लेकर परिवार के साथ साथ गाँव मैं खुशी का माहौल है, खुशी जाहिर करने वाले में पन्ना लाल कुमार, अशोक मांझी, बिंदु देवी, विनय हीरा लाल नमिता देवी,कौशल आर्यन कुमार, उत्सव आदि खुशी जाहिर किया है ।

# प्रशांत किशोर, बोले - बिहार के किसान बस पेट भरने के लिए खेती कर पाते हैं

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**



जन सुराज पदयात्रा के 152वें दिन की शुरूआत सिवान के खरसंडा पंचायत स्थित बाली मोड़ मैदान में सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। इसके बाद प्रशांत किशोर सैकड़ों पदयात्रियों के साथ खरसंडा नगर पंचायत से पदयात्रा के लिए निकले। आज जन सुराज पदयात्रा हथौड़ा पंचायत, मड़कान, छापिए बुजुर्ग, होते हुए सिवान सदर प्रखंड अंतर्गत सिवान नगर पंचायत के राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में जन सुराज पदयात्रा शिविर में रात्रि विश्राम के लिए पहुंची। प्रशांत किशोर की पदयात्रा का सिवान में आज 25वां दिन है।

वे जिले में 04 से 08 दिन और रुकेंगे और इस दौरान वे अलग-अलग गांवों और प्रखंडों में पदयात्रा के माध्यम से जनता के बीच जाएंगे। उनकी समस्याओं को समझ कर उसका संकलन कर उसके समाधान के लिए ब्लू प्रिंट तैयार करेंगे। दिनभर की पदयात्रा के दौरान प्रशांत किशोर 4 आमसभाओं को संबोधित करेंगे और 5 पंचायत के 9 गांवों से गुजरते हुए 14 किमी की पदयात्रा तय की जन सुराज पदयात्रा के दौरान आम सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि आज बिहार में जो किसान खेती कर रहे हैं उसमें 100 में 40 आदमी के पास डेढ़ बीघा से कम जमीन है। आज बिहार में जो किसान खेती कर रहे हैं वो कमाने वाली खेती नहीं है वो बस पेट भरने वाली खेती है। आज बिहार में किसान उतना ही अनाज उपजा रहे हैं, जिससे उनके बच्चों का पेट भर जाए। आप अपने अनाज को बेच कर आमदनी नहीं कमा सकते हैं। दूसरे राज्यों में किसान खेती करके आमदनी कमाते हैं मगर बिहार में किसानों के बारे में न किसान सोच रहे हैं न बिहार के नेता। आज बिहार में प्रति व्यक्ति आय है 35 हजार रुपये तो सोचिए आपके पास ना शिक्षा है ना रोजी रोजगार है तो आपकी और बिहार की तरक्की कैसे होगी। जन सुराज पदयात्रा के दौरान मड़कन गांव में आमसभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार की जनता को समझना होगा कि घर में बैठ कर समस्याओं का समाधान नहीं होगा, इसके लिए आपको हमको मेहनत करनी होगी यह समझने के लिए की समस्या क्या है, और इसका समाधान कैसे होगा।

इस बार के चुनाव में आपको तय करना होगा कि इस बार आप वोट भारत-पाकिस्तान, नाली-गली के लिए नहीं पड़ेगा, वोट उस नेता को मिलेगा जो शिक्षा, रोजगार और किसान को लाभ पहुंचाने के लिए काम करेंगे। वोट उनको पड़ेगा जो आपके बच्चों के भविष्य के लिए काम करेंगे। अगर आप इन मुद्दों पर वोट करेंगे तो यकीन मान कर चलिए कि बिहार को तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता।

# तमिलनाडु में बिहारियों को पीटे जाने पर अभाविप द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

**दैनिक शुभ भास्कर विपीन कुमार की रिपोट**

पीरपैती बिहार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भागलपुर इकाई द्वारा तमिलनाडु में बिहारियों को पीटे जाने एवं हत्या किए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन का पुतला दहन किया गया ।कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के विरोध में जमकर नारेबाजी की एवं घटना को बिहारियों के लिए अपमानजनक बताया। विश्वविद्यालय संयोजक आशुतोष सिंह तोमर ने प्रश्न करते हुए कहा की माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव इस घटना पर ट्वीट करते हुए लिखते हैं की ये सब अफवाह है जबकि दूसरी और बिहार के मजदूर चीख चीखकर अपने ऊपर हुए अत्याचार की गवाही दे रहे हैं एवं सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।आश्चर्य है की उन्हें बिहारियों,मजदूरों पर विश्वास नहीं है और वो तमिलनाडु सरकार के पक्ष में खड़े हैं। वे जवाब दें की वो तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री हैं या बिहार के ? वहीं कुणाल पांडे एवं रोहित राज ने कहा की इससे पूर्व महाराष्ट्र में भी इस प्रकार की घटना घटी है और पुनः इसका दोहराव हो रहा है,बिहार वासी अपमानित महसूस कर रहे हैं। पुतला दहन के दौरान नगर मंत्री कपिस शर्मा,पियूष,हर्ष,सौरभ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुल्तानगंज थाने में लड़कियों के अपहरण का मामला हुआ दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर विकास कुमार की रिपोर्ट**

सुल्तानगंज बिहार थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग क्षेत्रों के दो लड़की अपहरण का मामला दर्ज है ।घटना घटना 16 फरवरी की है। जिसमें आपने लड़की की बहन ने गांव के ही एक युवक और उसके माता-पिता को नामजद किया गया है। वहीं दूसरी घटना 22 फरवरी की है लड़की के पिता जी द्वारा बताया गया कि कॉलेज की स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने की बात कह कर अपने नानी के घर से निकली है इस पूरे मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

# सुल्तानगंज स्टेशन में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा चार सूत्रीय मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर विकास कुमार कि रिपोर्ट**



सुल्तानगंज बिहार स्टेशन में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा चार सूत्री मांग को लेकर धरना पर बैठे अधिवक्ता राजकुमार से मिलने महागठबंधन के नेता सह सासंद पवन केसान , राजद नगर अध्यक्ष अफरोज आलम राजनेता दिलीप कुमार गुप्ता स्टेशन पहुंचकर धरना का समर्थन देते हुए कहा दादा का समर्थन देते हुए कहा 15 दिनों के अंदर प्रियंका 18 सहित अन्य मांग पूरा नहीं होने पर होगा आंदोलन स्टेशन परिषद में ट्रेन थाना सहित अन्य मांगों को लेकर सुल्तानगंज के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा एक दिवसीय धरना वह इस दौरान धरना पर बैठे अधिवक्ता राजकुमार ने बताया कि 4 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया है जिसमें पैसेंजर ट्रेन का भाड़ा एक्सप्रेस का नहीं लेकर पैसेंजर का भाड़ा लिया जाए एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव जो सुल्तानगंज में नहीं है उसे दिया जाए वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन भाड़ा में रियायत पुनः बहाल किया जाए बोल सुकृति कर सुल्तानिया देवघर परियोजना फंड जारी का निर्माण प्रक्रिया जल्द शुरू करी जाए की मांग प्रधानमंत्री रेलवे बोर्ड सहित अन्य अधिकारियों को 20 फरवरी को डाक के द्वारा भेजा गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर एक दिवसीय धरना दिया गया और कहा कि 15 दिन के अंदर मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करते हुए हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता एवं एस के प्रोग्राम और सुनील रामुका देवेश पोद्दार कुंदन कुमार सचिन कुमार प्रकाश चंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# श्याम के रंग में रंगा पूरा शहर , हजारों श्याम भक्तों ने निशान शोभायात्रा में लिया हिस्सा

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**



भागलपुर बिहार श्री श्याम भक्त मंडल अन्याय के संयुक्त तत्वावधान में आज से फाल्गुनी उत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है। वही निशान शोभायात्रा निकाली गई है। शोभा यात्रा के दौरान रथ पर आकर्षक झांकी भी निकाली गई है। खाटू श्याम मंदिर से हजारों की संख्या में महिलाएं, युवती, बच्चे सहित हर वर्ग के लोग शोभायात्रा में शामिल हो रहे हैं। वहीं नाचते गाते महिलाएं निशान लेकर पूरे शहर का भ्रमण कर फिर खाटू श्याम मंदिर में निशान को रख कर पूजा-अर्चना करेंगी। निशान शोभायात्रा में नवगछिया, सुल्तानगंज, गोड्डा से भी आए श्याम भक्तों के द्वारा निशान लेकर पहुंचे हुए हैं जो इस शोभायात्रा में शामिल हुए हैं। रास्ते में कई सामाजिक संगठन के लोग निशान शोभायात्रा पर जहां पुष्प वर्षा कर रहे हैं। वही श्रद्धालुओं के लिए पानी और शरबत की भी व्यवस्था की गई है।

# ट्रेन की चपेट में आने से 38 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत, बेटी के घर घूमने गया था व्यक्ति

**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रूपेश मिश्रा की रिपोट**

कटिहार बिहार कुरेठा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से 38 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। जहां रेल पुलिस के द्वारा शव की पहचान करते हुए उनके परिजनों से संपर्क किया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। मृतक दिनेश उरांव के परिजनों ने बताया कि वे लोग हसनगंज थाना क्षेत्र के निवासी है। 2 दिन पूर्व मृतक अपनी बेटी के ससुराल कुरेठा घूमने के लिए आए थे। शुक्रवार को शौच करने के लिए कुरेठा रेलवे स्टेशन के समीप गए थे। शौच करने के बाद वापस घर लौटने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक की पत्नी और परिजन का रो रो कर बुरा हाल हो गया था। वही रल पुलिस के द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई। इधर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को चीन पाकिस्तान बांग्लादेश ही नहीं अभी तमिलनाडु भी देखना होगा, करणी सेना के जिला प्रभारी

**दैनिक शुभ भास्कर लक्ष्मण पासवान की रिपोट**

बिहार आज तमिलनाडु में जिस तरह से स्थानीय लोगों द्वारा हिंदी भाषी मजदूरों के साथ खिलवाड़ कर रहा है वैसे मैं बड़ा भारी पड़ेगा, चुकी ऐसे में भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को एक्शन लेना चाहिए। वही करणी सेना के 6 जिला के प्रभार में प्रभारी श्री रजनीश सिंह कहते हैं जिस तरह से तमिलनाडु में बिहार झारखंड गया अन्य जगहों के हिंदी भाषी मजदूर तमिलनाडु में जिंदगी और मौत का सीजी व्यापम चल रहा है। श्री सिंह आगे कहते हैं वो हिंदी भाषी मजदूर एक ही आस में टकटकी लगाए हुए हैं कि अपने हम घर कैसे पहुंचे। अपने शहर से दूसरे राज में मजदूरी करने गए हिंदी भाषी मजदूर दिल में कई तमन्ना को लेकर, लेकिन इस तरह के घटना से तमिलनाडु में हिंदीभाषी मजदूर सदमे में है। कई वीडियो सोशल मीडिया पर हिंदी भाषी मजदूरों के साथ किस तरह से वार किया जा रहा है वायरल तेजी से वायरल हो रहा है।

# अपने शहर शिकायत प्रदेश तमिलनाडु कमाने, तमिलनाडु के आतंक से तरस रहा है अब हिंदी भाषी मजदूर, संगठन जिला प्रभारी श्री सिंह

**दैनिक शुभ भास्कर संजीव कुमार की रिपोट**

सुल्तानगंज बिहार अपने शहर से प्रदेश गए कमाने बिहार के साथ-साथ अन्य शहर से। लेकिन आप तमिलनाडु में स्थानीय लोगों का आतंक से जान बचाकर किसी तरह गया बिहार अन्य राज्यों शहरों हिंदी भाषी मजदूर जान बचा कर भाग रहे हैं। इससे पर करणी सेना संगठन के जिला प्रभारी श्री रजनीश सिंह पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहते हैं कि तमिलनाडु में हिंदी भाषा में दोस्तों के साथ जिस तरह से एक के बाद एक आत्मघाती हमले के साथ-साथ काम छीनने का आरोप लगाकर हत्या करना जो मानवता को ताक पर रख ऐसे मे अपराध है।

# तमिलनाडु में बिहारियों को पीटे जाने पर अभाविप द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**



भागलपुर बिहार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भागलपुर इकाई द्वारा तमिलनाडु में बिहारियों को पीटे जाने एवं हत्या किए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन का पुतला दहन किया गया ।कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के विरोध में जमकर नारेबाजी की एवं घटना को बिहारियों के लिए अपमानजनक बताया। विश्वविद्यालय संयोजक आशुतोष सिंह तोमर ने प्रश्न करते हुए कहा की माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव इस घटना पर ट्वीट करते हुए लिखते हैं की ये सब अफवाह है जबकि दूसरी और बिहार के मजदूर चीख चीखकर अपने ऊपर हुए अत्याचार की गवाही दे रहे हैं एवं सुरक्षा की मांग कर रहे हैं ।आश्चर्य है की उन्हें बिहारियों,मजदूरों पर विश्वास नहीं है और वो तमिलनाडु सरकार के पक्ष में खड़े हैं। वे जवाब दें की वो तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री हैं या बिहार के वहीं कुणाल पांडे एवं रोहित राज ने कहा की इससे पूर्व महाराष्ट्र में भी इस प्रकार की घटना घटी है और पुनः इसका दोहराव हो रहा है,बिहार वासी अपमानित महसूस कर रहे हैं पुतला दहन के दौरान नगर मंत्री कपिस शर्मा,पियूष,हर्ष,सौरभ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रखंड के मधुबनी मदरसा में एक दिवसीय वार्षिक इजलास का हुआ आयोजन

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड के मधुबनी पंचायत स्थित मदरसा जमीयत-उल-कासिम दारुल-उलूम-इल-इस्लामिया के प्रांगण में शुक्रवार को एक दिवसीय वार्षिक इख़्ततामि इजलास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी जफर इकबाल मदनी एवं संचालन एचएम मुफ़्ती अंसार कासमी ने की। कार्यक्रम में मदरसा में पढ़ाई कर रहे छात्रों को पूरी कुरआन हिफ़्ज करने और वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए छात्रों को पुरुस्कृत किया गया। जिसके बाद आलिमों द्वारा हाफिज ए कुरआन को अपने जिम्मेदारी का ज्ञान दिया। मौलाना अयुब नजामी ने हिब्ज पूरा करने वाले छात्रों के अभिभावक से कहा यह मकाम बहुत ही बुलंद हैं।इसे बरकरार रखना आप सबों की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों से कहा रमजान में पाबंदी से कुरआन करीम की पढ़ाई करें ओर इस की




रिपोट शिक्षको को जरूर दें। मौलाना जमील अहमद मोजाहिरी ने कहा आज इस बात की जरूरत है के नौजवानों को इल्म दिन से जोड़ें। मुफ्ती महफुजूर रहमान उस्मानी की खिजमात खुद गवाही दे रही है। मौलाना शम्स तबरेज कासमी ने कहा की स्व डॉ मुफ्ती महफूज-उर-रहमान उस्मानी के द्वारा सीमांचल के इस पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा के लिए मदरसा के साथ साथ विश्वविद्यालय निर्माण के लिए उन्होंने प्रयास किया है, जो काबिले तारीफ है। उन्होंने मदरसा के कमिटी से हजरत मुफ्ती के अधूरे सपने को पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जामिया के हर तरफ से उनकी कुरबानी झलक रही है। उनकी फिक्र यह थी कि यह इलाका जो पढ़ाई लिखाई व कारोबार के ऐतबार से पिछड़ा हुआ है। इससे इसको निकालें इस के लिए शिक्षा हर घर तक पहुंचे। शिक्षा वह पूंजी है जो तरक्की के तरफ ले जाती है। शाहनवाज बदर कासमी ने कहा पूरा इलाके की यह जिमेदारी है की अपनी इदारा को हर तरह से मजबूत करें। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर मौलाना हमीदुदीन मोजाहेरी, शाहजहां शाद, मजहर हसीन, मुजफ्फर हसीन, मुफ्ती नबी हसन मोजाहरी, मौलाना मो आमिर कासमी, कारी मो नोमान जमई, मौलाना शगीर अहमद मुफ्ताही, मौलाना हबीबउरर्हमान मोजाहरी, मुफ्ती जावेद मोजाहरी, अकील अनवर मोजाहेरी, मौलाना अकील अहमद कासमी, मुफ्ती अलीमुद्दीन, अल्हाज मौलाना अब्दुल मतीन रहमानी, मौलाना यूसुफ अनवर, मौलाना जियाउल्लाह जिया रहमानी, खलिकुल्लाह अंसारी आदि मौजूद थे।

# केडीसीए बी डिवीजन के सत्रहवें लीग मैच में ठाकुरगंज क्लब ने 5 विकेट से यंग स्टार क्लब को किया पराजित

**संसू, ठाकुरगंज (किशनगंज)।** शुक्रवार को किशनगंज जिला क्रिकेट संघ (केडीसीए) के तत्वाधान में नगर स्थित ठाकुरगंज क्लब मैदान में चल रहे बी डिवीजन लीग सत्र 2022-23 का सत्रहवां मैच ठाकुरगंज क्लब बनाम यंग स्टार क्लब किशनगंज के बीच मुकाबला हुआ जिसमें ठाकुरगंज क्लब ने 5 विकेट से यंग स्टार क्लब किशनगंज को पराजित कर लगातार तीन मैच में जीतते हुए कुल छः अंक हासिल कर ग्रुप दो में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। सर्वप्रथम यंग स्टार क्लब किशनगंज के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.2 ओवर में मात्र 103 रन ही बना कर ऑल आउट हो गई।



यंग स्टार क्लब किशनगंज की ओर से सर्वाधिक मो अहमद ने 34 रन, अमित कुमार 16 एवं नीरज कुमार ने 12 रनों की पारी खेली। वहीं ठाकुरगंज क्लब की ओर से बबलू कुमार साह ने 3, मनोज यादव एवं मोहसिन रेजा ने 2- 2 व विक्रम यादव व बंटी यादव ने 1-1 विकेट झटके। वहीं 104 रन के लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी ठाकुरगंज क्लब ने 15.1 ओवर में मात्र 5 विकेट खोकर 107 रन ठोक डाले और मुकाबले को 5 विकेट से जीत दर्ज कर ली। ठाकुरगंज क्लब की ओर से सर्वाधिक सलामी बल्लेबाज अयन चौधरी ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 52 रन, आशीष आचार्य 17 एवं विक्रम यादव ने नाबाद 11 31 रनों की पारी खेली। यंग स्टार क्लब किशनगंज की ओर से नीरज कुमार ने 3 एवं मो अहमद व सौरव मजूमदार ने 1- 1 विकेट झटके। वहीं ठाकुरगंज क्लब के सलामी बल्लेबाज अयन चौधरी के नाबाद 52 रनों की पारी खेलने पर उन्हें मैन ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया।

मैच में अंपायर बीरबल महतो एवं संजय सिंहा, कमेंटेटर की भूमिका में विमल सिंह व अंकित सिंहा तथा स्कोरर के रुप में प्रिंस साह ने अपनी भूमिका निभाई। वहीं केडीसीए बी डिविजन लीग सत्र के सत्रहवें मैच को सफल आयोजन करने में ठाकुरगंज क्लब के सचिव बीरबल महतो, उपाध्यक्ष बाबुल दे, संयुक्त सचिव अयन चौधरी, बिट्टू सिंह, विशाल राय, विक्रम यादव, आशीष आचार्य, मुन्ना शर्मा, गोल मंडल, शुभम सिल आदि सहित ठाकुरगंज क्लब के अन्य सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

# सोशल मीडिया की धड़कन शालू प्रिया गोल्ड मेडल से सम्मानित

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

शालू के कविता के केन्द्र में होता है सारण और बिहार की सांस्कृतिक विरासत होता है।बेदांता कंपनी में पदस्थापित हैं छपरा-सारण की युवा कवयित्री शालू प्रिया ने एक बार फिर अपनी मेधा के बल पर जिले का नाम रौशन किया है।शालू पटना विमेंस कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित कालेज में अबकी बार स्नातक स्तर पर 90 फीसद से उपर अंक पाकर गोल्ड मेडल हासिल किया है।कालेज अलुमिनाई समारोह में यह पुरस्कार उन्होंने आइएएस वंदना प्रेयसी के हाथों दिया गया शालू प्रिया का जन्म बनियापुर थाना के डाढ़ीबाढ़ी गांव में हुआ था।उनकी माता रेणू कुमारी शिक्षिका है तथा पिता शशिभूषण यादव ओरियंटल इंस्योरेंस कंपनी में बीमा सलाहकार के पद पर नियुक्त है।परिवार में एक छोटी बहन खुशी प्रिया है जो ग्यारहवीं की छात्रा है।शालू प्रिया छपरा के पोस्टल कालोनी में रहकर अपनी प्रारम्भिक



शिक्षा प्राप्त की है तथा वर्तमान में वह बोकारो की बेदांता स्टील कंपनी में क्वालिटी कंट्रोलर के पद पर कार्यरत हैं। शालू प्रिया ने अपना स्नातक पटना विमेंस कॉलेज से पुरा किया। वो पटना विमेंस कॉलेज में नब्बे प्रतिशत के साथ वहां की टॉपर भी रही है।उन्हें कविताएं लिखना अच्छा लगता है। उनकी एक सामाजिक कविता को फिल्मी स्टार दिया मिर्जा जी ने अपनी आवाज दी थी अभी वह बिहार के ऊपर कई भाषाओं में विडियो बनाकर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही है।फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्वीटर पर शालू के चाहने वालों की संख्या लाखों में है। वह चाहती है कि बिहार के प्रति लोगों का नकारात्मक नजरिया सकारात्मक रूप में बदलें ।उन्हें किताब पढ़ने का काफी शौक है। वह कविता के लिए काम कर रही है शालू ने बताया कि वो भविष्य में किताब के रूप में देखने को भी मिलेगी। वह अधिकतर सामाजिक मुद्दों पर कविताएं लिखती हैं। उनकी कविताओं में गरीबी और आम लोगों के दुःख सुख की बात होती है। शालू कहती हैं कि हमारे माता पिता ने हमारे विकास में सहयोग को लेकर कभी रोक टोक नहीं किया। उन्होंने सदैव समर्थन किया है। हम आज जो भी है उनके ही बदौलत है। मेरे माता पिता हमलोगों पर काफी गर्व महसूस करते हैं। बहुत लोगों से उनके काम की सराहना सुनने को मिलती है। शालू के फेसबुक पेज पर एक लाख से भी अधिक फॉलोअर्स हैं।

# त्रिपुरा सहित तीनों राज्यों में भाजपा एवं उसके गठबंधन की सफलता के लिए पीएम मोदी को बधाई - रामदयाल शर्मा

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

परस्पर विरोधी कांग्रेस और माकपा मिलकर भी भाजपा को नहीं रोक पाए - श्याम बिहारी अग्रवाल भाजपा सारण जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय म्युनिसिपल चौक पर नार्थ इस्ट में अपार जन समर्थन मिलने पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा लड्डू खिलाकर तथा अबीर गुलाल लगा कर विजयोत्सव मनाया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा ने जश्न मनाते हुए कहा कि उत्तर-पूर्व के तीनों राज्यों में सहयोगी दलों के साथ भाजपा का दोबारा सत्ता में लौटना 2024 के लोकसभा चुनाव का पहला ट्रेलर है।इस शानदार सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने त्रिपुरा को 35 साल के कम्युनिस्ट शासन से मुक्ति दिलायी और विकास कार्यों के बल पर दोबारा जनादेश प्राप्त किया।



महामंत्री शान्तनु कुमार तथा अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जिस नार्थ-ईस्ट के कई इलाके ईसाई-बहुल हैं और केंद्र की पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण उग्रवादग्रस्त थे, वहाँ मात्र आठ साल में भाजपा बड़ी राजनीतिक ताकत बन गई। श्याम बिहारी अग्रवाल ने कहा कि केरल में एक-दूसरे के विरुद्ध लड़ने वाली कांग्रेस और माकपा त्रिपुरा में मिल कर विधानसभा चुनाव लड़े। फिर भी विपक्ष भाजपा का रथ रोक नहीं पाया। नगालैंड, त्रिपुरा और मेघालय में कांग्रेस जीरो से पांच सीट तक सिमट गई।जश्न मनाने वालो में भाजपा जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हर नारायण सिंह, महामंत्री शांतनु कुमार, रामाशंकर मिश्र शांडिल्य, अनिल कुमार सिंह, भाजपा नेता श्याम बिहारी अग्रवाल, जिला मंत्री गायत्री देवी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष पप्पू चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनु सिंह, विधि प्रकोष्ठ संयोजक मनोज कुमार सिंह अधिवक्ता, क्रीड़ा प्रकोष्ठ सहसंयोजक अमरेंद्र सिंह, मंडल, वाणिज्य प्रकोष्ठ संयोजक हेम नारायण सिंह, अध्यक्ष हरेश्वर सिंह, नगर अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, डॉक्टर भरत मांझी, चरणदास, जितेन्द्र सिंह, अनुप यादव, अनिल यादव, अजीत सोनी, राहुल कुमार, शत्रुघ्न चौधरी, नेहा यादव, गीता देवी, छोटन कुमार, विकी श्रीवास्तव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# लायंस क्लब द्वारा विश्व श्रवण दिवस के दिन पुलिस लाइन में लगाया गया जांच शिविर

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/सिटी रिपोर्टर**

अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था लायंस क्लब की स्थानीय इकाई लायंस क्लब छपरा स्मार्ट सिटी द्वारा कान से ग्रसित रोगियों हेतु मुफ्त जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों की जांच की गई, छपरा शहर के पुलिस लाइन में वहां कार्यरत पुलिसकर्मियों हेतु यह विशेष कैम्प लायंस क्लब के सौजन्य से आयोजित हुई,




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सारण पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने किया एवं इस अवसर पर उन्होंने लायंस क्लब द्वारा इस पहल की सराहना करतें हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।कैम्प में चिकित्सक लायन शशिकांत परासर ने बताया कि कान की समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, अन्यथा भविष्य में यह भयावह बीमारी का रूप ले सकता है, इसलिए कान को लेकर सतर्कता बेहद आवश्यक है.कार्यक्रम का संचालन लायन आदित्य अग्रवाल ने किया और आंगतुक अतिथियों धन्यवाद ज्ञापन जोन चेयरपर्सन लायन सुजीत सिंह राठौड़ ने किया. कार्यक्रम में लायन डॉ आर बी श्रीवास्तव, लायन राजेन्द शर्मा, लायन मनोरंजन पाठक, लायन जय किशन सहित लायंस क्लब से जुड़े अन्य पदाधिकारी गण एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे.

# मशरक के चांद बरवा गांव में बिजली के शर्ट सर्किट से लगी आग

**दैनिक शुभ भास्कर मशरक(सारण) ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मशरक थाना क्षेत्र के चांद बड़वा दलित टोला गांव में ट्रांसफर में सॉर्ट सर्किट से आग लग गई जहा आग ने देखते देखते विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते आस पास के जंगलों में आग लग गई। ग्रामीण के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया नही तो आग ने दर्जनों घर पलानी को जलाकर राख कर देता, ग्रामीणों को काफी मशक्कत के बाद भी आग ने पोल और तार क्षतिग्रस्त कर दिया मशरक जेई से बार बार फोन करने के बाद भी फोन नही उठाया गया ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के तार जमीन से करीब 6फिट के उपर से गुजर रही है बार बार बिजली विभाग को लिखित शिकायत का आवेदन दिया गया मगर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं लोगों को अपना जान जोखिम मे डालकर लटके तार के निचे से गुजरने को मजबूर है ।आए दिन शर्ट सर्किट से आग लगती रहता है मगर बिजली विभाग कान मे तेल डालकर सोई हुई है ।

# आरोप: ठेकेदारों द्वारा नहर पर इट सोलिंग को बेचने तथा बाल श्रम का आरोप

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

छपरा के अमनौर प्रखंड के धोबाही बड़ी नहर से निकलने वाली नहर बांध पर पीच सड़क का निर्माण होना है। जिसका टेंडर भी हो चुका है। सड़क निर्माण कार्य शुरू हो चुकी है ।ठेकेदारों द्वारा नहर बान्ध पर पहले से की गई इट करण सोलिंग को जेसीवी के माध्यम से उखाड़ कर बेची जा रही थी। सूचना मिलते ही अमनौर हरनारायण पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह द्वारा इट को लेजाने से रोका। इनका आरोप है कि ठेकेदारों द्वारा नहर बांध पर पूर्व से की गई सोलिंग ईट को उखाड़ कर बेचा जा रहा था ।जबकि यह इट पंचायत की सम्पति है ।इनकी चिंता तब बढ़ गई जब देखा कि सड़क कार्य मे दर्जनों पढ़ने वाले नवालीक बच्चों काम कर रहे थे ।जिनकी उम्र दस से ग्यारज बजे वर्ष का था ।उखड़े इट को लोडिंग कर रहे थे ।बगल में जल संशाधन बिभाग के एसडीओ मुआयना करते दिखे पर मासूम बच्चों पर नजर पड़ने के बाद भी साहब नजर बदल लिया ।खबर सुनते ही जल संसाधन बिभाग के एसडीओ निर्मल कुमार मौके पर पहुँच मामले को संज्ञान लिया ।इन्होंने कहा कि उखारे गए ईट कही नही जा रहा है ।सब ईट खाली जगहों पर एकत्र किया जा रहा है ।बाल श्रम के सम्बंध में पूछने पर अधिकारी भागते चले।

# पूर्व विधायक बुद्धन प्रसाद यादव के निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक व्यक्त की

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

सारण जिले के मांझी विधानसभा के पूर्व विधायक बुद्धन प्रसाद यादव के निधन पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। और मुख्यमंत्री ने शोक संदेश में कहा की वर्ष 1985 में


मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसम्पर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-176

02/03/2023

मांझी के पूर्व विधायक बुद्धन प्रसाद यादव के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 02 मार्च 2023 :- मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सारण जिला के मांझी विधानसभा के पूर्व विधायक बुद्धन प्रसाद यादव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वर्ष 1985 में स्व0 बुद्धन प्रसाद यादव पहली बार बिहार विधानसभा का सदस्य निर्वाचित हुये थे। वे एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******

स्व बुद्धन प्रसाद यादव पहली बार बिहार विधानसभा का सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे एक कुशल राजनेता और एक समाजसेवी भी थे। उनके निधन से राजनीतिक एव सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एव प्रशंसकों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# एमएलसी ई सच्चिदानन्द राय ने किया शिक्षकों के बीच बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर दरियापुर/ नित्यानंद**

प्रखंड के बेला पंचायत सरकार भवन पर सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में होने वाली आगामी चुनाव को लेकर प्रखंड के शिक्षक के साथ एमएलसी ई सच्चिदानंद राय ने बैठक किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ छवि के निर्दलीय प्रत्यशी को वोट करें ताकि शिक्षकों को एक बेहतर नेतृत्व मिले। इस अवसर पर बेला मुखिया प्रतिनिधि छोटू ओक्षा अजय राम , नाथा छपरा मुखिया सरोज राय, सुमंत बाबा, दरियापुर मुखिया गणेश पंडित तथा अशोक राय सहित अन्य शामिल हुए।

# बीआरसी कार्यालय में लगा टीएमसी मेला



**दैनिक शुभ भास्कर दरियापुर/ नित्यानंद**

प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय में टीएमसी मेला लगाया गया जिसमें शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षक ने एक खिलौने से पढ़ाने के तरीके बताये जिससे बच्चों को रोचक ढंग से कैसे पढ़ाया जाये इस गुर से परिचित कराया गया कुछ शिक्षकों ने बताया कि बच्चों को इसी अंदाज में पढ़ाने से पढ़ने में मन भी लगेगा और बच्चे स्कूल नियमित भी आयेंगे वही बीईओ नीरज चौधरी ने बताया कि प्रथमिकी विद्यालय के सभो शिक्षकों को डायट लेक्चरर अंजू कुमारी के द्वारा जानकारी दी गई वही लेक्चरर अंजू ने बताया कि बच्चों को गिनती सीखा रही हूं और बच्चे समझ नही रहे है वैसी स्थिति में बच्चों को जितनी गिनती की अंक है उतना ही बस्तु दी जाये और बच्चे को समझा कर और खेल खेल में सीखना है न कि रट लेने की आदत डालनी चाहिए इस अवसर लेखपाल तारकेश्वर चौधरी,अंकित कुमार,शिक्षक असलम आलम सहित अन्य उपस्थित हुए

# नहीं रहे माँझी के गाँधी आज मांझी रामघाट पर हुआ अंतिम संस्कार

**दैनिक शुभ भास्कर माँझी/मनीष पाण्डेय मिन्टू/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

माँझी के दो बार विधायक रहे पुराने कांग्रेसी नेता बुद्धन प्रसाद यादव का गुरुवार को पटना इलाज के क्रम में 87 वर्ष के उम्र में निधन हो गया। गम्भीर रूप से बीमार होने की वजह से वे पिछले पांच दिनों से पटना एम्स में एडमिट थे। बुद्धन प्रसाद यादव के निधन के बाद उनके शव को पटना के सदाकत आश्रम में रखा गया। इधर उनके निधन की खबर पाकर दरवाजे पर शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ने लगी। परिजनों ने बताया कि उनका दाह संस्कार शुक्रवार को आज दस बजे माँझी श्मसान घाट पर किया गया।दोपहर उनके पार्थिव शरीर को विधानसभा लाया गया। यहां राजकीय सम्मान किया गया। उनके निधन पर शोक जताते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मांझी विधानसभा के पूर्व विधायक बुद्धन प्रसाद यादव जी का निधन दुःखद है। वह कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में



अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।स्व यादव वर्ष 1985 में माँझी से निर्दलीय तथा वर्ष 1995 में कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुने गए थे। इससे पहले वे वर्ष 1980 में छपरा लोकसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे हालाँकि उक्त चुनाव में वे पराजित हो गए थे। बावजूद इसके वे पांच वर्षों तक सारण जिला परिषद के उपाध्यक्ष रहे। 1980 के पूर्व वे माँझी के प्रखंड प्रमुख भी रह चुके थे। स्व यादव के पिता व स्वतन्त्रता सेनानी स्व हरदेव प्रसाद यादव पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के करीबी तथा आजीवन मुखिया रहे थे। स्व यादव के छोटे भाई सत्यनारायण प्रसाद यादव भी माँझी पूर्वी पंचायत के मुखिया रह चुके हैं ।उनके निधन पर सी.पी.एम. विधायक सत्येंद्र यादव,कांग्रेस नेता मनोज तिवारी, राणाप्रताप डब्लू, मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा, उप प्रमुख संजय यादव, विजय प्रताप चुन्नू, मुखिया राजेश पाण्डेय समेत कई अन्य लोगों ने अपनी संवेदना व्यक्त की।

# सारण स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु मतदान की तिथि निर्धारित

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

निवार्ची पदाधिकारी, 03–सारण स्नातक/ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र–सह–आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा, श्री गोपाल मीणा के द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेशानुसार 03–सारण स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया हेतु तिथि का निर्धारण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन हेतु अधिसूचना 06 मार्च 2023 को जारी कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपना नाम निर्देशन पत्र 13 मार्च 2023 तक दाखिल कर सकेंगे। नाम निर्देशन पत्र के संवीक्षा की तिथि 14 मार्च 2023 है। अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 16 मार्च 2023 को रखी गयी है। 03–सारण स्नातक/ शिक्षक निर्वाचन हेतु मतदान की तिथि 31 मार्च 2023 को निर्धारित की गयी है। मतदान 31 मार्च 2023 को पूर्वाहन 08 बजे से अपराह्न 04 बजे तक होगी। मतगणना 05 अप्रैल 2023 को होगी जबकि निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया दिनांक 11 अप्रैल 2023 को पूरी कर ली जाएगी। निवार्ची पदाधिकारी, 03–सारण स्नातक/ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र–सह–आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा के द्वारा सभी जिला पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन कर उन्हें निर्वाचन के कार्यक्रम, आदर्श आचार संहिता के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत करायेंगे जाये। 03 सारण स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए कोषांग का गठन करते हुए कार्य प्रारंभ करने तथा नियमित रूप से कोषांग की कार्यों की समीक्षा करने का निदेश सभी संबंधित जिला पदाधिकारी को दिया गया। बताया गया कि सारण शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन हेतु अलग–अलग मतदान दलों का गठन होना है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी का दायित्व कम से कम प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी द्वारा निर्वहन किया जायेगा। सभी मतदान केन्द्रों पर केन्द्रीय कर्मियों को माइको प्रेक्षक के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। निर्वाचन के पूर्व कर्मियों का प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार कर दक्ष मास्टर प्रशिक्षकों के नेतृत्व में कर्मियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराने के साथ–साथ अपने जिला में इसका अनुपालन भी सुनिश्चित करने के साथ ही समय पर निर्वाचन विभाग को आदर्श आचार संहिता का दैनिक प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मतपेटिका का ऑकलन करते हुए उसकी साफ–सफाई, मरम्मत आदि हेतु निदेशित किया गया। निवार्ची पदाधिकारी ने निदेश दिया कि सारण स्नातक निर्वाचन की मतगणना की सम्पूर्ण जवाबदेही जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण तथा उनकी टीम की होगी जबकि सारण शिक्षक निर्वाचन की मतगणना की सम्पूर्ण जवाबदेही जिला पदाधिकारी, सिवान तथा उनकी टीम की होगी। उन्हें निदेशित किया गया कि अभी से मतगणना हेतु सुक्ष्मतापूर्वक तैयारी सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी, सारण को मतगणना स्थल की तैयारी, विधि व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्था अपनी निगरानी में कराना सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। सभी जिला पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि जन शिकायत कोषांग का गठन कर लें तथा निर्वाचन संबंधी किसी भी शिकायत का विधिवत रूप से ससमय निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। निवार्ची पदाधिकारी ने त्रुटिरहित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने की कटिबद्धता व्यक्त की गयी।

## मेला लगा कर किया माडलों का प्रदर्शन शिक्षण सामग्री का निरीक्षण करते प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर कुंदन मिश्रा सुगौली,पू०च०।**

सुगौली बी.आर.सी में टी.एल.एम मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया।मेला प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रामविजय यादव की अध्यक्षता में लगाई गई।टी.एल.एम मेला का आयोजन प्रखण्ड स्थित बी.आर.सी में किया गया।श्री यादव ने कहा कि यह मेला बच्चों के विकास के लिए है।नये-नये खोज के द्वारा जीवन में आगे बढ़ेंगे का मौका मिलेगा।इसी के लिए यह मेला लगाया गया है।बच्चों को पढ़ने में रुचि जागे नई-नई बाते इस माध्यम से सिख जाएं।वही जिला द्वारा दिए.गए आदेश के आलोक में चुने गए को पुरुस्कृत किया जाएंगा।प्रखण्ड स्तरीय इस मेले में आने वाले सभी जन शिक्षा केंद्रों की प्राथमिक माध्यमिक शालाओं के चयनित शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा स्वयं के निर्मित टीचिंग लर्निंग मैटेरियल तैयार कर मेले में प्रस्तुत किए गए।जिससे विद्यालय के बच्चों का शिक्षण कार्य सरलता एवं सुगमता से



किया जाए।स्टाल पर लगी शिक्षण अधिगम सामग्री एन.पी.एस कौरैया, यू.एल.सुगाव, जी. पी. एस. कन्या विद्यालय सुगाव, यू. एम. एस. विद्यालय बगरा, एन.पी.एस मीरटोली सुगौली,यू एम.एस. उर्दू लाइन सुगौली, जी. पी. एस ननकार सुगौली, यू. एस. माली, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोली सुगाव, जी.पी.एस भवानीपुर, नवश्रीजीत प्राथमिक विद्यालय भेडियारी, यु.एम.एस बहरुपिया, प्राथमिक विद्यालय सुगौली बाजार,पांडे टोला कन्या विद्यालय बगरा,जी.पी.एस. कुरुमटोला, एम. पी. एस बढई टोला सुगाव नॉर्थ, जीपीएस कनिहार विद्यालय, एन. पी. एस बढ़ई टोला दक्षिण सुगाव, राजकीय मध्य विद्यालय उर्दू, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय सुगौली, तपेश्वरी विद्या मंदिर एवं जी. पी. एस सपहां के द्वारा टी. एल. एम मेला मे भाग लिएं है। अतिथियों ने निरीक्षण कर शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की मेहनत को सराहा।प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रामविजय यादव ने बताया कि टी.एल.एम के माध्यम से सरल सुगम और रोचक गतिविधियों से कठिन अवधारणाओं को हल करने के तरीके मिलती है।शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इन मेलों का आयोजन किया जा रहा है।विभिन्ना विषयों के कई अधिगम सामग्रियों का प्रदर्शन कर शिक्षक और विद्यार्थियों ने मेले में आए सभी का मन मोह लिया है।मेला मे प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षक रवि कुमार,राजीव कुमार शर्मा, मोहम्मद हारून रशीद अंसारी,शदेश्वरी प्रसाद, दीपक कुमार पाठक,अनिल कुमार,अनिता कुमारी,प्रदीप कुमार,प्रभुनाथ प्रसाद, कुमारी आशा,सीमा झां, अपूर्वा कुमारी,विजेता गौरव, प्रियंका कुमारी,निखत अंजुम, पूजा कुमारी, नफीसा परवीन मौजूद थे।

## वन पोषक मजदुरो को महीने की नही मिल पाती है वेतन

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर कुंदन मिश्रा सुगौली,पू०च०।**

प्रखंड सहित बिहार के विभिन्न क्षेत्रो में चल रहे वनपोषक मजूरो के साथ हो रही ज्यादती पर ना तो कोई जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया और ना ही वरीय अधिकारी ने ध्यान दिया,और ना ही सरकार ने।केंद्र सरकार आखिर इन मजदूरों के साथ शौतेला व्यवहार आखिर क्यों कर रही हैं।सरकार की माने तो इनकी एक दिन की मजदूरी 210 रु है।इसके अनुसार अगर देखा जाए तो महीने का इन मजदूरों को 6300 सौ रुपया मिलना चाहिए लेकिन इन मजदुरो को सिर्फ आठ दिनो का ही मजदुरी 1680 रुपया ही दिया जाता है।उनका किया मेहनताना भी सरकार द्वारा मार ली जाती है।अकसर सरकार गरीबों की रोजगार देने कि बात कहती है,लेकिन सही मेहनत किए हुए मजदुरी नही दे पाती है।मिल रहे कम पैसे से आखिर वह अपना घर परिवार कैसे चला पाएंगे।मां बन कर पौधे के



हरेक चीजो का ख्याल रखकर वह महीने भर सेवा करती है।लेकिन हांथ खाली-खाली ही रह जाता है।पौधे की वह हर जरूरत चीजों का पुरा ख्याल मुस्तैदी रखना पडता है।फिर भी सरकार इन मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार आखिर क्यों कर रही हैं।यह सिलसिला तकरीबन 2005 वर्ष पंचायत सचिव के अंतर्गत आता था।फिर बिहार सरकार ने 2007 से एक अलग कर्मी बहाल कर इस योजना को चलाना शुरू किया।इसके बाद कमियों के द्वारा इसकी पुरी जिम्मेवारी शौप दी गई।जो आज तक चलता आ रहा है।वही दुसरी तरफ काम कर रहे पंचायत रोजगार सेवकों को 14000 हजार वेतन से नाखुश नजर आ रहे है।वही रोजगार सेवकों के द्वारा बिहार सरकार से अपनी वेतन को बढाने के लिए लगातार सरकार से मांग कर रहे हैं।लेकिन इनलोगो का भी आवाज बिहार सरकार के कानों में अब तक नही सुनाई दी है।सभी लोग सरकार के द्वारा वेतन बढ़ाए जाने की आशा लगाए बैठे हैं।मजदूरों की बात माने तो बिहार सरकार और केंद्र सरकार का वादा और दावा दोनों फेल नजर आते दिख रहे हैं।

## विधिज्ञ संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की दिलाई गई शपथ

**रीना कुमारी /दैनिक सुभ भास्कर, निर्मली,सुपौल**



जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत विधिज्ञ संघ निर्मली के नव निर्वाचित अध्यक्ष सत्य नारायण मंडल को संघ के पूर्व वरीय उपाध्यक्ष नरेंद्र महासेठ ने शुक्रवार को संघ भवन में पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई । शपथ ग्रहण पश्च्यात अपने अध्यक्षीय संबोधन में अधिवक्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ताओ के हितार्थ- विधि सम्मत कार्य करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी । सभी अधिवक्ताओं को व्यवस्थित तरीके से संघ भवन परिसर में मुव्वकिलो के कार्यो को करने के लिए बैठने की जगह उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा ।। इसके लिए संघ भवन परिसर में अगले वित्तीय वर्ष में नए भवन का निर्माण कार्य कराया जाएगा । आगामी होली पर्व को देखते हुए अधिवक्ताओ के बीच सहयोग राशि वितरण करने की व्यवस्था की जाएगी । अब तक अनुमंडल न्यायलय दूर दराज से आये लोगो को शौचालय एवम मूत्रालय की व्यवस्था नहीं होने पर दुःख प्रकट करते हुए कहा कि यह हमलोगो के लिए शर्म की बात है । जल्द ही लोगो की इस जनहित समस्या को दूर कराया जाएगा । विधिज्ञ संघ भवन परिसर में शौचालय एवम मूत्रालय बनाया जाएगा । मौके पर संघ के उपाध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद , पूर्व अध्यक्ष सूर्य नारायण कामत , रौशन कुमार गुप्ता , अमोद कुमार सिंह , रामप्रवेश मंडल , भोला प्रसाद यादव , रामबिलास राय , अर्जुन कुमार मंडल , प्रदीप कुमार भारती आदि उपस्थित थे।

## पुलिस द्वारा शराब पियक्कड़ को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**

जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के फुलवरिया से एक शराब पियक्कड़ को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष महबूब आलम ने बताया कि गुप्त सूचना मिला कि गुरुवार की देर शाम अंदौली पंचायत के वार्ड 16 निवासी संजय मुखिया अपने घर के समीप शराब पीकर हो हंगामा कर रहा है। जहां गुप्त सूचना मिलने पर उसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जिसे ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करने के बाद शराब पीने की पुष्टि की गई। उसके बाद शराब पियक्कड़ को जेल भेज दिया गया है।

## एस एस बी सीमा चौकी सतना और बिहार पुलिस बीरपुर के संयुक्त नाका दल ने नेपाली शराब व मोटर्सइकिल के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**जुबेर अंसारी/दैनिक सुभ भास्कर, बिरपूर, सुपौल-** जिले में बिरपूर अनुमंडल के रात्रि पहर में एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी सतना और बिहार पुलिस बीरपुर के संयुक्त नाका दल ने नाका के दौरान एक शराब तस्कर को नेपाली शराब के साथ किया गिरफ्तार गया । जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री आलोक कुमार , द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि सीमा स्तंभ संख्या 202/02 के क्षेत्र से नेपाल से भारत प्रभाग की तरफ नेपाली शराब की तस्करी होने वाली हैं , जिसे रोकने के लिए एस एस बी सीमा चौकी सतना और बिहार पुलिस बीरपुर का संयुक्त नाका दल का गठन किया गया एस एस बी सीमा चौकी सतना के



सह उप निरीक्षक रमेश कुमार के नेतृत्व में अन्य 04 का नाका दल साथ ही बिहार पुलिस बीरपुर के 03 कार्मिकों का नाका दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुए एवं निर्धारित क्षेत्र में तैनात होकर सतर्कता के साथ ड्युटी करने लगे । कुछ समय उपरांत नाका दल द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति मोटर्सइकिल पर बोरी में सामान लेकर नेपाल से भारतीय प्रभाग की तरफ आ रहा है । उक्त व्यक्ति के भारतीय प्रभाग में आने पर संदेह के आधार पर नाका दल द्वारा उसको रोककर पूछ-ताछ किया गया एवं मोटर्सइकिल पर बोरी की तलाशी ली गई तलाशी के दौरान बोरी में नेपाली शराब पायी गयी जिसे वह अवैध तरीके से नेपाल से भारत की ओर तस्करी कर के ला रहा था । नाका दल द्वारा कुल शराब की गिनती की गयी जिसमें नेपाली शराब उमंगा झ 30 बोतल, एसी ब्लैक 06 बोतल, ब्लैक ओक 06 बोतल बोतल पायी गयी । संयुक्त नाका दल द्वारा शराब, को जब्त किया गया । तस्कर की पहचान 01. सुनील कुमार मेहता, उम्र -20 बर्ष , पुत्र – भगवत मेहता, गाँव झ कोशी गाँव पालिका श्रीपुर, वॉर्ड नंबर 04,थाना झ भांटाबारी, जिला- सुनसरी, नेपाल, के रूप में किया गया पकड़े गए एक व्यक्ति, मोटर्सइकिल एवं नेपाली शराब को बिहार पुलिस बीरपुर, सुपौल ( बिहार ) के सुपुर्द किया गया

## मुजफ्फरपुर में निगरानी विभाग की कारवाई: सीओ रिश्वत लेते गिरफ्तार



**रविशंकर मिश्रा-** मुजफ्फरपुर में आज निगरानी विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है। निगरानी की टीम ने मोतीपुर अंचलाधिकारी अरविंद कुमार अजीत को रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा है। टीम ने अंचलाधिकारी को उनके चेंबर में ही रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पीड़ित से पेंशन के लिए एनओसी व पेंशन फॉर्म पर साइन करने के एवज में अंचलाधिकारी अरविंद कुमार अजित ने ₹9000 की मांग की थी। निगरानी विभाग द्वारा उक्त शिकायत के आलोक में जांच की गई और आरोप सही पाए गए जिसके बाद टीम ने जाल बिछाया और ₹9000 की घूस लेते हुए सीओ को उनके कक्ष में ही रंगे हाथों धर दबोचा. उक्त जानकारी निगरानी थानाध्यक्ष बिनोद पांडेय ने दी

## करजाईन बाजार में उपेंद्र कुशवाहा का लोगों ने किया जोरदार स्वागत



**संवाददाता/दैनिक सुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल**

जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को करजाईन बाजार में लोगों ने उपेंद्र कुशवाहा का जोरदार स्वागत किया। क्षेत्र लोगों व कार्यकताओं ने फूल व माला पहना कर उपेंद्र कुशवाहा का शानदार तरीके से स्वागत किया। जिनका कार्यक्रम सभा बसंतपुर प्रखंड के समदा में हुई। सभा कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में जगह- जगह अपने समर्थकों व आम जनो से मिलते सभा स्थल तक पहुंचे। लोगों ने आगमन के दौरान राहों में पुष्प अर्पित कर व माला पहने को लेकर लोगों की काफी लंबी लाईन लगी रही। वहीं कुशवाहा के आगमन को लेकर मोटरसाइकिल व कारों की काफी लंबी कतार देखने को मिले। कार्य कताओं ने जगह - जगह पर तोड़न द्वार भी बनवाए गए। मौके पर समाजसेवी जनार्दन प्रसाद मेहता, देवेंद्र प्रसाद शारदा, ज्योतिष कुमार मेहता, सुजीत कुमार उर्फ छोटू, प्रदीप कुमार मेहता, पुस्कर मेहता, चंदर पासवान, सुरज मेहता, समाजसेवी दिनेश मेहता, बिनोद कुमार सहित सैकड़ों लोगों मौजूद थे।

## दुबारा नही बनने देंगे जंगलराज, नही था सत्ता का लोभ इसलिए निकलकर बना ली नई पार्टी, बिहार को गिरवी नही होने देंगे इसलिए की विरासत बचाओ नमन यात्रा पर निकल पड़े - उपेंद्र कुसवाहा

**अभिषेक आनन्द/दैनिक सुभ भास्कर,वीरपुर ,सुपौल।** जिले के बिरपूर अनुमंडल में पिछले आठ दस दिनों में बिहार की राजनीति में जो कुछ हुआ ये किसी से छुपा हुआ नही हैं। समता मुलक समाज का निर्माण इसलिए किया गया था कि बिहार को पिछले 15 साल के जंगलराज से मुक्ति मिल सके। पहले शुरूआती दिनों में सब कुछ तो ठीक ठाक रहा लेकिन इन दिनों नीतीश कुमार फिर उसी जंगल राज की ओर चल पड़े और उसी जंगल राज के कर्ताधर्ता को सत्ता की चाभी सौंपने चले। इसलिए अब यह सबकुछ असहज लगने लगा जिससे बाहर निकल कर नई पार्टी बना ली। उक्त बातें अपने विरासत बचाओ, नमन यात्रा के तहत राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुसवाहा ने भगवानपुर पंचायत सरकार भवन परिसर में लोगो और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा। आगे उन्होंने कहा कि लोग सत्ता में इसलिए आते हैं कि सड़क से ठंडे गाड़ी और ठंडे घरों में रह सके। लेकिन मुझे सत्ता का कोई लोभ नही



है। सामान्य तौर पर जो लोग राजनीति करते हैं किसी तरह से एमएलए, एमपी, एमएलसी बन जाते हैं। इसी के लिए अधिकांश लोग राजनीति करते हैं। मेरे ऊपर लोगो को जो आरोप लगाना है लगाएं लेकिन और लोगो के लिए उपेंद्र कुसवाहा केवल संघर्ष इसलिए नही करता है कि सत्ता में लोग जाएं। हम सत्ता में जाने के लिए संघर्ष नही करते हैं की सत्ता में विराजमान हो। हम सत्ता में संघर्ष के लिए जाते हैं। सत्ता में जब लोगो को न्याय नही मिलता है तो उपेंद्र कुसवाहा सत्ता से सड़क की ओर जाता है। हमारी विरासत बचाओ नमन यात्रा के पहले चरण की शुरूआत गांधी जी की धरती चंपारण से शुरू हुई है। जो मुझफ्फरपुर, दरभंगा के बेनीपट्टी, मधुबनी और अभी सुपौल के बाद अररिया के रेणुग्राम में जाएंगे। लोगो का काफी समर्थन भी मिल रहा है।

जब यात्रा पर निकले थे तो उम्मीद नही थी कि इतने लोगो का समर्थन प्राप्त होगा लेकिन यहां लोगो का काफी प्यार मिला है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों के विरोध कर नीतीश कुमार सत्ता के शिखर पर पहुंचे वो उसी को बिहार की विरासत सौंपने जा रहे हैं। लेकिन हम बिहार को फिर से उसी हाथों में नहीं जाने देंगे। 2005 से पहले बिहार की जो स्थिति थी वो किसी से छुपी नहीं हैं। फिर उसी परिवार को बिहार को किसी भी सूरत में सौंपने नहीं देंगे। बिहार की इसी विरासत को बचाने के लिए निकले हैं। जगह-जगह महापुरुषों की जन्मस्थली पर पहुंचकर उसे चरण स्पर्श करते हुए आमलोगों से सहयोग मांग रहे हैं। बिहार की विरासत को बचाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

इस मौके पर अंगद कुशवाहा, रेखा गुप्ता, माधव आनंद, जितेन्द्रनाथ, सुभाष सिंह कुशवाहा, धर्मपाल कुमार, पप्पू कुशवाहा, अशोक कुमार मेहता, प्रशांत कुमार, रामलखन भारती, अर्जुन प्रसाद मेहता, गौतम कुमार, प्रदीप कुमार मेहता, प्रमीला मेहता, रंजीत कुमार मेहता, उमेश मेहता, अरुण मेहता, रामबिलास मेहता, रामकिशोर मेहता, जवाहर ऋषिदेव, अभिनव कुमार, मो०इजहार, नारायण मेहता, रंजीत मेहता, रामचंद्र मेहता, प्रदीप प्रभाकर, सीतराम मेहता, लक्ष्मी मेहता, गंगा प्रसाद मेहता, अशोक मेहता आदि उपस्थित थे।

## रंगों का अद्भुत पर्व है होली, 7 एवं 8 मार्च को मनेगी होली आचार्य धर्मेंद्र नाथ मिश्र

**एक संवाददाता/दैनिक सुभ भास्कर,राघोपुर, सुपौल**



जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार के पंडित आचार्य धर्मेन्द्र नाथ मिस्त्र का कहना है कि होली रंगों का त्योहार है ।जिस प्रकार प्रकृति रंगों से भरी हुई है उसी प्रकार हमारी भावनाएं भी विभिन्न रंगों से जुड़ी हुई है ।होली महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए मैथिल पंडित आचार्य धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि इस वर्ष होली का दहन दिनांक, 7/3/ 2023 दिन मंगलवार को प्रदोष काल में संध्या 7बजकर 24मिनट रात्रि तक करना चाहिए। इसी दिन कुलदेवताओ को सिंदुरादि अर्पण करें। पर्व के शुभ अवसर पर देवताओं को कुलदेवी - कुलदेवता ओं को सिंदूर आदि अर्पण होता है। तथा पूर्णिमा तिथि में होली मनाने का शास्त्रोक्त विधान है। यह पर्व फाल्गुनी पूर्णिमा को मनाने का विधान है। इस दिन कुलदेवता को भक्ति भाव से सिंदूर अर्पण के साथ-साथ श्री चैतन्य जयंती भी मनाया जाता है। होलिका दहन में भद्रा का त्याग करनी चाहिए। होलिका दहन के समय ओम होलिकायै नमः मंत्र के साथ विधिवत पूजन का विधान है । ओम होलिकायै नमः मंत्र से पंचोपचार विधि से पूजन कर प्रातकाल होली का भस्म धारण करना चाहिए तथा होलिका दहन समय अग्नि की तीन बार परिक्रमा करनी चाहिए। होली पर्व के बारे में पुराणों में कथा है कि, राजा हिरण्यकश्यपु चाहता था कि, उनका पुत्र प्रह्लाद भगवान नारायण की पूजा उपासना छोड़कर उनकी पूजा करें। अपनी भाई की आज्ञा मानकर बहन होलिका ने ऐसा ही किया कारण प्रहलाद के बहन होलिका को वरदान प्राप्त था जो, उसको अग्नि में प्रवेश करने पर उसके शरीर में किसी भी प्रकार की हानि नहीं हो सकता था। परिणाम यह हुआ कि भगवान का भक्त प्रहलाद पर तो इसका कोई भी असर नहीं हुआ किंतु, होलीका अग्नि में भस्म हो गई। उसी दिन से लेकर आज तक होली का दहन खुशी में रंग अबीर गुलाल लगाकर सभी अति उमंग के साथ होली मनाते हैं। वैसे तो विश्वविद्यालय पञ्चांग में होली दिनांक 8 तारिक को वर्णित किए हैं जबकी यह होली का पर्व सदा से फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को मनाया जाता है। जो पूर्णिमा दिनांक 7तारिक दिन मंगल वार को संध्या 5बजकर 52 मिनट तक है। मिथिला में होली फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष के पूर्णिमा तिथि में ही सदा से मनाया जाता है और सदा से दूसरे दिन बाजार वाले लोग सभी मिलकर होली मनाते है । अतः यह सदा से ही हो रहा है। इसीलिए दो दिन होली पर्व हो जाता है। इसलिए निस्संदेह बिना संदेह किए हुए 7 तारीख को फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को ही होगा।

## भाजपा द्वारा कोर कमेटी एवं पदाधिकारी की हुई अहम बैठक

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**

जिले में भारतीय जनता पार्टी जिला सुपौल के कोर कमेटी एवं पदाधिकारियों की बैठक भाजपा कार्यालय सुपौल में भाजपा जिला अध्यक्ष रामकुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख के सहयोग से बिहार में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव जीतेंगे, और देश में मोदी जी के नेतृत्व में 2024 में भी प्रचंड बहुमत की सरकार जनता मालिकों के वोट से बनेगी।

कहा कि मोदी जी सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास एवं सबके प्रयास के तर्ज पर मजबूत सरकार चला रही है,जो आपके बदौलत हैं सरकार आपकी है सबकी भागीदारी से आज मोदी जी का नाम देश और दुनिया में चल रहा है।यह देशवासियों के लिए गर्व की बात






है।वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष रामकुमार राय ने कहा कि सुपौल लोकसभा में भी कमल खिलेगा। भाजपा के कार्यकर्ता समाज में ईमानदारी से काम करते हैं।जनता मोदी जी के कामों से संतुष्ट हैं, केंद्र सरकार की एक-एक योजना का लाभ आम लोगों को मिल रहा है।वहीं जिला अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री से सुपौल जिले में दिव्यांगों के लिए कृतिम उपकरण लगाने के लिए कैंप लगवाने का मांग एवंआग्रह किया।वहीं लोकसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत एक सौ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र नारायण ठाकुर,डॉ विजय शंकर चौधरी, मधेपुरा जिला प्रभारी श्रवण चौधरी, जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह, सुरेश यादव, विधानसभा प्रभारी अशोक सम्राट,नलिन जायसवाल सुमन चंद्र, सत्यना०शर्मा, विधानसभा संयोजक प्रदीप सिंह, सीमा कुशवाहा, भोला सिंह,केशव गुड्डु, जिला उपाध्यक्ष सरोज झा, सुशील मोदी,गौरव गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्षअर्चना मेहता, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश झा, रजनीश सिंह,नरेंद्र ऋषिदेव, मनोज पाठक, सुमन झा, रणधीर ठाकुर,विमलेंदु ठाकुर, नगर अध्यक्ष महेश देव, महामाया चौधरी,रामदेव पंडित, भूषण दिवाकर, सिकंदर साह,दिलीप सिंह,मनोज मेहता, उमेश गुप्ता, मुकेश मेहता, अनुराग जयसवाल, राधेश्याम मेहता, संजीव झा सहित कई मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# घरेलू गैस की बढ़ती कीमतों ने गांवों में महिलाओं को फिर से चूल्हे की ओर ढकेला

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर कुंदन मिश्रा सुगौली,पू०च०।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरूआत यह कहकर की थी,कि इसका मकसद महिलाओं को जहरीले धुएं से बचाना है,लेकिन चूल्हा छोड़ने वाली एक बड़ी आबादी फिर उधर लौट रही है।गरीब जनता जो तीन सौ-दो सौ रुपये पूरे दिन में मजदूरी कर कमाते हैं।अब उन परिवारों का कहना है कि,पाँच-छह सौ रुपए में तो किसी तरह गैस भरवा लेते थे,अब तो एक सिलेंडर लगभग 1300 रुपए में मिल रहा है।इतने में भराने की हिम्मत नहीं है।अब गरीब परिवार की महिलाएं कहती है कि रोज-रोज महंगी होती गैस के कारण भराना ही छोड़ दिया।अब लकड़ी,गोबर के कंडे पर ही खाना पकाते हैं।पहले भी तो हम ऐसे ही खाना बनाते थे।"केंद्र सरकार की रिकॉर्ड बुक के हिसाब से 2016 में लॉन्च हुई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ पाने वाली 8 करोड़ भारतीयों हैं।इस योजना के लिए सरकार ने शुरू में 8,000 करोड़ रुपए आवंटित किए थे।इसके बाद सरकार ने एक बार फिर 2018-19 में 3,200 करोड़ रुपए, 2019-20 में 3,724 करोड़ और 2020-21 में 1,118 करोड़ रुपए आवंटित किये।सरकार का यह भी दावा है कि इस योजना की मदद से देश की कुल 95 फीसदी आबादी को एलपीजी गैस कनेक्शन मिल पाया है।अगर केंद्र सरकार के इस रिकॉर्ड को हम मानते है तो चलिए अच्छी बात है।लेकिन आपको बताते चले कि कोरोना की वजह से पहले से ही गरीबों का काम बहुत ज्यादा प्रभावित हुआ है। कमाई न के बराबर है।अब तो गरीब परिवार का हाल यह है कि करीब साल भर से सिलिंडर रिफिल नहीं करवाया है।पूछने पर बताते हैं की सर हर महीने तो गैस का दाम बढ़ता जा रहा है।अब तो कीमत इतनी हो गई है कि गैस भरवाना मुश्किल हो गया है।"2018 में जब कनेक्शन मिला था तब तो 500-600 के सिलेंडर पर 200-300 रुपए की सब्सिडी भी मिलती थी,लेकिन अब तो वह भी बंद है।पिछले कई महीनों से कोई सब्सिडी खाते में नहीं आई।कई बार एजेंसी पर पूछा तो उन्होंने कहा कि पैसे तो भेजे जा चुके हैं।एक मई 2016 को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना की शुरूआत की थी,तब उन्होंने कहा था कि इस योजना का मकसद गरीब महिलाओं को जहरीले धुएं से मुक्ति दिलाना है।उन्होंने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि किसी आम चूल्हे पर खाना पकाने की अपेक्षा मिटटी के चूल्हे पर खाना पकाने वाली महिलाओं को फेफड़े की समस्या ज्यादा होती है। चूल्हों से निकलने वाला धुआं सीधे महिलाओं के संपर्क में रहता है, इसलिए खांसी होने का खतरा ज्यादा होता है,और ध्यान न दिया जाए तो यह टीबी जैसी खतरनाक बीमारी की शक्ल भी ले सकता ह।"भारत के ग्रामीण इलाकों में आज फिर से महिलाएं चूल्हे पर खाना पका रही हैं।जिसमें वे लकड़ी और कंडे का प्रयोग करती हैं।इससे निकलने वाला धुआं सीओपीडी(क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज)की सबसे बड़ी वजह है।यह धुआं सिगरेट से निकलने वाले धुएं के बराबर ही हानिकारक होता है।अब फिर से लोग गोबर के उपले पर निर्भर है।यह योजना की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।दूसरी ओर मवेशियों के गोबर को अगर खेती के काम में लाया जाय तो खेतों में उपज अच्छी होगी।मिट्टी की उपज शक्ति भी मजबूत होगी और मिट्टी की परत बढ़ेगी।अब गरीब परिवार वालों की माने तो यह केंद्र सरकार की योजना टॉय टॉय फीस होती जा रही हैं।

# ध्वज के साथ निकाली गई श्री श्याम खाटू महाराज की शोभायात्रा

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर सुरेंद्र यादव चकिया:-पू०च०।**



श्री श्याम खाटू जी महाराज का निशान ध्वज लेकर शुक्रवार को आचार्य ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व मे भक्तिभाव से ओतप्रोत महिला पुरूष श्रद्धालुओं द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई।खासकर मारवाड़ी समाज की महिला व पुरूष तथा युवक श्रद्धालु शहर के मारवाड़ी धर्मशाला परिसर में एकत्र हुए। वहां से गाजे बाजे तथा घोड़े आदि व रथ पर निशान के साथ शहर के मुख्य मुख्य मार्गों का भ्रमण किया।इस दौरान गगनभेदी जयकारा से पुरा शहर खाटू मय हो गया था। पूनः शोभायात्रा मारवाड़ी धर्मशाला पहुंच समाप्त हुई।इस दौरान शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि यह निशान ध्वज मारवाड़ी धर्मशाला परिसर में श्री श्याम बाबा के मंदिर का निर्माण किया जाएगा।इसके लिए भूमि पूजन किया गया,जहां सभी श्याम भक्त अपने निशान श्याम बाबा को सौंपने के बाद वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा अर्चना कर श्रद्धालु अपने-अपने घर को लौट गए।आगे बताया हिंदु धर्म मे श्री श्याम खाटू जी महाराज आस्था के प्रतिक हैं।जो श्रध्दालु भक्तिभाव से निशान ध्वज उनके दरबार में चढ़ाता है उनकी सारी मन्नतें पूरी होती है।इस लिए बढ़ चढ़ श्रद्धालु श्री श्याम खाटू जी महाराज के पूजा अर्चना में भाग लेते हैं। शोभा यात्रा में ममता मोदी,रंजू मोदी,ऋतु शर्मा,रेखा केडिया, स्वाति सुल्तानिया, निधि सिंघानिया,खुशबू शर्मा, अनिता शर्मा,अंजू केडिया,सपना शर्मा,सोनी शर्मा,सिमा केडिया,दीपक शर्मा,पंकज शर्मा,दीपक बंका,संदीप सुल्तानिया,संजय मोदी,प्रभु गुप्ता, गौरीशंकर प्रसाद, अभिषेख कुमार,मिठू सेकसरिया,निशांत सुल्तानिया,दीपक सुल्तानिया,श्यामा सुल्तानिया,अतुल चौधरी, मिठू सेक्सरिया,आशीष सुलतानिया,बबलू सेक्सरिया,आशीष सुल्तानिया,सहित अन्य शामिल थे।

# ऐसा चढ़ा साई तेरी प्रीत का रंग,की डूब गए तेरे भक्ति के रंग में

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**



शहर के मिस्कॉट स्थित साँई मंदिर में श्री साईं बाबा ट्रस्ट के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया।बाबा के प्रिय फूल गेंदा एवं गुलाब से मंदिर परिसर को सजाया गया।मंदिर के पुजारी गोपाल नाथ पाठक एवं लक्ष्मण प्रसाद द्वारा विधिवत पूजा किया गया।सुबह से ही साईं भक्त बाबा का दर्शन एवं पूजन कर रहे थे। संध्या में मंदिर परिसर में भव्य जागरण का आयोजन किया गया।जिसमे सैकड़ों की संख्या में साईं भक्तों की उपस्थिति में भव्य आरती गाना बजाना के साथ होली मिलन समारोह एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया।इस आयोजन के प्रसाद दाता एवं ट्रस्ट के वरीय को श्री साईं बाबा ट्रस्ट के ट्रस्टी द्वारा सम्मानित किया गया। मंदिर परिसर में गेंदा एवं गुलाब के पंखुड़ियों से फूलों की होली खेली गई।जिसमें साईं भक्त बाबा का जयकारा लगाकर झूमते नजर आ रहे थे।फूलों से होली के उपरांत भक्तो द्वारा बाबा के चरण में कतारबद्ध होकर गुलाल अर्पित किया गया।सभी भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# जिला शांति समिति की बैठक आयोजित

**शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्ट शशांक मणि त्रिपाठीमोतिहारी,पू०च०।**



जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ,मोतिहारी की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी होली एवं शब ए बरात पर्व के मद्देनजर जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । वही समीक्षा के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व में घटित संप्रदायिक घटनाओं को गंभीरता से लें , विधि व्यवस्था दुरुस्त करें, नियंत्रण कक्ष हर हाल में क्रियाशील रखें, प्रखंड स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की जाए। वोलेंटियर्स को एक्टिव रखें, अनुमंडल स्तर पर क्यूआरटी का गठन सुनिश्चित किया जाए , निरोधात्मक कार्रवाई कैम्प मूड में सुनिश्चित किया जाए।अग्निशामक दस्ते को एक्टिव रखा जाए, महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।मद्य निषेध निगरानी को बढ़ाएं, किसी भी धार्मिक भावनाओं को ठेस ना पहुंचने दे।उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक माहौल, एवं उत्साह पूर्वक पर्व मनाया जाए।उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अश्लील गानों पर प्रतिबंध लगाएं, जाति/ धार्मिक सूचक गाने पर रोक लगाएं।पर्व के अवसर पर घटना होने से पूर्व जानकारी इकट्ठा कर असामाजिक तत्वों पर कड़ी करवाई करना सुनिश्चित करें।आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों पर नजर बनाए रखें।गुंडा परेड अवश्य कराएं।विधि व्यवस्था हर हाल में दुरुस्त रखें।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ-साथ संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी गण उपस्थित थे ।

# विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर को किया गया सम्मानित

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर सुरेन्द्र यादव चकिया:-पू०च०।**



बीती रात रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आरपीएफ कार्यालय में एक विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर रामक्षतरी यादव को अंग वस्त्र बुके आदि देकर विदाई दी गई।कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि मोतिहारी से आए आरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि काम से नाम होता है इस लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करना चाहिए। सेवानिवृत्त एसआई के कार्यकाल की सराहना की तथा कहा कि इन्होंने अपने जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाया जिस कारण सेवानिवृत्त होने पर इनसे मिलने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। आरपीएफ के अधिकारी सहित अन्य को सेवा निवृत्त एसआई से सीख लेने पर बल दिया। वहीं स्टेशन अधीक्षक मो खुर्शीद इकबाल ने सेवा निवृत्त एस आई के साथ गुजरे पल को साझा करते हुए कहा कि सेवा निवृत्त एसआई रेल संपत्ति की सुरक्षा व यात्रियों के सहायता के प्रति तत्पर रहते थे ड्यूटी आवर में वर्दी में रहना इनकी पहचान थी। सेवानिवृत्ति के बाद आगे की सुखमय जीवन की कामना की। वहीं सेवा निवृत्त एसआई ने अपने संबोधन में कहा कि 41 साल 9 महीना 18 दिन सेवा का मौका मिला इस लम्बे सेवाकाल में बहुत सारा उतार- चढ़ाव आया परंतु हमने ईमानदारी व लग्न से काम किया। जिस कारण बहुत सारी सफलताएं मिली साथ ही इमानदारी व मेहनत का फल मीठा बताया।वही इंस्पेक्टर पंकज कुमार गुप्ता ने खिलते हैं गुल यहां खिल कर बिखड़ने के लिए तथा मोतिहारी से आए मेहिलाल ने एक प्यार का नगमा है मौजों की रवानी है गीत गाकर मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही मोहन भार्गव,कौशर राजा,सुधीर मिश्रा आदि ने भी अपना अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर लालबाबू,मो समशीर, कुणाल गुप्ता रेल कर्मी आरपीएफ के जवान सहित अन्य मौजूद थे।

# सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र को मिला बिहार बागवानी महोत्सव सम्मान, चंपारण में हर्ष

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी/पटना।**



बिहार बागवानी महोत्सव के समापन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार बिहार बागवानी महोत्सव सम्मान से सम्मानित किया गया। उक्त अवसर कृषि विभाग उद्यान निदेशालय के उप निदेशक डॉ राकेश कुमार ने कला संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चम्पारण के सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार को मुख्य मंच पर स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।बता दें कि सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने अपनी बेहतरीन कला से पटना के शहिद वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में रेत पर बिहार के धरोहर मिथिला मखाना, मगही पान, भागलपुरी जदार्लू और बिहार का गौरव शाही लीची व मधुमक्खी पालन सहित अन्य उत्पादों को जीआई टैग मिलने पर अपनी कलाकृति बनाकर बिहार के किसानों के लिए खुशी का संदेश दिया था। सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने बिहार के कई उत्पादों के साथ जीआई टैग लगने पर अपनी खुशी जाहिर करते बिहार के कृषि विभाग उद्यान निदेशालय को बधाई भी दी।गौरतलब हो कि पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने भी वर्ष 2012 में मधुरेंद्र की कलाकृति की सराहना की थी। सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार बिहार लोकसभा चुनाव 2019, बिहार विधानसभा 2020 और स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के ब्रांड एंबेसडर सहित इंटरनेशनल सैंड फेस्टिकल के विजेता भी हैं। उनकी कई रेत की मूर्तियां अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी हैं। मधुरेंद्र ने दुनियां भर में 12 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रेत कला प्रतियोगिताओं और उत्सवों में भाग लिया है और देश के लिए कई पुरस्कार जीते हैं।मौके पर उपस्थित बिहार सरकार के कला संस्कृति व युवा विभाग के डायरेक्टर बीरेंद्र प्रसाद, कृषि विभाग उद्यान निदेशालय के डायरेक्टर नंद किशोर कुमार, समेत हजारों किसान भाईयों व आमलोगों ने भी सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र को इस सम्मान के लिए बधाई दी।

# दहेज उन्मूलन पर आधारित फिल्म बियाह होखे त अईसन

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**

फिल्म गंगा माई जइसन भऊजी हमार, जियरा ले गईल चोर एवं कहिया अईब२ बबुआ हमार के निर्माण के बाद बिहार सरकार के दहेज उन्मूलन अभियान से प्रेरित एवं दहेज की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म "बियाह होखे त अईसन" में मुख्य हीरो के रूप में बॉलीवुड हीरो अतुल श्रीवास्तव की एंट्री होगी। दहेजमुक्त सामूहिक विवाह हेतु प्रेरित करती युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट की फिल्म "बियाह होखे त अईसन" बड़े कैनवास पर वर्तमान निमार्णाधीन फिल्म चम्पारण सत्याग्रह के निर्माण के बाद बनेगी।महामहिम राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी से सम्मानित फिल्मकार डा.राजेश अस्थाना द्वारा लिखित अभिनीत एवं निर्देशित "बियाह होखे त अईसन" में कलाकारों के अलावे छः ब्यूरोक्रेट्स ने अभिनय कर दहेज के खिलाफ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया है। डा. अस्थाना ने बताया कि तकनिकी कारणों से ऊन अधिकारियों के नाम नही बताए जा रहे हैं। गौरतलब है कि इस फिल्म में छः ब्यूरोक्रेट्स के अलावे दो बड़े राजनेता समेत आठ छोटे बड़े राजनीतिज्ञ भी अभिनय कर रहे हैं। फिल्म में ब्यूरोक्रेट्स और राजनेताओं के अलावे डा.राजेश अस्थाना, अतुल श्रीवास्तव, प्रियंका माहरा, रूपा सिंह, मंजू गुप्ता, पिंकू श्रीवास्तव, संजू सोलंकी, सोनू पाण्डेय, धामा वर्मा, शैलेश राणा, शम्भू चौधरी, हरेन्द्र प्रसाद, उमाशंकर राम, विनय यादव, म. शाहनवाज, मुन्ना गिरी, राकेश ओझा, रविश मिश्रा, रिंकू गिरी, दीपक एवं प्रभात रंजन मुन्ना आदि कलाकार अपने अभिनय का जौहर दिखलाएंगे। फिल्म में निमार्ता ई. युवराज, एसोसिएट निर्देशक अमृत अभिषेक, छायाकार अशोक माही, गीतकार डा.राजेश अस्थाना, संगीत स्नेहाशीष शिबुदेब, नृत्य कुमार प्रीतम, रूपसज्जा माइकल, स्थिर छाया रिंकू गिरी, पीआरओ रामचंद्र यादव तथा प्रोडक्शन कंट्रोलर पप्पू के हैं।

# थाना दिवस के अवसर पर समीक्षा बैठक आयोजित

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**



प्रेक्षागृह मोतिहारी में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मोतिहारी की संयुक्त अध्यक्षता में थाना दिवस के अवसर पर भूमि विवाद, मद्य निषेध एवं लोक शिकायत निवारण विषय से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।समीक्षा के क्रम में अनुमंडल वार भूमि विवाद, मद्य निषेध एवं लोक शिकायत निवारण में लंबित मामले को ज्यादा से ज्यादा निष्पादन करने हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।उत्पाद अधीक्षक को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शराब विनष्टीकरण, वाहनों की नीलामी ज्यादा ज्यादा कराना सुनिश्चित करें । इस कार्य में सभी थाना अध्यक्ष को सहयोग करने हेतु उन्होंने निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि होली पर्व के अवसर पर शराब का सघन चेकिंग महा अभियान चलाना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि अनुमंडल स्तर पर भूमि विवादों का निष्पादन कार्य में तेजी लाएं।जिला एवं अनुमंडल लोक शिकायत निवारण में लंबित मामले का निष्पादन शीघ्र करना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ,सभी लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे ।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान



**शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्टर शशांक मणि त्रिपाठी मोतिहारी,पू०च०।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छतौनी थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां गाड़ियों की कागजात के साथ-साथ डिक्की की भी जांच की गई। वही थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक से वाहन जांच का निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में जांच अभियान चलाया गया। जिसमें गाड़ियों का कागजात, डीक्की, इंसुरेंस पोलूशन ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। जांच अभियान में एसआई संजीव कुमार सिंह, सिपाही रामनाथ भगत, झगरू राय, शत्रुघ्न सिंह सहित पुलिस बल शामिल थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्टर शशांक मणि त्रिपाठी मोतिहारी,पू०च०।**



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सदर अस्पताल सभागारमें,जेई/एईएस नियंत्राणार्थ जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।जिले भर में एईएस जेई पर पूर्ण नियंत्रण हेतु उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर गंभीरता पूर्वक कार्य करना सुनिश्चित करें । साथ ही आगनबाड़ी केंद्र, शिक्षा, परिवहन ,जीविका, पंचायती राज विभाग ,आपूर्ति विभाग, निजी संस्थान जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों में जागरूकता फैलाए। वही साथ ही प्रभावित मरीज को चिन्हित कर समुचित उपचार करना सुनिश्चित करें । पीपीटी के माध्यम से चर्चा के क्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही जिले में एईएस/जेई का खतरा बढ़ जाता है । इसलिए इससे बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं प्रभावित प्रखंडों के प्रभारी ,चिकित्सा पदाधिकारियों व आशा ,आईसीडीएस ,जीविका के साथ ही अन्य विभागों को एलर्ट मोड में रहे, ताकि एईएस /जेई के प्रभाव से बच्चों को सुरक्षित किया जा सके।उन्होंने निर्देश दिया कि एईएस/जेई से ग्रसित बच्चों को अस्पतालों में 24 घण्टे इमरजेंसी इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए।व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें।एईएस के मामलों से बच्चों को बचाने के लिए सभी पीएचसी के प्रभारियों व स्वास्थ्य अधिकारियों को अलर्ट रहना होगा। उन्होंने बताया कि अप्रैल से जुलाई तक के महीने में छह माह से 15 वर्ष तक के बच्चों में चमकी की संभावना ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि बच्चों को सुरक्षा के लिए धूप में निकलने से बचना चाहिए। अधपके कच्चे फल का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही साफ सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। चमकी से प्रभावित बच्चों का सही समय पर तुरंत इलाज होना जरूरी है।उन्होंने बताया कि चमकी के लक्षण मिलते ही बच्चों को तुरंत सरकारी अस्पताल ले आएं, बिल्कुल भी देरी न करें।जिले में पीकू वार्ड पूरी तरह सुव्यवस्थित है, पीएचसी स्तर पर कोआर्डिनेशन प्लान तैयार कर ग्रास रूट लेवल पर मरीजों की इलाज सुनिश्चित की जाए।पार्टनर एजेंसी के साथ मॉक ड्रिल सुनिश्चित की जाए । गोल्डन आवर में मरीजों के लिए एंबुलेंस, आवश्यक दवा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।विशेषकर महादलित टोला में अभियान चलाकर विकास मित्र, आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका, स्थानीय जनप्रतिनिधि छोटे बच्चे एवं उनके माताओं को जागरूक करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि पशुपालन पदाधिकारी पूर्व से ही सूअरों/ कौवा के मौत होने पर कलिंग करने का समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि 24 x 7 नियंत्रण कक्ष हर हाल में क्रियाशील रखें।इस अवसर पर , अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, यूनिसेफ, डब्ल्यू एचओ प्रतिनिधि,सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला केयर इंडिया डिटीएल , डॉक्टर परवेज, डॉक्टर शंभू शरण, डॉक्टर पंकज, डॉ अमृतांशु आदि उपस्थित थे।

# असिस्टेंट ड्रेस मेकर का प्रशिक्षण समापन



**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**

ढेकहा बाजार जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित असिस्टेंट ड्रेस मेकर का प्रशिक्षण समापन किया गया है।जिसके उपरान्त प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया।जिसमे माला नारी शक्ति की अध्यक्ष राधिका देवी के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक दिनेश कुमार के द्वारा प्रशिक्षण से लाभ के बारे में एवम स्वरोजगार से जुड़ने के लिए बताया गया। साथ ही रोजगार से जुड़ने में आर्थिक मदद के लिए बैंक और जिला उद्योग केंद्र से सहायता की बात बताया गया।वही राधिका देवी के द्वारा जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित कार्यक्रम की प्रशंसा किया गया।

# सहयोग अध्यक्ष डॉ. अजीत ने पौधा वितरण कर पर्यावरण रक्षा का दिलाया शपथ



**पूर्णियां।** सहयोग अध्यक्ष डॉ. अजीत प्रसाद सिंह के द्वारा पर्यावरण बचाओ हेतु सहयोग तरुमित्र के सदस्यों के साथ मिलकर लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया जा रहा है इसके तहत डॉक्टर अजीत प्रसाद सिंह के द्वारा लोगों को फलदार लकड़ी वाले पौधा देकर वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया जा रहा है वही शादी एवं मुंडन और अन्य शुभ कार्य के अवसर पर भी पौधे देकर लोगों को पौधा लगाने हेतु जागरूक करने का सिलसिला अनवरत जारी है क्योंकि इस अवसर पर सैकड़ों की तादाद में लोगों की भीड़ होती है जिसके कारण यहां लोगों को पर्यावरण रक्षा का अच्छा संदेश देने का अवसर मिलता है साथी एवं शुभ कार्य के अवसर पर डॉ अजीत प्रसाद सिंह के द्वारा पर्यावरण के महत्व बताते हुए अपने संबोधन में कहा स्वस्थ्य जीवन के लिए पर्यावरण का स्वच्छ रहना अनिवार्य है।इसके लिए हमारे आसपास पेड़ पौधों की अधिकता बेहद जरुरी है। जिस अनुपात में पेड़ों की कटाई हो रही है उस अनुपात में वृक्षारोपण नहीं किया जाना दुर्भाग्य की बात है वृक्षों की अंधाधूंध कटाई से पर्यावरण पर इसका बुरा असर पड़ने की संभावना तीव्र हो गयी है। जहां एक ओर हरियाली योजना चलाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर आधुनिक करण के नाम पर चंद सिक्कों के खातिर वृक्षों को काटकर हरियाली खत्म की जा रही है। चंद लोग अपनी निजी आर्थिक लाभ के कारण हरे भरे पौधों को भी काटने से बाज नहीं आ रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों क लापरवाही के कारण जिले में वृक्षों की कटाई बदस्तूर जारी है। अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किये जाने से ऐसे लोगों का हौसला बुलंद होता जा रहा है। पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत सरकार करोड़ों रुपये पौधे लगाने में खर्च कर रही है। लेकिन वर्षो पुराने लगे पेड़ों की कटाई सरकार के सपनों को चकनाचूर कर दिया है। अंधाधूंध हो रही पेड़ों की कटाई से आने जाने में काफी रोष देखा जा रहा है। अगर समय रहते पेड़ों की कटाई पर रोक नहीं लगायी गयी तो वनों के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। वृक्षों के इस अंधाधूंध कटाई से जहां एक ओर वातावरण गर्म हो रहा है वहीं प्रदूषण के कारण लोगों को श्वास, आंख,फेफड़ा एंव अन्य बीमारियों से ग्रसित होना पड़ रहा है। गाड़ी की धुआ, फैक्ट्री मे मशीनों की आवाज, खराब रासायनिक जल इन सब की वजह से, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण हो रहा है। यह एक चिंता का विषय बन चुका है यह अत्यंत घातक है।

वृक्षों की कटाई के कारण वन्यजीवों का विस्थापन और मृत्यु वायु प्रदूषण की समस्या जलवायु परिवर्तन . वनस्पतियों का विलोपन मृदा अपरदन की समस्या जल चक्र को नुकसान रेगिस्तान में फैलाव प्रदूषण के कारण होने वाले रोग निमोनिया निमोनिया एक आम समस्या है और इसे आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है.स्ट्रोक हाल के वर्षों में स्ट्रोक की समस्या काफी आम हो चुकी है फेफड़ों का कैंसर फेफड़ों का कैंसर विभिन्न कारणों से हो सकता है हृदय रोग स्किन संबंधी परेशानी उम्र से पहले बुढ़ापा बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास अवरुद्ध होने का खतरा गले में इन्फेक्शन पचा में इन्फेक्शन अन्य कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती है इसलिए वर्तमान पीढ़ी को वृक्ष लगाने के साथ ही अपने आने वाले पीढ़ी को भी वृक्ष लगाने के प्रति जागरूक करने का जिम्मा उठाना होगा ताकि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाया जाए कार्यक्रम में संस्थान के तरफ अक्षय कुमार निरंजन कुमार निराला अशोक कुमार निराला शंकर प्रसाद सिंह वार्ड सदस्य शैलेश कुमार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता शशि शेखर कुमार संतोष कुमार आदि ने पर्यावरण रक्षा का शपथ लिया।

# समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने किया संसद का भ्रमण



**गाजियाबाद।** एम एम एच कॉलेज गाजियाबाद के समाजशास्त्र विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा एक शैक्षिणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।इस स्टडी टूर में देश की संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा सहित संसद भवन में स्थापित पुस्तकालय का भ्रमण किया गया। समाजशास्त्र विभाग के सभी शिक्षक गण और छात्र/छात्राएं संसद भवन के सेंट्रल हाल और कॉमन हाल का अवलोकन किया।संसद की तरफ से एक सहायक श्री सुशील कुमार को पूरे संसद परिसर का दौरा कराने के लिए हमारी टीम के साथ भेजा गया। उन्होंने लोकसभा व राज्य सभा के सत्र संचालन के दौरान जिन नियमों व कानूनो का पालन करना अनिवार्य होता है उन सबको विस्तार से समझाया गया। संसद में किस तरह माननीयों के बैठने की व्यवस्था का निर्धारण होता है वह सीट विभाजन समझाया ।लोकसभा व राज्य सभा के ढांचे और महत्वपूर्ण चीजों के बारे में बताया। उसके बाद सभी विधार्थी और शिक्षक गण लंच करके सेंट्रल हाल में पहुँचे वहाँ उन्होंने उस पल को महसूस किया जहाँ पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश की आजादी की घोषणा की थी। इसके बाद छात्र छात्राओं ने संसद परिसर में स्थापित गाँधी जी की मूर्ति के सम्मुख इक्कठे होकर फोटो सेशन किया।वहां से सब संसद भवन परिसर के प्रतिष्ठित पुस्तकालय में पहुंचे। जहाँ पर 3,50,000 पुस्तकों का अपुल भंडार देखा। यह पुस्तकालय भारत देश का दूसरा विशालतम पुस्तकालय है।संसद भवन के पुस्तकालय में सन् 1947 से पूर्व के सभी महत्वपूर्ण अखबारों को संग्रहित करके रखे गया हैं। संसद भवन के पुस्तकालय में संविधान की वह प्रति भी नाइट्रोजन गैस से सुरक्षित करके रखी गई है। जो संविधान समिति ने अपने हाथो से तैयार की थी। गाँधी साहित्य को गंधियाना और नेहरू साहित्य को नेहरूयाना के नाम से गैलरी बनाकर विशेष रूप से सग्रहित किया गया है। समाजशास्त्र वीथिका को विशेष रूप से समय लगाकर सभी शिक्षकों और विधार्थियों द्वारा देखा गया। अंत में शाम को वही कैंटीन में सूक्ष्म जलपान कर टूर को आनंदायक बनाया। शाम को 6 बजे सब अपने अपने घर को प्रस्थान कर भ्रमण को सार्थक कर संपन्न बनाया।

# कैरियर चयन में मार्गदर्शन की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. मल्लिक




**मधेपुरा।** युवा उर्जा के भंडार हैं। उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने हेतु उनका समुचित शिक्षण, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन आवश्यक है। यह बात बीएनएमयू, मधेपुरा में शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. आर. के. मल्लिक ने कही। वे शुक्रवार को नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा विभाग में कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए कैरियर का चयन जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय होता है। इसके लिए सही समय पर सही व्यक्ति का चयन किया जाना चाहिए। एक सही सलाह एवं मार्गदर्शन हमारे पूरे जीवन को बदल सकती है। मुख्य अतिथि सह विकास पदाधिकारी डॉ. ललन प्रसाद अद्री ने कहा कि हमें जीवन में सदा उंचा लक्ष्य रखना चाहिए और कैरियर का चयनअपनी अभिरूचि के अनुसार करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि सह उप कुलसचिव स्थापना डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि कभी भी परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर अपना मूल्यांकन नहीं करें।कोई एक परीक्षा या कोई एक परिणाम आपके पूरे जीवन का निर्धारण नहीं कर सकती है।हमें न ही असफलता से घबड़ाना चाहिए और न सफलता से इतराना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी सफलता और कोई भी कैरियर तभी सार्थक है, जब हम सच्चे मनुष्य के रूप में कार्य करते हैं। अतः हमें हमेशा अपने जीवन में मानवीय मूल्यों, नैतिक संस्कारों एवं सामाजिक सरोकारों को धारण करना चाहिए। डॉ. सीडी यादव ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए जीवन में कभी-कभी कठोर फैसले लेने पड़ते हैं। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि कैरियर में बेहतर करने के लिए हमें शुरूआती दौर से ही सतर्क रहने की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए उचित मार्गदर्शक की जरूरत होती है। फिरोज अहमद मंसूरी ने कहा कि युवाओं को अपनी मेहनत पर भरोसा करना चाहिए और हीनभावना से मुक्त होकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व एनवाईवी नीतीश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन एनवाईवी मनीष कुमार ने किया। छात्र नेता आमोद आनंद एवं अन्य ने अतिथियों को पौधा समर्पित कर उनका स्वागत किया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मुरली मनोहर भारती, शोधार्थी द्वय सारंग तनय एवं सौरभ कुमार चौहान, डॉ. शैलेंद्र यादव, कृतिका कुमारी, सनम कुमारी, पल्लवी कुमारी, रमन कुमार, मौसम कुमारी, अभिषेक कुमार, कौशल कुमार, जीवन कुमार, लीसेश कुमार, नयन कुमार, कल्पना कुमारी, आरती कुमारी, आलोक कुमार, कुंदन कुमार, सुमित कुमार, आशीष कुमार, ज्योति कुमारी, नविता कुमारी, शोभा कुमारी सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# उत्तर प्रदेश में बुलडोजर के नाम पर वर्तमान सरकार बेकसूर मुसलमान पर ढ़ा रही जुल्म : नजरे आलम




बिहार प्रदेश सचिव ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन, बिहार सह अध्यक्ष, ऑल इंडिया मुस्लिम बेदारी कारवाँ नजरे आलम ने उत्तर प्रदेश में वर्तमान सरकार के द्वारा बेकसूर मुसलमान पर जुल्म ढ़ाए जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि घर तोड़ने वाला मामला समझ में नहीं आ रहा। कार्रवाई अदालती होगी या किसी का भी मकान ही तोड़ दिया जायगा। क्या अदलिया नाम की कोई चीज अब अपने देश में नहीं बची है? ये बहुत ही हस्सास मामला है, वक्त रहते इस पर सभी को गौर व फिक्र करने की जरूरत है। आखिर किस कानून के तहत बेकसूरों के घरों को तोड़ा जा रहा है, झूठे झूठे मुकदमें डालकर लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है, तोड़ा जा रहा है? मैं एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब से इस हस्सास मामले को गंभीरतापूर्वक लेने की अपील करता हूं।उत्तर प्रदेश के मुसलमानों को साजिश के तहत लगातार टार्गेट किया जा रहा।लोग हुकुमत की तानाशाही और हिटलर फरमान के आगे बेबस बने हुए हैं।अल्लाह खैर का मामला फरमाए और मिल्लत को जालिमों के शर से महफूज रखे।

# बिहार कर्मचारी चयन आयोग दूरा आयोजित तृतीय स्नातक स्तरीय परिक्षा के सफल आयोजन हेतु ब्रीफिंग



**किशनगंज (अली राजा)-** किशनगंज जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक, डॉ इनाम उल हक द्वारा बिहार कर्मचारी चयन आयोग ,बिहार ,पटना द्वारा आयोजित तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 2022 के प्रथम चरण की पुनः परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी केंद्राधीक्षकों,पुलिस पदाधिकारी ,स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवम उड़नदस्ता दल के साथ ब्रीफिंग आयोजित की गई। विदित हो कि बिहार कर्मचारी आयोग, बिहार पटना के द्वारा तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त ( प्रारंभिक ) प्रतियोगिता परीक्षा 2022( प्रथम पाली की पुनर्परीक्षा ) दिनांक 5 मार्च 2023 को प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान विषय हेतु 12:00 अपराहन से 2:15 अपराह्न तक 12 परीक्षा केंद्रों पर 6046 परीक्षार्थी शामिल होंगे ।दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को 34 मिनट अतिरिक्त दिए जायेंगे। सभी केंद्राधीक्षक परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों की तीन स्तर पर फ्रिस्किंग कराएंगे तथा 11 बजे के बाद कोई परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। उक्त परीक्षा को कदाचार मुक्त , शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ रूप से संपन्न कराने हेतु डीएम , एसपी ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा संपन्न कराने हेतु विधि व्यवस्था सुदृढ़ की जाए ,सीसीटीवी कैमरा ,स्टैटिक मजिस्ट्रेट ,पुलिस बल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षा के दिन एसडीएम और एसडीपीओ को सतत भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब हो कि सभी परीक्षा केंद्र पर प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है ।प्रत्येक 200 परीक्षार्थी पर एक प्रेक्षक रहेंगे। परीक्षा के कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण संचालन हेतु समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

# कल्याणेश्वर महादेव स्थान में डकैती कांड का उद्भेदन को ले पुजारी व शिवभक्तों ने किया उपवास



हरलाखी - थाना क्षेत्र के पौराणिक कल्याणेश्वर मंदिर में डकैती की घटना का उद्भेदन नहीं होने को लेकर मंदिर के पुजारी व शिवभक्तों ने शुक्रवार को एक दिवसीय अनशन किया. मंदिर परिसर में एक दिवसीय उपवास के दौरान पुजारी राजबल्लव सिंह, विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यकारिणी सदस्य वीरेन्द्र प्रसाद चौधरी, बालेश्वर ठाकुर, प्रदीप कुमार झा, नवल किशोर झा, रिटायर्ड शिक्षक बच्चा झा समेत भारत नेपाल के दर्जनों शिवभक्तों ने बताया कि विगत 20 जनवरी को करीब आधा दर्जन अपराधियों ने हथियार के बल पर मंदिर का ताला तोड़कर भगवान शिव के लिंग के उपर से करीब तीन किलो वाली चांदी की नाग व दान पेटी की चोरी कर ली गयी. वहीं अपराधियों ने पुजारी राज बल्लव सिंह को पिस्तौल सटाकर नगद रुपये समेत अन्य सामान भी वलूट लिया. इस घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज है. लेकिन पुलिस के द्वारा अबतक एक भी अपराधी को गिरफ्तार नही किया गया है. जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे है. कहा कि यदि पुलिस मामले का जल्द उद्भेदन नहीं करेगी तो हमलोग अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने पर पर विवश हो जाएंगे. एक दिवसीय उपवास के समर्थन में महेश महतो, उदय कुमार सिंह, कृष्णकुमार ठाकुर, हिरा ठाकुर, अर्जुन उर्फ बौअन झा, किशुन ठाकुर, जगदीश ठाकुर सहित दर्जनों शिवभक्तों ने अपराधियों को चिन्हित कर जल्द गिरफ्तारी की मांग पुलिस प्रशासन से की है.


# विरान-सुनसान गड्ढे मे हरिनाम अखंड संकीर्तन ग्रामीणो ने संगठन कर किया



**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया झेत्र के बसमत्ता पंचायत अंतर्गत कल्होरीया, मालबथान, कालझर गाँव के बीचोंबीच झुमरियाबरन के मलगढ़ींया मे ग्रामीणों द्वारा हरिनाम अखंड संकीर्तन संगठन कर किया ।ये अखंड संकीर्तन घर या मंदिर को छोड़कर एक विरान-सुनसान गड्ढे में मलगढ़ींया बाबा के नाम पर किया गया ।गरामीणों ने बताया की बहुत दिन पहले जमीन की समस्या को लेकर बुजुर्गों द्वारा गछा गया था ।गछने वाले बुजुर्ग ग्रामीण केलू महतों,रावण महतों,भुथी महतों,पांचू महतों थे ।फिलहाल अभी उनके वनसज को अखंड संकीर्तन करने को लेकर सप्न मिला था ।जिनके कारण किये हुए वादे को पुरा किया गया ।ग्रामींणों ने बताया कि ये मलगढ़ींया बाबा का पुजा हरेक पंचवर्षीय को रात्री बारह बजे होता हे जो काफी भयानक है ।इस देवता का सक्ती बहुत ज्यादा है ।कोई भी काम हो कुछ गछने के उपरान्त पुरा हो जाता है ।फिलहाल अभी अखंड संकीर्तन कराने वाले सदस्य गणेश यादव,बाबूलाल यादव,हरेंद्र यादव,बासुदेव यादव ने मिलकर किया ।इस अनुष्ठान को सफल बनाने वाले पुरोहित राजकुमार पाण्डेय चान्दन ।सहयोगी योगेश यादव,सुरेन यादव,इश्वर यादव,पप्पू यादव,संदीप यादव,अरुण यादव,सालगी यादव,गोतम यादव ओर अपने सारे ग्रामीणों ने मिलकर किया ।मुख्य अतिथि बसमत्ता पंचायत समिति प्रतिनिधी मनोज यादव एवं बहुत सारे ग्रामीण मौजूद थे।

# भारत की कम्पलीट हेल्थ ड्रिंक डाबर वीटा ने बच्चों के स्वास्थ्य पर आयोजित किया विशेष सैशन




इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री दिनेश कुमार- मैनेजर

**कोलकाता :** हमारी आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के प्रयास में डाबर की ओर से कम्पलीट हेल्थ ड्रिंक डाबर वीटा ने एक विशाल जागरुकता अभियान का आयोजन किया। जिसके माध्यम से बच्चों को उनकी सेहत से जुड़े सात पहलुओं जैसे अच्छा डाइजेशन, रेस्पीरेटरी हेल्थ, मजबूत हड्डियों एवं मांसपेशियों, ताकत, स्टैमिना, और बेहतर इम्युनिटी के बारे में जागरुक बनाया गया। यह अभियान कोलकाता (बैरकपुर) के एथलेटिक क्लब, सुभाष नगर कॉलोनी में आयोजित हुआ, जिसमें 300 बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्टेमिना और मजबूत इम्युनिटी के साथ-साथ बेसिक हाइजीन एवं सेहतमंद आहार के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें डाबर वीटा से युक्त स्पेशल हेल्थ किट भी दी गई। कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा, आजकल बच्चे पढ़ाई से लेकर खेलों और एक्स्ट्रा-करीकुलर एक्टीविटीज में भी अच्छा परफोर्मेन्स देना चाहते हैं, इसके लिए उन्हें संतुलित एवं पोषक आहार की जरूरत है, ताकि उनका विकास ठीक से हो सके। एक कम्पलीट हेल्थ ड्रिंक में सभी जरूरत विटामिन, मिनरल्स और पोषक तत्व होते हैं, जो आमतौर पर हमारे रोजमर्रा के आहार से पूरे नहीं हो पाते। डाबर वीटा ऐसी हेल्थ ड्रिंक है जो बढ़ते बच्चों को सभी जरूरी पोषक तत्व उपलब्ध कराती है। डाबर के 138 सालों के भरोसे, गुणवत्ता और अनुभव पर आधारित डाबर वीटा 30 आयुर्वेदिक बूस्टर्स के गुणों से भरपूर है। इसमें मौजूद अश्वगंधा, गिलोय, ब्राह्मी और शंखपुष्पी बच्चों की सेहत से जुड़ी 7 जरूरतों को पूरा करते हैं जैसे शरीर का विकास, दिमाग का विकास, स्टेमिना और ताकत, मजबूत हड्डियां एवं मांसपेशियां तथा अच्छा डाइजेशन एवं रेस्पीरेटरी हेल्थ। इस तरह यह ड्रिंक बच्चों को स्वस्थ बनाने में मदद करती है। साथ ही इसका स्वादिष्ट चॉकलेटी टेस्ट बच्चों को खूब लुभाता है। विख्यात आयुर्वेदिक प्रैक्टिशनर, डॉ परमेश्वर अरोरा ने कहा, ह्लसंतुलित आहार जैसे फलों, सब्जियों, साबुत अनाज के साथ-साथ अच्छी हेल्थ ड्रिंक बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बच्चों को खास मैक्रो, माइक्रो एवं फाइटो (पौधों से मिलने वाले विशे पोषक तत्व) न्यूट्रिएन्ट्स की जरूरत होती है। आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर ऐसे ही पोषक तत्व डाबर वीटा को कम्पलीट हेल्थ ड्रिंक बनाते हैं जैसे आंवला और अश्वगंधा इम्युनिटी बढ़ाकर कई बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं, ब्राह्मी और शंखपुष्पी बच्चों की एकाग्रता एवं लर्निंग की क्षमता बढ़ाते हैं। इसी तरह द्रक्षा एंटी-ऑक्सीडेन्ट की तरह काम करता है और रोजमर्रा में शरीर की कोशिकाओं को नुकसान से बचाता है। बच्चों के विकास के लिए संतुलित एवं पोषक आहार के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए डाबर वीटा ने देश भर की जानी-मानी स्पोर्ट्स एकेडमियों/ विद्यालय के साथ हाथ मिलाया है। इस अभियान के माध्यम से हम बच्चों को सेहतमंद आहार के बारे में शिक्षित करना चाहते हैं, जो उनके शरीर एवं दिमाग के विकास तथा हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी हैं। इसके अलावा स्टेमिना और अच्छी इम्युनिटी होना भी बच्चों के विकास के लिए बहुत अधिक मायने रखता है।ह्व श्री कुमार ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा।

# किशनगंज जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जीविका परियोजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई




**किशनगंज 3 मार्च ( अली राजा)**

जिला पदाधिकारी किशनगंज, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जीविका परियोजना की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि मनरेगा मेट के रूप में जीविका दीदियों से कार्य लिया जाना है। सतत जीविकोपार्जन योजना,उत्पादक समूह का क्रियाकलाप समेत अन्य जीविका के योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने कई निर्देश दिए। साथ ही, जीविका प्रभारी डीपीएम समेत सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि सभी जीविका दीदियों को अधिक से अधिक लाभ देने का कार्य करेंगे। बैठक में मनन राम उप विकास आयुक्त, विकास कुमार निदेशक डीआरडीए, जीविका प्रभारी डीपीएम, अन्य सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक उपस्थित थे।

## विधायक कैश कांड: जामताड़ा विधायक इरफान सहित तीनों विधायक की याचिका स्वीकृत, हाईकोर्ट ने विधायकों के पक्ष में फैसला सुनाया

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**



पिछले साल 30 जुलाई को 46 लाख कैश के साथ कोलकाता में पकड़े गए कांग्रेस से निलंबित जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी सहित विधायक राजेश कच्छप और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी की ओर से रांची में किए गए जीरो एफआईआर को कोलकाता ट्रांसफर किए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका मामले में शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने विधायकों की याचिका को स्वीकृत कर लिया। कोर्ट ने विधायकों के पक्ष में फैसला सुनाया है। मामले में दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद कोर्ट ने पूर्व में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की कोर्ट में हुई। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि विधायकों के पास जो पैसे बरामद हुए थे, उसे लेकर कोलकाता में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसलिए अरगोड़ा थाने में दर्ज जीरो एफआईआर को वरीय अधिकारियों की सलाह पर कोलकाता भेज दिया गया। वही प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रुपए बरामदगी को लेकर कोलकाता में प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकती है। यह कोलकाता पुलिस के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की। वही विधायकों की ओर से अधिवक्ता राहुल कमलेश ने पैरवी की। दरअसल, इन तीन विधायकों के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाने में कांग्रेस अनूप सिंह की ओर से जीरो एफआईआर हुआ था, जिसे कोलकाता ट्रांसफर कर दिया गया था। विधायकों ने इसे कोलकाता भेजे जाने को निरस्त करने की मांग की। जीरो एफआईआर में अनूप सिंह ने सरकार गिराने की साजिश में इन विधायकों के शामिल होने का आरोप लगाया था।

## रक्तदान कर बचाई महिला की जान



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आग्रह पर आनंद भगत ने रक्तदान कर एक महिला की जान बचाई। ज्ञात हो कि हिरणपुर के पत्रकार जितेंद्र कुमार दास ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं को सूचना दिया कि एक महिला पुरुष की अत्यंत आवश्यकता है। रात्रि 9:00 बजे आनंद कुमार भगत से संपर्क करने के बाद उन्होंने रक्त अधिकोष आकर रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि समाज में सभी को एक दूसरे के सहयोग के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। सर्वे भवंतू सुखिनः के मंत्र के साथ समाज के सभी लोगों को एक दूसरे के साथ मिलकर हर परिस्थिति से डटकर मुकाबला करना चाहिए। रक्तदान करने से न सिर्फ दूसरे की जान बचती है अपितु अपने स्वास्थ्य के लिए भी यह लाभदायक है। समाज के सभी स्वास्थ्य नागरिक को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

## मानस संस्कार पुरुष्कार 2023 से सम्मानित हुए पाकुड़ के पूर्व जिप अध्यक्ष सह समाजसेवी बाबूधन मुर्मू

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**




श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भारत वार्ता द्वारा मानस संस्कार सम्मान २०२३ का भव्य आयोजन किया गया जिसमे देश भर से चिन्हित विशिष्ट लोगो को सम्मानित किया गया । भारत वार्ता अयोध्या संवाद द्वारा भारत के विभिन्न कोने से चुनते हुए , झारखण्ड के संथाल परगना के समाजसेवी सह पाकुड़ के पूर्व जिप अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू को उनके द्वारा अध्यात्म एवं संस्कृति के लिए किये गये सराहनीय कार्य के लिए मानस संस्कार सम्मान २०२३ से सम्मानित किया । आचार्य किशोर कुणाल एवं श्री मयंकेश्वर नाथजी ने बाबूधन मुमुर्जी को मानस सम्मान २०२३ का मोमेन्टो एवं प्रसस्ति पत्र प्रदान किया उकत कार्यक्रम में देश भर के अध्यात्म , ज्ञान , संस्कृति , समाजसेवा , पत्रकारिता , शिक्षा क्षेत्र से महानुभाव मौजूद रहे । ज्ञात है की बाबूधन मुर्मू विगत १५ वर्ष से ज्यादा समय से संथाल परगना के विभिन्न सहरो तथा दूरस्थ गॉवो में जा जा कर सभी से अपने अपने संस्कृति के रक्षा एवं उसका प्रचार प्रसार ,पूर्ण अध्यात्म की विशेस्ताओ , राष्ट्र निर्माण की खुबिया तथा धर्म जागरण से चरित्र निर्माण के लिए कार्य करते आ रहे है। मुमुर्जी जी ने बताया की वृन्दावन के पंचवटी सत्संग के चित्तरंजन दास महाराज ने उन्हें आध्यात्मिक जीवन जीने का सही उपाय बताये जिस रस्ते पर चलकर समाज का केवल और केवल भला हो । मुरमुजी ने कहा की यह सम्मान संथाल परगना सहित पुरे झारखण्ड के लोगो का सम्मान है उन्होंने आगे कहा की सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त नागरिक बनाना जरुरी है और इसके लिए अपने संस्कार और अध्यात्म से सीखने और उससे जुड़ने की जरुरत है । उन्होंने कहा की वह हमेशा ही अच्छे और सच्चे आचरण को प्रमुखता दिए है । आज पुरे विश्व में भारत के सदियों पुराने संस्कृति और अध्यात्म की चर्चा है और विश्व भर के लोग इससे जुड़ना और अध्यन करना चाह रहे है ।

## खाली टेंपो ले जाते समय हुआ था दुर्घटनाग्रस्त इलाज के लिए बंगाल ले जाने के क्रम में की चालक हुई मौत

**शुभ भास्कर रिपोर्ट सुस्मित तिवारी**




पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क करिओडीह गांव में समीप गुरुवार शाम को सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति का इलाज के दौरान मौत हो गया है. जानकारी के अनुसार करिओडीह गांव निवासी चालक सह मालिक राजू साहा 45 टेम्पो संख्या जेएच 17 एम 9120 से लिट्टीपाड़ा से हिरणपुर की ओर जा रहे थे कि करिओडीह बड़ा पुल के समीप टेम्पो का संतुलन बिगड़ने से टेम्पो सड़क पर पलट गया जिससे वह टेम्पो से नीचे दबकर कर गंभीर रूप से घायल हो गया. ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र हिरणपुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए पाकुड़ रेफर कर दिया. परिजनों द्वारा घायलको पाकुड़ से पश्चिम बंगाल ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही दम तोड़ दिया. थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया मृतक का शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया गया है. टेम्पो को जप्त कर पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## कम्प्रेशर हवा टंकी हुआ ब्लास्ट मिस्त्री का उड़ा हाथ, मिस्त्री गंभीर रूप से हुआ घायल

**शुभ भास्कर रिपोर्ट सुस्मित तिवारी**



पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड में गाड़ी में हवा भरने वाला कम्प्रेशर हवा टंकी हुआ ब्लास्ट मिस्त्री गंभीर रूप से हुआ घायल शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे हिरणपुर लिट्टीपाड़ा मुख्य सड़क में लंगटा मसान के समीप गाड़ी में हवा भरने वाला कम्प्रेशर हवा टंकी फटने से लगभग 35 वर्षीय हाथकाठी निवासी अब्दुल सलाम का बाया हाथ का परखच्चा उड़ गया ब्लास्ट इतना जोर का था की बगल में होटल नुमा झोपड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि मिस्त्री अब्दुल सलाम सुबह लगभग 8 बजे अपने दुकान पर कम्प्रेशर हवा टंकी में काम करने के क्रम में टंकी अचानक ब्लास्ट हो गया, जिससे अब्दुल सलाम का बाया हाथ पूर्णरूपेण क्षतिग्रस्त हो गया, ब्लास्ट इतना जबरदस्त था, इसकी गूंज दूर दूर तक सुनाई दी घटना के उपरांत ग्रामीणों की मदद से घायल अब्दुल सलाम को हिरणपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है।

## माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की सफल परीक्षा हेतु हुई बैठक

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**



पाकुड़ में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 के सफल आयोजन हेतु शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में कक्ष में एक विशेष बैठक का आयोजन अनुमंडल पदाधिकारी के अध्यक्षता में किया गया।जिसमें सभी परीक्षा केंद्र के केंद्रअधीक्षक एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे। अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित सभी केंद्र के केंद्राधीक्षक एवं प्रखंड प्रसार पदाधिकारी को माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारियों हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया एवं परीक्षा केंद्र में व्यवस्थित सीसीटीवी कैमरा, पेयजल एवं शौचालय ,चार दिवारी ,विद्युत एवं प्रकाश, सभी छात्र छात्राओं को बैठने हेतु आवश्यक उपस्कर आदि पर व्यापक रूप से विचार विमर्श किया गया। तथा शांति एवं व्यवस्थित परीक्षा कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया।

## आठ समूह के दीदियों के बीच 800 मुर्गी चूजा वितरण किया गया

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



जोहार परियोजना के अंतर्गत पाकुड़ जिले के शहर कोल पंचायत के ग्राम दुगार्पुर में 8 दीदियों के समूह को आठसौ मुर्गी का चूजा जोहार परियोजना के अंतर्गत क्रोआयलर वेरायटी का 15 दिनों तक रखने के पश्चात जोहार परियोजना के तहत गठित उत्पादक समूह की आठ दीदियों को आठसौ मुर्गी का चूजा के साथ ड्रिंकर और फीडर निःशुल्क वितरण किया गया।मौके पर शहर कोल पंचायत के मुखिया विकास गोंड की उपस्थिति में किया गया जोहार परियोजना के तहत प्रत्येक उत्पादक समूह के सदस्यों को मुर्गी का चूजा पालने के लिए जोहार परियोजना का मुख्य उद्देश्य समूह के दीदियों के आय को दोगुना करना है।इसके लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। चिन्हित महिला समूहों को समय समय पर योजना का लाभ देकर उनकी आय को बढ़ाया जा रहा है।

## कालाजार एवं एमडीए को लेकर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**




पाकुड़ जिला में भीबीडी पदाधिकारी डॉक्टर अमित कुमार के द्वारा एमडीए प्रोग्राम की जानकारी दी गई। साथ ही साथ कालाजार मुक्त करने के लिए 1 मार्च 2023 से संचालित प्रथम चक्र कीटनाशी छिड़काव 2023 के बारे में बतलाया गया। उपायुक्त श्री वरुण रंजन के द्वारा निर्देश दिया गया कि 238 कालाजार प्रभावित गांवों एवं 220 मलेरिया प्रभावित गावों में चलाए जा रहे कीटनाशी छिड़काव के दौरान प्रचार-प्रसार की कमी ना हो जितने भी छिड़काव दल हैं उनके पर्यवेक्षक एमपीडब्ल्यू के द्वारा घर घर जाकर लोगों को जागरूक करें। साथ ही साथ जिस गांव में कीटनाशी छिड़काव होना है उसमे से कुछ अति कालाजार प्रभावित गांव में कार्य योजना के अनुरूप रात्रि चौपाल करवाया जाना है जिससे लोगों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता आ सके। उपायुक्त ने सिविल सर्जन सर्जन एवं भीबीडी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कीटनाशी छिड़काव के दौरान एमटीएस/केटीएस, एमपीडब्ल्यू एवं छिड़काव कर्मी समय पर गांव में उपस्थित रहे। बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर मंटू कुमार टेकरीवाल और एसीएमओ डॉक्टर अरविंद कुमार, सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रभारी भीबीडी सलाहकार, बीपीएम, बैम, एमटीएस केटीएस, डीपीओ केयर इंडिया पीसीआई डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारम्भ हुआ



**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत** पाकुड़ जिले के शहर कोल पंचायत के चोपो टोला मैदान में चोपोटोला क्लब की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारम्भ शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व फुटबॉलर वीरेंन किस्कु एवं शहर कोल पंचायत के मुखिया विकास गोंड का स्वागत कमेटी के द्वारा आदिवासी नृत्य एवं गाना के साथ किया वीरेन किस्कू और विकास गोंड संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके कमेटी के लोग खिलाड़ी और दर्शक मौजूद थे।

## महाकाल शक्तिपीठ में आदिवासी संस्कृति कला भवन की रखी जाएगी आधारशिला

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**



पाकुड़ महाकाल शक्तिपीठ मंदिर महालय तलवाडंगा पाकुड़ के तत्वावधान में 5 मार्च 2023 को प्रातः 10:30 श्री बाबूधन मुर्मू,पूर्व अध्यक्ष जिला परिषद पाकुड़ के द्वारा सिद्धो कानू चांद भैरव की पुण्य स्मृति में महाकाल आदिवासी सांस्कृति कला भवन की आधारशिला रखी जाएगी। यह शिलान्यास कार्यक्रम अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा मरांडी,स्थानीय मुखिया निपु सरदार,पूर्व मुखिया मरांग मुर्मु एवं निमाई सोरेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होना है महाकाल शक्तिपीठ के संयोजक अनुग्राहित प्रसाद साह ने बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सौहार्द मिलन समारोह का आयोजन होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें पाकुड़ नगर सहित अन्य कई राज्यों के गणमान्य अतिथिगण भी शामिल होंगे। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्राचीन देव संस्कृति उत्थान महाकाल शक्तिपीठ न्यास रजिस्टर्ड दिल्ली के संस्थापक स्वामी सिद्धार्थ परमहंस जी महाराज ने वर्ष 1997 में स्वतंत्रता संग्राम के अग्र मनीषियों के पद चिन्हों के सुगंधि से भावविभोर होकर इस पावन भूमि के प्राचीन गौरव की पुनर्स्थापना के लिए महाकाल शक्तिपीठ मंदिर नामक संस्था स्थापित किया था। जिसका शिलान्यास झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने किया था।जहां आज महाकाल की विशाल शिवलिंग स्थापित है।आज प्रतिदिन दिन बड़ी संख्या में हिंदू धर्मावलंबी पूजा अर्चना करते हैं। उक्त महाकाल मंदिर के परिसर में आदिवासी संस्कृति कला भवन के अलावे भविष्य में वृद्धा आश्रम, गौशाला,शिक्षण संस्थान, अस्पताल आदि खोलने की भी योजना है।

## टी पी कॉलेज में राष्ट्रीय वेबिनार आज

**मधेपुरा।** अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस- 2023 को ध्यान में रखकर शनिवार को नारी : कल, आज और कल विषयक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया है। बीएन एमयू के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् द्वारा आनलाइन मोड में आयोजित इस कार्यक्रम में ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा भी सह आयोजक है। इसमें सभी शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी निः शुल्क भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रमेशचन्द्र सिन्हा,स्वागत परिषद् की अध्यक्षा प्रोफेसर प्रो. राजकुमारी सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन परिषद् की उपाध्यक्ष प्रो. पूनम सिंह करेंगी। उन्होंने बताया कि वेबिनार में मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के पूर्व कुलपति प्रो. शुक्ला सिंह मोहंथी और विशिष्ट अतिथि दर्शनशास्त्र विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. छाया राय होंगी। विषय प्रवेश की जिम्मेदारी दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी की प्रो. ज्योत्सना श्रीवास्तव निभाएंगी। प्रश्नोत्तर सत्र एवं दो युवाओं की प्रतिक्रिया इसका मुख्य आकर्षण होगा।

## लिट्टीपाड़ा थाना में होली को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल**



रंगों का त्योहार होली को लेकर शुक्रवार को शांति समिति का बैठक थाना प्रभारी संतोष कुमार की अध्यक्ष में थाना परिसर में आयोजित किया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित थे। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।थाना प्रभारी ने कहा रंगों का पर्व होली में किसी भी प्रकार का हुड़दंग को बर्दाश्त नही किया जाएगा।साथ ही शोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से होली का पर्व मनाने की अपील किया।साथ ही थाना प्रभारी ने मोटरसाइकिल चालको से मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने का अपील किया. कहा एक वर्ष के दौरान थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में 14 लोगो की मौत हो चुका है। मोटरसाइकिल चालक अगर हेलमेट का उपयोग करेंगे तो ऐसे दुर्घनाओं से अपने को सुरक्षित रख सकेंगे साथ ही पुलिस द्वारा जांच के दौरान जुमार्ना से भी बच सकेंगे। मौके पर एसआई मिथुन कुमार, एएसआई वीरेंद्र सिंह , सुरेश प्रसाद, सहित अन्य उपस्थित थे।

## धनुष पूजा विद्यालय में शिक्षकों ने मनाया होली मिलन समारोह

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**




पाकुड़ जिले के धनुष पूजा विद्यालय में शिक्षक परिवार ने होली से 4 दिन पहले होली मिलन समारोह का आयोजन मध्य विद्यालय धनुष पूजा में देर शाम किया । मुख्य अतिथि के रूप में डीडीसी शाहिद अख्तर व डीएसइ मुकुल राज कार्यक्रम में उपस्थित हुए । एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह की शुरूआत हुई । पुआ पकवान के साथ होली मनाई गई हेडमास्टर दिलीप राय ने बताया कि त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मनाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा का प्रतीक है।सभी शिक्षक परिवार के सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी । शिक्षक परिवार ने गायन टोली को निमंत्रण में बुलाया और टोली ने जमकर फगुआ के गीत गाए । सभी शिक्षकों ने जमकर फगुआ के गीत पर ठुमके लगाए ।

## उत्पाद विभाग व जिला पुलिस ने की संयुक्त छापेमारी, अवैध शराब बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**

देवघर। होली पर्व के मद्देनजर गुरुवार की देर रात उत्पाद विभाग की पुलिस ने मोहनपुर थाना प्रभारी के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी कर 60 लीटर महुवा शराब व 1200 लीटर जावा महुवा बरामद किया हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र जाट एवं उत्पाद अधीक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार उत्पाद विभाग की पुलिस ने मोहनपुर थाना अंतर्गत तेलिया मंझियाना गांव में सघन छापेमारी किया। जिसमें कई घरों मे अवैध शराब का निर्माण करते पकड़े गए। इस दौरान पिंकू मंडल, दिलीप मंडल, पप्पू मंडल, उमेश मंडल, बिनोद मंडल एवं रीतलाल मंडल के घर से कुल करीब 60 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 1200 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। इस अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, मोहनपुर थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप कुमार, अवर निरीक्षक रूपेश कुमार, सअनि अवधेश कुमार एवं सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे। सभी व्यक्ति पुलिस के आने की भनक पर फरार हो गए। पुलिस के द्वारा उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए ) के तहत सभी फरार व्यक्तियों पर फरार अभियोग दर्ज किया गया है। साथ ही फरार आरोपियों के धड़पकड़ के लिए छापेमारी भी की जा रही है।

## पुलिस निरीक्षक कार्यालय में आयोजित हुई मासिक अपराध गोष्टी

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**

कुंडहित सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय में शुक्रवार को इंस्पेक्टर देवेश कुमार भगत की अध्यक्षता में क्राइम मीटिग का आयोजन किया गया। जिसमें कुंडहित, बागडेहरी तथा फतेहपुर के थाना प्रभारी शामिल रहे। बैठक के दौरान पिछले महीना की घटनाएं एवं अपराधों की समीक्षा की गई। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में फरार वारंटियों एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का इंस्पेक्टर ने निर्देश दिया। अपराध नियंत्रण की दिशा में थाना के विभिन्न इलाकों में संध्या गश्ती बढ़ाने के साथ ही स्थानीय लोगों से संपर्क कर पुलिस पब्लिक मैत्रीपूर्ण संबंध को बरकरार रखने की प्रक्रिया पर जोर दिया। इंस्पेक्टर ने तीनों थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए होली पर्व के मद्देनजर अपने अपने क्षेत्र में चौकसी बढ़ाने के साथ साथ



शराबियों एवं हुड़दंग करने वालों पर नजर रखने की बात कही। मौके पर कुंडहित थाना प्रभारी पंकज कुमार, बागडेहरी थाना प्रभारी विकास कुमार सिंह, फतेहपुर थाना प्रभारी आलोक कुमार उपस्थित रहे।

## नाला तथा गेड़िया शैक्षणिक अंचल की हुई बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला (जामताड़ा)**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को गेड़िया तथा नाला शैक्षणिक अंचल की गुरु गोष्टी आयोजित की गई। ज्ञात हो कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारघरिया तथा मध्य विद्यालय नाला में गुरू गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाला मध्य विद्यालय में गोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी ने की तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारघरिया में गोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गीरीश प्रसाद मंडल ने की। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान खेलो झारखंड के तहत चयनित बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए देवघर के त्रिकूट पहाड़ तथा नंदन पहाड़ शनिवार को ले जाने को लेकर चर्चा की गई।इस दौरान सभी स्कूल में रंग रोगन पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान वर्ग अष्टम का



साइकिल की सूची उपलब्ध कराने तथा एमडीएम किसी भी प्रकार से बंद नहीं करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे ई- विद्यावाहिनी में यूडाइस मेडिटरी स्टुडेंट अपलोडिंग करने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर नाला सीएचसी के चिकित्सक डॉ रामकृष्ण बाबु ने एमआर (मिजिल्स एंड रूबेला)9 महिना से 15 महिना तक के बच्चों को दिये जाने को लेकर जानकारी दी। साथ ही 15 अप्रैल से 15 मई के बीच स्कूलों में कैम्प लगाकर टीका दिए जाने की बात कही। इस अवसर पर बीआरपी सुनील कुमार मंडल, टुनटून कुमार, सीआरपी राकेश जायसवाल, विधान चन्द्र साधु, समीर चन्द्र महतो, समर लायेक, नित्यानंद गोरांई, शिक्षक संघ के जयकांत तिवारी, महेश्वर घोष, विकास झा, वैद्यनाथ पाल, बिमल सिंह, संजय झा, नवीन कुमार, राधाविनोद मंडल, माधवी मरांडी,रानी सोरेन , सरस्वती दास, भीमसेन मंडल,रामरतन मुर्मू,सरोज कुमार मुर्मू, मुनमुन पाल, मिट्ठू बाउरी, बुलबुल मित्र, प्रमोद तांती, ब्रज गोपाल मिश्र, बच्चु कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## देवघर पुलिस का दिखा मानवीय चेहरा, एक घायल व्यक्ति की बचाई जान

**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**



देवघर। पुलिस शब्द से एक कड़क और रोबदार छवि सामने आती है। इस छवि को तोड़ने का काम किया है देवघर पुलिस ने। विदित हो कि देवीपुर थाना अंतर्गत हटिया चौक के पास सड़क दुर्घटना मे एक व्यक्ति घायल हो गया था। वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शी सिर्फ तमाशबीन बने हुए थे। तभी वहां से गुजर रही हाईवे पेट्रोलिंग 4 के द्वारा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अपने वाहन से देवघर सदर अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया।जानकारी हो कि देवीपुर थाना अंतर्गत हटिया चौक के पास मोटरसाइकिल और ट्रेक्टर के बीच टककर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त हो गए। प्राप्त सूचना पर त्वरित करवाई करते हुए देवीपुर थाना क्षेत्र के गस्ती वाहन हाईवे पेट्रोलिंग 4 के पदाधिकारी सअनि सुधीर कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा घायल व्यक्ति को हटिया चौक से देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ घायल व्यक्ति का उपचार चल रहा है। देवघर पुलिस द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चला रही हैं। जिससे कि सड़क दुर्घटना मे कमी आ सके। इस बाबत अक्सर शराब पीकर वाहन न चलाने , हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने की आग्रह की जाती रही है और रोड के दाहिने -बाएं तरफ बेतरतीब से पार्किंग नहीं करनी और हाई स्पीड गाड़ी चलाने से मना किया जाता रहा हैं। खैर देवघर पुलिस के इस मानवीय रवैए की चहुंओर प्रसन्नता की जा रही है।

## भेलुवा में निमार्णाधीन पावरग्रिड का काम बनियाडंगाल के लोगों ने कराया बंद विभागीय अधिकारी के आश्वासन पर पुन: शुरू हुआ काम

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**

भेलुआ पंचायत अंतर्गत निमार्णाधीन पावर ग्रिड का काम भेलुआ पावर ग्रिड के साथ-साथ बेनियाडंगाल नाम न रखने को लेकर बनियाडंगाल गांव के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर काम बंद करा दिया बाद में विभागीय अधिकारी के आश्वासन पर काम फिर चालू किया गया। बता दे कि विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबिन्द्रनाथ महतो के पहल पर कुंडहित प्रखंड में 100 करोड़ की लागत से पावर ग्रिड निर्माण कार्य शुरू किया गया है। निर्माण कार्य को लेकर भेलुआ पंचायत के बेनियाडंगाल गांव के आदिवासियों ने बिरोध कर निर्माण कार्य बंद किया था। शुक्रवार को सीओ नित्यानंद प्रसाद, बीडीओ श्रीमान मरांडी बेनियाडंगाल गांव पहूँचकर ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया भेलुआ मौजा स्थित दांग नं0 2367 पर दस एकड़ पुरातन पतित जमीन पावर ग्रिड के नाम से दिया गया है। जबकि उसी जमीन से सटा बेनियाडंगाल मौजा स्थित दांग नं0 666 पुरातन पतित है। उसी पुरातन पतित पर वर्ष 1970 में अंचल कार्यालय कुंडहित द्वारा 11 आदिवासी को 50-50 डीसमिल जमीन पट्टा दिया गया हैं। उसी जमीन का कुछ हिस्सा पावर ग्रिड निर्माण कार्य के अंदर घुसा हुआ है। ग्रामीणो ने सीओ एवं बीडीओ के सामने आपत्ति किया जब भेलुआ एवं बेनियाडंगाल मौजा के जमीन पर पावर ग्रीड निर्माण हो रहे है तब भेलुआ के नाम पर पावर ग्रीड निर्माण क्यों होगा। पावर ग्रिड का निर्माण होगा तो भेलुआ एवं बेनियाडंगाल के नाम से होगा। साथ ही ग्रामीणों द्वारा



सीओ एवं बीडीओ के सामने कुछ शर्त रखा गया। ग्रामीणों ने बताया विभागीय अधिकारी एवं निर्माण कार्य से जुड़े संवेदक द्वारा जबतक शर्त को पुरा नही किया जाता है तब तक बेनियाडंगाल मौजा के जमीन पावर ग्रिड निर्माण कार्य में अधिग्रहण नही करने दिया जायेगा। ग्रामीणो से बातचीत के बाद बिजली विभाग के अधिकारी एवं निर्माण कार्य से जुड़े संवेदक के साथ भेलुआ पंचायत भवन में एक बैठक किया गया। बैठक के दौरान बेनियाडंगाल के ग्रामीणो ने बताया पावर ग्रिड में बेनियाडंगाल गांव के 11 आदिवासी का 50-50 डीसमिल जमीन अधिग्रहण किया गया। निर्माण कार्य से जुड़े संवेदक के मुंसी द्वारा उक्त 11 लोगो को मुआवाजा राशि देने तथा अन्य शर्त पुरा करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में बेनियाडंगाल मौजा के ग्रामीणो ने बताया जब से पावर ग्रिड का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, तब से भेलुआ मौजा के ही लोगो से काम लिया जा रहा हैं। बेनियाडंगाल मौजा के किसी को काम नही दिया गया। ग्रामीणो ने बैठक में पावर ग्रीड में योग्यता के अनुरुप खाली पद पर बेरोजगार युवक को रखने तथा पावर ग्रिड का नाम भेलुआ के साथ बेनियाडंगाल रखने का शर्त रखा। इस पर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता कानेर्लीयुस मरांडी ने ग्रामीणो को आश्वासन दिया कि पावर ग्रिड के शिलापट्ट, ग्रिड तथा सभी दस्ताबेजो में भेलुआ सहित बेनियाडंगाल का नाम उल्लेख किया जाएगा। साथ ही अन्य शर्तो पर हामी भरते हुए बेनियाडंगाल गांव के लोग अधिग्रहण जमीन पावर ग्रिड को देने पर राजी हुआ। मौके पर सीओ नित्यानंद प्रसाद, बीडीओ श्रीमान मरांडी, मुखिया आरती हेम्ब्रम, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता कानेर्लीयुस मरांडी, कनीय अभियंता जयप्रकाश तिर्की राजस्व कर्मचारी संदीप मरांडी, आमीन मोतिलाल मुर्मू तथा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नगर थाना मे शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**

देवघर। स्थानीय नगर थाना मे होली व शबे बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक मे शहर के प्रबुद्ध जनो के साथ साथ हिंदु व मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित हुए। बैठक मे नगर अंचल इंस्पेक्टर द्वारा होली व शबे बारात को शांति तरिके से मनाने की अपील की गई। साथ ही इस होली को लेकर हूरडंग पर विशेष रूप नजर पुलिस के द्वारा रखे जाने की बात कही। इसके अलावे चौक चौराहे पर विशेष चौकसी पुलिस के द्वारा बरतें जाने की भी बात कही। बैठक मे आये मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्ध अधिवक्ता अतिकुर रहमान ने बताया की इस बार होली व शबे बारात एक ही दिन हैं लेकिन मुस्लिम समुदाय के लोग शाम मे कब्रिस्तान मे जाते हैं ऐसे मे शांति भंग की कोई सम्भावना नहीं हैं फिर भी पुलिस के द्वारा इस पर सतत निगरानी रखी जानी चाहिए और गश्ती दल के द्वारा पुलिस को कब्रिस्तान वाले स्थान पर विशेष नजर रखनी चाहिए। पुलिस ने आशाश्वत किया कि गश्ती दल इसका ख्याल रखेंगे। इस बैठक मे मुस्लिम समुदाय के अतिकुर रहमान के अलावे, समाजसेवी अनूप वरणवाल, महिला मौर्चा की रीता चौरसिया, पैतर महथा, महेंद्र महथा सहित नगर थाना प्रभारी विक्रम प्रताप सिंह, सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## घर मे घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ की प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**

देवघर। जसीडीह थाना क्षेत्र के बदनाडीह मोहल्ले के रहनेवाले बुधन पंडित ने मोहल्ले के ही सुखदेव पंडित, दुर्योधन पंडित, इतवारी पंडित,राजेश पंडित, मीना देवी, राजेश पंडित, जीतेन्द्र पंडित व शोभा देवी के ऊपर घर मे घुसकर मारपीट करने, गाली गलौज करने व तोड़फोड़ करने की प्राथमिकी दर्ज कराया हैं। जिसमें जिक्र हैं कि वें अपने घर मे थे कि तभी सभी आरोपियों ने लाठी डंडे से लेंस होकर एकमत होकर घर मे घुस आए और गाली गलौज करने लगे। जब इसका उनके द्वारा विरोध किया गया तो सभी मिलकर मारपीट करने लगा और बर्तन आदि सभी को तोड़ने फोड़ने लगे तथा घर मे रखे तैयार बीड़ी जिससे उसका जीवकोपार्जन होता था को भी उनलोगों के द्वारा नष्ट कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बुद्धन पंडित ने इसकी सूचना 100 डायल पर दी। पुलिस आई और शिकायतकर्ता के साथ उसके परिजनों को घर से सुरक्षित बाहर निकाला। विदित हो कि पिड़ीत पक्ष के द्वारा मामले की लिखित शिकायत जसीडीह पुलिस को दी गई है। खबर लिखे जाने तक जसीडीह पुलिस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी हैं।

## देवघर : भट्टर पर बवाल, एग्रीमेंट मांगते ही पंडा धर्म रक्षिणी सभा मे विवाद गहराया, उपाध्यक्ष झ्र महामंत्री आमने - सामने

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल**

देवघर - भट्टर धर्मशाला को लेकर धर्म सभा के भीतर ही गदर मच गया है। पंडा धर्म रक्षिणी सभा के उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, संजय मिश्रा एवं एक अन्य पदाधिकारी ने पंडा धर्म रक्षिणी सभा के महामंत्री कार्तिक नाथ ठाकुर से भट्टर धर्मशाला की खरीद झ्र बिक्री के लिए हुई एग्रीमेंट की कॉपी की मांग की है। जिसके बाद धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री श्री ठाकुर ने तीनों पदाधिकारियों को अपने फेशबुक वॉल पर जवाब दिया है। वहीं पंडा धर्म रक्षिणी सभा के उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा से जब इस संबंध में बातचीत हुई तो उन्होंने कहा कि भट्टर धर्मशाला को लेकर के हुए एग्रीमेंट की कॉपी की जब मांग की गई तब से महामंत्री बौखलाए हुए हैं। एग्रीमेंट को सार्वजनिक करने में आखिर परेशानी उन्हें क्यों हो रही है। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब उन्हें पता था कि भट्टर धर्मशाला के जमीन की प्रकृति



लखराज की है एवं इसके रजिस्ट्रेशन में कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं तो फिर महामंत्री ने सभा के पैसे को क्यों फसाया ? इधर सभा के महामंत्री ने तीनों पदाधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर मोर्चा खोलते हुए लिखा है कि ये लोग नेताओ और अफसरो के पिट्ठू है, नही रहेगे तो डीएसए में और संस्थाओ में इन्हें जगह कैसे मिलेगी ? शिवरात्रि महोत्सव के पूर्व सासंद के घर मे ये लोग बैठकर उनके निर्णय का समर्थन करते है। इससे स्पष्ट है कि किस नेता के इशारो पे नाच रहे है अगर भट्टर का मालिक सभा नही है तो सावन भादो मे 3 नबंर के उपाध्यक्ष को कैसे मिलीभगत करके उन्हें भाडा दे दिया। ये चुनावी स्टंट है और ये मुझे बदनाम करने की साजिश है। लेकिन ये नहीं जानते है कि ये शिव की नगरी है और शिव हलाहल को पीकर भी आनंद करते है। 28 फरवरी को फेसबुक लाईव मे सारे कागजातो को सार्वजनिक कर चुका हूं मेरे (श्री ठाकुर) सारे विरोधी एक मंच पर एकत्रित है और मै नहीं इन्हें समाज और समय भरपूर जवाब देगा। पांच बर्षो से सभा भट्टर का संचालन कर रही है क्या कोई अपनी संपत्ति बिना पैसे लिए कोई देगा? भट्टर परिवार ने जो चार करोड लिए है उसकी पावती दी है, भट्टर का जिम्मानामा दिया है। आज इनलोगो की मिलीभगत के कारण समाजबाडी मे बर्तन और जेनरेटर की खरीद न हो पायी है। जिसके कारण वहां अपने आयोजन करने वालो को परेशानी होती है। डेकोरेशन वालो को ज्यादा पैसा देना पडता है । ये जमीन दलालो से मिले है और चाहते कि भट्टर का सौदा रद्द हो और ये जमीन दलालो से मिलकर करोडो की कमाई करें। कुल मिलाकर कहें तो यह मामला आने वाले दिनों में अभी और तूल पकड़ेगा क्योंकि पंडा धर्म रक्षिणी सभा का इस वर्ष चुनाव भी होना है ? इधर देवघर विधायक नारायन दास ने झारखण्ड विधानसभा में 3 मार्च को सूचना में मामला उठाया किन्तु इसे प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण या शून्यकाल मे उठाना चाहिए था। इस तरह लोगो के अनुसार विधायक ने चुनावी गेम कर दिया है।

## झारखंड सरकार का बजट जनविरोधी



**दैनिक शुभ भास्कर मुरारी मंडल देवघर प्रखंड संवाददाता**

भाजपा जिला मिडिया प्रभारी सचिन सुलतानिया और सोशल मीडिया प्रभारी अमृत मिश्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि यह बजट असत्य का पुलिंदा है। यह गरीब, छात्र, बेरोजगारी व किसान विरोधी बजट है। झारखंड सरकार के द्वारा बजट जो लाया गया है। यह जन विरोधी बजट है। इस से आम जनता को लाभ नही मिल सकता है। इस बजट में गरीबो के कल्याण हेतु एक भी घोषणा नही है। उनके द्वारा कहा गया कि हेमंत सोरेन सरकार अपने वायदे पूरे करने में नाकाम रही है। ।कुछ भी धरातल पर काम नहीं दिख रहा है। इस बार के बजट से युवा फि र अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। यह बजट बजट नहीं सरकार की नाकामी का परिणाम दशार्ता है।

## भाजयुमो 5 मार्च को करेगा होली मिलन समारोह- दिलिप बरणवाल



**दैनिक शुभ भास्कर मुरारी मंडल, देवघर प्रखंड संवाददाता**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा आगामी पांच मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन भाजयुमो नगर कार्यालय बंधा में आयोजित की जायेगी। उक्त जानकारी भाजयुमो के नगर अध्यक्ष दिलीप वर्णवाल ने दी। उन्होंने बताया कि होली मिलन समारोह में भारतीय जनता युवा मोर्चा के सदस्य और नगर के सभी पदाधिकारी शामिल होंगे। इस होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भोजन की भी व्यवस्था होगी।

## वर्तमान सरकार द्वारा पेश बजट जन भावनाओं के अनुरूप- चमेली देवी

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

हेमंत सोरेन सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी रही चमेली देवी ने कहा की वर्तमान सरकार द्वारा पेश किया गया बजट जन भावनाओं के अनुरूप है। सभी वर्गों का ख़्याल रखा गया है। सरकार ने 100 मीट्रिक क्षमता के 566 कोल्ड स्टोरेज के स्थापना का प्रावधान इस बजट में आया जिससे अब किसानों की फसल बर्बाद नहीं होगी। बजट में सोरेन सरकार ने पुरानी पेंशन नीति लागू करने का किया एलान है। वही ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की दिशा में पेंशन कोष के लिए 700 करोड़ का प्रावधान किया गया है जिससे अब सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ जल्द मिल सकेगा। आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन देने का ऐलान किया। वही आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय में क्रमश 500 और 250 रुपये की वृद्धि की गई है। 500 रुपये प्रतिवर्ष प्रीमियम पर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के लिए सामूहिक बीमा योजना का ऐलान किया गया। इसके साथ ही 100 करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश में 800 नई आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जाएगा। इन सभी के साथ हम कह सकते है कि जिन उम्मीदों के साथ लोगो ने इस सरकार को चुना था वो अब पूरा होता दिख रहा है।

## फिजूलखर्ची पर फुलस्टॉप - शहरडाल मोमिन पाड़ा के बाद मोहड़ा गांव के रहवासियों ने निकाह में फिजूलखर्ची न करने का लिया संकल्प

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

जामताड़ा के शाहरडाल मोमिन पाड़ा में कुछ दिन पूर्व ही मुस्लिम समाज के द्वारा शादी विवाह में शक्ति के साथ फिजूलखर्ची पर रोक और बचे हुए इन पैसों को गरीब बेटियों के शादी में खर्च करने का फरमान सुनाया गया था। इसी कड़ी में एदार ए शरिया एवं बाईसी के निदेर्शानुसार जामताड़ा के मोहड़ा गांव में मदीना मस्जिद कमेटी के तत्वाधान में शादी विवाह में डीजे दहेज प्रथा की रोक लगाने को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता इस्लाम मियां ने किया। विगत कुछ दिन पहले जामताड़ा के सहरडाल मोमिनपाड़ा में प्रगतिशील मोमिन समाज सुधार समिति ने बैठक का आह्वान किया था कि इस पर समाज के लोग पूरी तरह प्रतिबंध लगाएं नहीं तो दंड भुगतना पड़ेगा। जिसका मदीना मस्जिद कमेटी ने स्वागत करते हुए इसे कड़ाई से पालन करने का निर्णय लिया। बैठक में मुस्लिम समाज के निकाह-



विवाह के मौके पर गलत रश्मों और फिजूलखर्ची पर चर्चा हुई। निकाह में डीजे बजाने, आतिबाजी व बेकार के खर्चों व डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। दहेज प्रथा पर पाबंदी लगाने पर भी सहमति बनी। मौके पर मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना सलामत अंसारी ने कहा कि मुसलमान अपने घरों में निकाह-विवाह के दौरान होने वाले फिजूलखर्च पर रोक लगाएं। उन पैसों से गरीबों की मदद करें। समाज के लोग इस्लाम को पूरी तरह मानें। शादी-विवाह में डीजे, आतिशबाजी, नाच-गान जैसे फिजूलखर्ची से परहेज करें। क्योंकि आतिशबाजी करने व डीजे बजाने से आस-पड़ोस के लोगों को काफी परेशानी होती है। खास करके पढ़ने-लिखने वाले बच्चों व बीमार लोगों को ज्यादा दिक्कत होती है। बैठक में उपस्थित लोगों ने ऐलान किया कि जिस निकाह-विवाह में डीजे बजेगा और आतिशबाजी होगी उसमें समाज के लोग शिरकत नहीं करेंगे। वही बैठक की अध्यक्षता कर रहे इस्लाम मियां ने कहा कि गांव में किसी का भी शादी हो कमेटी का लोग नजर रखेंगे अगर ऐसा करते हैं तो उन्हें सामाजिक तौर पर भी दंडित किया जाएगा । उन्होंने जिले के सभी गांव में इस तरह का पहल करने की अपील की है ताकि समाज आगे बढ़े। मौके पर बसीर मियां, सद्दाम अंसारी, मुख्तार अंसारी, मौलाना मकबूल अंसारी, अब्दुल रहमान, हबीबुला अंसारी, सरफराज अंसारी, अताउल अंसारी, कुदुस अंसारी, हातिम मियां, शारुख अंसारी, फिरोज अंसारी, सब्बीर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, जमशेद अंसारी, सिराज अंसारी, साजिद अंसारी, अब्दुल गफ्फार अंसारी हजरत अंसारी, हासिम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, साकिर अंसारी, फकरुद्दीन अंसारी, अली अकबर सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## लॉजिस्टिक प्लानिंग एवं बिजनेस डेवलपमेंट पर तकनीकी सेमिनार का आयोजन




हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल श्री अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में लॉजिस्टिक प्लानिंग एवं बिजनेस डेवलपमेंट विषय पर एक तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया । इस सेमिनार में अपर महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री मनोज कुमार एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री शिव कुमार प्रसाद सहित मुख्यालय एवं मंडलों के परिचालन एवं वाणिज्य विभाग उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे ।सेमिनार में बिजनेस डेवलपमेंट के तहत माल लदान हेतु ह्यमिशन 200 मिलियन टन प्लसह्य का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु लॉजिस्टिक प्लानिंग के तहत यार्ड मोबिलिटी इम्प्रूवमेंट, एसेट फेल्यूर मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक प्लानिंग फॉर अनलोडिंग टर्मिनल, गुड्स शेड में मैकेनाइज्ड अनलोडिंग तथा गारलैंड कांसेप्ट के आधार पर कोचिंग ट्रेनों की शुरूआत करने जैसे विषय पर चर्चा की गयी ।इसके साथ ही सेमिनार में रेल उपभोक्ताओं को अधिकाधिक संतोषप्रद एवं सुविधाजनक सेवा प्रदान करने भी चर्चा की गयी तथा उनके विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों के आदान-प्रदान को सुसुलभ बनाने पर विचार-विमर्श किया गया ।

## जयनगर में मांस, मछली बाजार शेड का हुआ उद्धघाटन हुआ

**जयनगर /मधुबनी**
**दैनिक शुभ भास्कर**
**(मो.गुलाब)**



मधुबनी जिला के जयनगर में वार्ड नंबर 2 में पानी टंकी के पास मांस,मछली बाजार शेड का उद्धघाटन अनुमंडल पदाधिकारी बेबी कुमारी,नगर पंचायत के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, कार्यपालक पदाधिकारी डॉ इंद्र कुमार मंडल,उप मुख्य पार्षद माला देवी,वार्ड पार्षद हनुमान मोर,बिनोद शर्मा,रंजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को मिथिला के परम्परा के अनुसार पाग,दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया ।इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बेबी कुमारी ने कहा कि जयनगर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए मांस,मछली बाजार शेड का उद्धघाटन किया आज किया गया ।यह मेरा शुरू से ड्रीम प्रोजेक्ट था।।इस मौके पर मिथिलांचल चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिव शंकर ठाकुर, सरवन पासवान कांग्रेस नेता अनुरंजन सिंह, मो फिरोज, मो सफदर, मो अयुब मो मोईम, मो शमशाद, सहित मांस मछली विक्रेता मौजूद थें।

## पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा टी बी जागरूकता अभियान






**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता-** रामगढ़। टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत मनाएं जा रहे हैं 24 फरवरी से 24 मार्च 2023 तक राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम विश्व टी बी दिवस और एर हए उअठ एठऊळइ के सफलता को लेकर पीरामल स्वास्थ्य स्कूलों में सामुदायिक बैठक कर लोगों को जागरूक करने का कार्यक्रम किया जा रहा है इसी क्रम में पतरातु प्रखंड के घुटूवा ग्राम और कुरसे ग्राम में सामुदायिक बैठक कर लोगों को टी बी मुक्त भारत अभियान के बारे में जागरूक किया गया और बताया गया कि टी बी का इलाज संभव हैं और जिला टी बी विभाग द्वारा निशुल्क दवा वितरण,हर माह इलाज के दौरान 500 रुपए छं माह तक दिया जाता है । पीरामल स्वास्थ्य के जिला समन्वयक अजय नारायण दुबे ने बताया कि टी बी उन्मूलन के लिए सामुदायिक सहभागिता के द्वारा ग्राम, पंचायत और रामगढ़ जिले को टी बी मुक्त किया जा सकता है टी बी बीमारी के उन्मूलन लोग आगे आ कर टी बी मुक्त भारत अभियान में सहयोग दे। साथ में पीरामल स्वास्थ्य कि अर्पिता परासर भी उपस्थित थीं।

## पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रांसजेंडर के खिलाफ चलाया तीन दिवसीय अभियान

**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता**

हाजीपुर ।पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्वीटर एवं रेल मदद एप्प पर रेल यात्रा के दौरान ट्रेनों में किन्नर/ट्रांसजेंडरों द्वारा यात्रियों को परेशान करने संबंधी प्राप्त कई शिकायतों के मद्देनजर 27.02.2023 से 01.03.2023 तक तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया ।इस विशेष अभियान के दौरान रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर ट्रेनों में 85 किन्नर/ट्रांसजेंडरों को यात्रियों को परेशान करने के आरोप में हिरासत में लिया गया तथा इनसे 64 हजार रुपये दंडस्वरूप वसूल किये गये ।इस विशेष अभियान के दौरान सोनपुर मंडल में 28, दानापुर मंडल में 24, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 18, धनबाद मंडल में 08 तथा समस्तीपुर मंडल में 07 लोगों को गिरफ्तार किया गया ।यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ।

### ट्रेनों के नियत समय पर परिचालन में अवरोध उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध पूर्व मध्य रेल द्वारा चलाया जा रहा है ऑपरेशन समय पालन

**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता**

हाजीपुर ।पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना किसी कारण चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है ।इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन ह्यह्यसमय पालनह्यह्य के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो ।इस विशेष अभियान में दिनांक 02.03.2023 को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा एक दिन में पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 50 लोगों को हिरासत में लिया गया । इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई ऑपरेशन समय पालन के तहत 02.03.2023 को सबसे अधिक 32 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि सोनपुर मंडल में 09, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 05, समस्तीपुर मंडल में 02 तथा धनबाद मंडल में 02 लोगों को गिरफ्तार किया गया ।विदित हो कि गाड़ियों को बिना ठहराव एसीपी (चेन पुलिंग) करके रोकने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।लंबी दूरी वाली गाड़ियों में सफर करने वाले यात्री एसीपी के कारण और ज्यादा परेशान हो जाते हैं ।यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ।

## सहारा इंडिया में जमा रुपया भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के नियमानुसार लौटाए केंद्र सरकार - डा आरसी प्रसाद



हजारीबाग-सहारा इंडिया के जमा करता एवं अभिकताओं द्वारा एक बैठक मेहता हॉस्पिटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में की गई। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के नियमानुसार जमा करता का रुपए केंद्र सरकार लौटावे। भारतीय प्रतिभूति से मान्यता प्राप्त करने के बाद सहारा ने पूरे भारत में कारोबार शुरू किया हर मोहल्ले गली कूचे में सहारा के अभिकर्ता घूमते नजर आए ₹10 से लेकर हजारों रुपए तक प्रतिदिन कलेक्शन किया। लोगों ने यह सोच कर जमा किया किया जमा पूंजी मेरी बेटी विवाह, बेटा के पढ़ाई या किसी संकट की घड़ी में काम आएगा परंतु आज केंद्र सरकार के ढुलमुल नीति के कारण सहारा इंडिया रुपया हड़पने का प्रयास कर रहा है यह बातें कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने कहा उन्होंने कहा की मोदी सरकार हस्तक्षेप करते हुए जल्द गरीबों का जमा राशि लौटावे। क्योंकि सहारा इंडिया से भारत के हर घर के जनता पीड़ित है एलआईसी को प्राइवेटाइजेशन के तहत अडानी को दिया जा रहा है एलआईसी एवं राष्ट्रीय बैंकों का हाल भी इसी तरह होने की संभावना है नागरिकों से विनम्र आग्रह है कि अपनी जमा राशि व्यवसाय या भूमि में निवेश करें क्योंकि आज बैंकों के प्रति लोगों में जन असंतोष अविश्वास उत्पन्न हो गया है। बैठक में मुख्य रूप से बिरेंद्र पांडे सुरेश कुमार विष्णु यादव रामेश्वर महतो भुनेश्वर यादव प्रयाग मेहता विकास कुमार सीताराम सिंह गजेंद्र कुमार मनोज मेहता विकास मेहता सुमित्रा देवी चिंटू भुईया गीता देवी ब्रज किशोर मेहता राजेंद्र यादव दुलारी देवी रेजिना एका प्रमिला मरांडी बिहारी मरांडी दशरथ दांगी राजू मेहता भोला कुमार राजेश मांझी सरफूल हक राजन भगत इत्यादि सैकडो जमाकताओं एवं अभिकर्ता उपस्थित रहे।

## हेमंत हटाओ, झारखण्ड बचाओ रामगढ़ उपचुनाव झांकी है, 2024 बाकी है



रामगढ़ उपचुनाव में जनता ने एनडीए को प्रचंड जीत दिलवाई है। इस चुनाव ने 2024 में झारखण्ड में बदलाव का संकेत दे दिया है। जेएमएम-कांग्रेस ठगबंधन वाली सरकार के कार्यों व नीतियों से हजारीबाग व रामगढ़ समेत पूरे झारखण्ड की जनता त्रस्त है। सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने रामगढ़ उपचुनाव में विशेष भूमिका निभाई। एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के समर्थन में उन्होंने क्षेत्र भर में अनेक कार्यक्रम कर जनता को भारी संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, जनसंपर्क अभियान, पद यात्राओं, विशाल बाइक रैली, नुक्कड़ सभाओं समेत विभिन्न समाजों के प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उपचुनाव पर चर्चा की। जयंत सिन्हा को जनता का जो स्नेह, समर्थन व आशीष मिला, वो अद्भुत था। वे जनसंपर्क व पद यात्रा के माध्यम से रामगढ़ विधानसभा के सभी प्रखंडों में गए और क्षेत्रवासियों से संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए जो विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लायी हैं, जनता उनसे बेहद प्रसन्न और संतुष्ट है। रामगढ़ उपचुनाव में इन विकास कार्यों का जनता पर काफी गहरा प्रभाव पड़ा। जयंत सिन्हा कार्यकर्ताओं को उपचुनाव में सभी आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। उनका कहना था कि हमें हर बूथ को मजबूत बनाये रखते हुए मतदाताओं को सर्वाधिक संख्या में मतदान करने के लिए मतदान केंद्रों तक लाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे हर गली, चौक व मुहल्ले में जाएं और लोगों को मोदी सरकार के विकास कार्यों के विषय में बताएं। एनडीए कार्यकर्ताओं को अपने सांसद से मार्गदर्शन प्राप्त कर उपचुनाव में प्रचार-प्रसार हेतु नई ऊर्जा मिली और वे दोगुनी लगन व मेहनत से जुटे रहे। इस विराट जीत पर जयंत सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव के नतीजों से हजारीबाग, रामगढ़ और झारखण्ड ही नहीं बल्कि पूरे देश में संदेश गया है कि "हेमंत हटाओ, झारखण्ड बचाओ" इस उपचुनाव को लेकर मैं आश्वस्त था कि जनता एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलवाएगी। रामगढ़ की जनता में जेएमएम-कांग्रेस की विफल सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। राज्य सरकार ने युवाओं, महिलाओं व किसानों समेत हर वर्ग से झूठे वादे किए। इस ठगबंधन सरकार ने पिछले 3 सालों में सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया। रामगढ़ उपचुनाव जेएमएम-कांग्रेस सरकार को जनता का जवाब है। आज झारखण्ड की जनता सिर्फ मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का शासन देखना चाहती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि 2024 में जनता झारखण्ड की विफल सरकार को उखाड़ फेंकेगी और राज्य में पुनः विकास का कमल खिलेगा। जयंत सिन्हा ने इस अवसर पर रामगढ़ की जनता का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता ने मलाई की राजनीति करने वालों को नकार कर भलाई की राजनीति करने वालों को चुना है। एनडीए पर जनता ने जो विश्वास और भरोसा जताया है, हम उस पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। क्षेत्र की प्रगति व विकास ही हमारा लक्ष्य है। सभी के समुचित प्रयास व सहयोग से हम प्रगति को बढ़ावा देंगे। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री , भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जी, भाजपा, झारखण्ड अध्यक्ष दीपक प्रकाश समेत एनडीए के लाखों समर्पित कार्यकताओं का धन्यवाद देते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली अध्यक्ष का हुआ कटोरिया में स्वागत

**बांका/कटोरिया से संवाददाता**
**श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**



बांका/कटोरिया मे भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली के अध्यक्ष रामपाल सिंह को शुक्रवार को जिला प्राथमिक शिक्षक संघ भवन का उद्घाटन के लिए बांका जाने के दौरान कटोरिया के शिक्षकों ने कटोरिया देवघर मुख्य मार्ग चांदन प्रखंड क्षेत्र बॉर्डर के समीप तोरण द्वार के पास शिक्षकों की काफी झुंड में अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर स्वागत किया और एक जुलूस के साथ बांका जाने के दौरान कटोरिया बीआरसी भवन के निकट शिक्षक व आदर्श मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया। जबकि शनिवार 4 मार्च को झंडोत्तोलन एवं संगठन का उद्घाटन तत्पश्चात अतिथियों एवं मुख्य वक्ताओं का संबोधन करेंगे ।जबकि 5 मार्च को विभिन्न वक्ताओं द्वारा विषय वस्तु पर संबोधन करेंगे। जबकि उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा मौजूद रहे। वहीं प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा शिक्षक संघ भवन बांका का उद्घाटन है और कल शनिवार को सम्मेलन है। यह सम्मेलन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस सम्मेलन शिक्षकों का पुरानी पेंशन योजना के बारे में विस्तार पूर्वक विचार किया जाएगा। इसके लिए देश में चारों ओर उत्तर पूरब पश्चिम दक्षिण दिशा के शिक्षकों को जागरूक कर बताया जाएगा की सरकार द्वारा शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है उसे पुरानी पेंशन से नहीं जोड़कर अपना लाभ के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री एमएलए एमपी एमएलसी अन्य नेताओं का पुरानी पेंशन दिया जा रहा है। शिक्षकों को पुरानी पेंशन क्यों नहीं दिया जाएगा । उन्होंने सरकार से मांग किया है शिक्षकों का पुरानी पेंशन लागू किया जाए नहीं तो शिक्षक बैठे नहीं रहेंगे पूरे देश भर में बृहद पैमाने पर आंदोलन कर अपना हक हुकुम लेने के लिए लड़ाई जारी रहेगा। मौके पर उपस्थित सेवानिवृत्त शिक्षक कैलाश प्रसाद यादव अनन्तकांत चौधरी रतन कुमार दामोदर रजक शिक्षक सुनील प्रसाद भगत शैलेंद्र सिंह पुरेंद्र सहाय विनोद कुमार तनवीर हसन दिलीप कुमार मंडल सोमनाथ मेहरा आदि मौजूद थे।

## पतरातु डैम रिजॉर्ट में जी 20 डेलिगेट्स का भव्य स्वागत, झारखंड की संस्कृति के कायल हुए लोग

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**






रांची। मद्धिम संगीत, पक्षियों की चहचहाहट, पतरातु डैम के किनारे बना रिजॉर्ट शुक्रवार को विदेशी मेहमानों की मेहमाननवाजी में व्यस्त था। जी 20 सम्मेलन में शिरकत करने आए मेहमान भी झारखंड के रमणीय वातावरण के कायल हो गए। कुछ मेहमान पलाश के वृक्षों को निहार रहे थे, तो कुछ डैम में बोटिंग का आनंद लेते दिखाई दिए। रिजॉर्ट में मेहमानों का स्वागत झारखंड की संस्कृति और परम्परा के अनुरूप किया गया। ढोल, नगाड़े की थाप पर नृत्य करते झारखंड के कलाकारों ने प्रतिनिधियों का मन मोह लिया। जेएसएलपीएस के उत्पादों के स्टॉल पर मेहमानों ने की खरीदारी जी 20 की बैठक में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत का तरीका एकदम अनूठा और आकर्षक था। रिसोर्ट के किनारे जेएसएलपीएस प्रोडक्ट्स के स्टाल लगाए गए थे। साथ ही खादी ग्राम उद्योग की भी प्रदर्शनी लगाई गई थी। विदेशी मेहमानों में झारखंड के प्रोडक्ट को लेकर काफी उत्सुकता दिखाई दी। उन्होंने जेएसएलपीएस के इनस्टॉल से कई खाद्य प्रोडक्ट की खरीदारी की। वही खादी ग्राम उद्योग के स्टॉल पर भी मेहमानों ने जाकर उनके प्रोडक्ट के बारे में जानकारी ली। झारखंडी वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी विदेशी मेहमानों के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहे झारखंड की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्य यंत्र। झारखंड की संस्कृति और संगीत से जुड़े वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। विदेशी डेलिगेट्स ने वाद्ययंत्रों के प्रति गहरी रुचि दिखाई और उनके विषय में जानकारी प्राप्त की। हॉस्पिटिलिटी के विदेशी हुए मुरीद G20 की बैठक में भाग लेने आए विदेशी मेहमानों ने झारखंड में हॉस्पिटिलिटी को लेकर काफी तारीफ की। उन्होंने बताया कि झारखंड का नेचर आकर्षित करने वाला है और खासकर यहां की मेहमाननवाजी बेहतरीन रही।उन्हें जी-20 की बैठक के साथ-साथ यहां की प्रकृति और यहां के लोगों के बारे में काफी जानकारी मिली। झारखंड के लोक नृत्य को भी उन्होंने काफी सराहा।

## पतरातू लेक रिसॉर्ट में जी-20 डेलीगेट्स का ढोल-नगाड़ों के बीच जोहर के साथ हुआ स्वागत

**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता**





रामगढ़।जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए झारखंड की धरती के स्वर्ग कही जाने वाली पतरातू लेक रिसॉर्ट शुक्रवार को विदेशी मेहमानों के उपस्थिति से गुलजार रहा। यहां दुनिया भर से लगभग 35 डेलीगेट्स पतरातू भ्रमन के लिये पहुंच थें। अब पतरातू की पहचान राष्ट्रीय ही नही अंतरराष्ट्रीय तौर भी हो गया। जी-20 शिखर सम्मेलन में आये डेलीगेट्स के स्वागत में शुक्रवार को पतरातू लेक रिसॉर्ट पूरी तरह हाई सिक्योरिटी में तब्दील रहा। विदेशी मेहमानों को यहां झारखंडी परंपरा और संस्कृति रीति-रिवाज के तहत लोटा-पानी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विदेशी मेहमानों ने झारखंड की छऊ और पाइका नृत्य का खूब आनंद लिया। झारखंड संस्कृति के अनुरूप पतरातू रिसॉर्ट को सजाया गया था। जी-20 समिट के डेलीगेट्स के स्वागत में पतरातू लेक रिसॉर्ट विशेष प्रकार के दूधिया लाइट से सजाया गया था। रिजॉर्ट परिसर में झारखंड संस्कृति के अनुरूप शिल्पग्राम बनाया गया था। जहां कई स्टॉल लगाए गए थे। जेएसएलपीएस के उत्पादों ने मेहमानों को विशेष रूप से आकर्षित किया। खादी और खाद्य सामग्री को भी मेहमानों ने खरीदा। डैम के आइलैंड पहुचकर पूरे लेक रिसोट का भी आनंद लेते हुए विदेशी मेहमानों की इसकी जमकर सराहना की। साथ ही विदेशी मेहमानों ने डैम में बोटिंग के लिये 65 सीटर क्रूज, स्कूटी वोट और सोफा बोट का खूब लुफ्त उठाया। साथ डैम के आइलैंड पहुचकर पूरे लेक रिसोट का भी आनंद उठाया। मेहमानों को भाया पतरातू और झारखंड की सभ्यता प संस्कृति जी-20 समिट में आये देश-विदेश के डेलीगेट्स को यहां की वादियों के साथ-साथ झारखंड की सभ्यता व संस्कृति ने खूब आकर्षित किया। सभी को यहां की पारंपरिक स्वागत के साथ वातावरण भी खूब भाया। मेहमानों ने झारखंड के विकास होने की अपार संभावनाएं बताई। मेहमानों ने कहा कि खनिज संपदा के साथ यहां की जलवायु भी अदभुत है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख पहुंचे पतरातू, जी-20 के मेहमानों से की मुलाकात झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख भी जी-20 समिट में पतरातू लेक रिसॉर्ट आये विदेशी मेहमानों से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने मेहमानों के साथ पतरातू रिसोर्ट का भ्रमण किया। श्री पत्रलेख ने बताया कि जी-20 समिट पतरातू में होना यहां के विकास की अपार संभावनाएं को बताती हैं। यहां की व्यवस्था और नेचर से विदेशी मेहमान पूरी तरह संतुष्ट हैं। पतरातू की राष्ट्रीय ही नही अब अंतरराष्ट्रीय पहचान बन गई है। हाई सिक्योरिटी के साथ छावनी में तब्दील हुआ लेक रिसॉर्ट जी-20 समिट को लेकर पूरा पतरातू क्षेत्र सहित लेक रिसॉर्ट हाई सिक्योरिटी में तब्दील रहा। जिसमे आईबी, एटीएस, स्पेशल सिक्युरिटी, विजिलेंस सहित जिला पुलिस मुस्तैदी से तैनात थी। सुरक्षा के मद्देनजर आमलोगों के लिये सड़क की अवजाही बंद की गई थी। सुरक्षा की ऐसी व्यवस्था की परिंदा भी पर नही मार सकता था। इन देशों से पहुंचे थे डेलीगेट्स जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत सहित स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, साउथ अफ्रीका, फ्रांस, इंडोनेशिया, तुर्किये, सिंगापुर, सऊदी अरब, नीदरलैंड, यूएई, इटली, सिंगापुर, ब्राजील, जर्मनी, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, आइएसए अन्य देशों के डेलीगेट्स पहुंचे थें। आईईएसए प्रसिडेंट एमडी राहुल वालावाकर, महेश मोदी, भरत भूषण, शिवम कुशवाहा, गिरीश चंद जोशी, शैलेश शाह, विनोद कुमार, झारखंड सरकार के सचिव, रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय, रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा, एसडीएम जावेद हसन, एसडीपीओ डॉ. बिरेन्द्र कुमार चैधारी, इंस्पेक्टर रोहित कुमार, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, एसआई सुमित कुमार, प्रभात कुमार, शशि कुमार, नोडल पदाधिकारी ॠतु राज सहित दर्जनों पुलिस-पदाधिकारी व सशस्त्र बल मौजूद थें। लेक रिसॉर्ट के 500 मीटर तक लगी थी निषेधज्ञा जी-20 समिट के डेलीगेट्स को ले प्रसाशन कोई भी चूक नही करना चाहती थी। विधि-व्यवस्था बनाए रखने को ले रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय, डीसी माधवी मिश्रा मोर्चा संभाले हुए थें। सनातन धर्म मूल संस्कार के सोच साथ जी-20 डेलीगेट्स का मेहमानबाजी की गई, जो विदेशी मेहमानों को खूब भाया।

# जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मनाया गया विश्व श्रवण दिवस

**पूर्णिया।** आजकल हर तरफ किसी न किसी मशीन, गाड़ी या डीजे पर चल रहे गाने की तेज ध्वनि सुनी जा सकती , जो लोगों के सुनने की क्षमता को कम कर रहा है। बच्चे ध्वनि और शब्दों को सुनकर बोलना और समझना सीखते हैं। जो बच्चा इन ध्वनियों को नहीं सुन सकता, वह इनका आनंद नहीं ले सकता। इससे बात करना, पढ़ना, स्कूल में अच्छा करना और अन्य लोगों के साथ मिलना मुश्किल हो सकता है। अगर आपको लगता है कि आपके बच्चे को सुनने में परेशानी है, तो आपको उनकी जांच करानी चाहिए। हर साल 3 मार्च को दुनिया भर में बहरेपन और सुनने की हानि को रोकने और कान और सुनने की देखभाल का समर्थन करने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा थीम का चयन किया जाता है। इस वर्ष का थीम ह्लसभी के लिए कान और श्रवण देखभाल! आइए इसे होने दें।ह्व रखा गया है। हम कान और सुनने की देखभाल की दिशा में एक कदम उठा रहे हैं, जो एकीकृत और व्यक्ति पर केंद्रित है। इसी क्रम में लोगों को बहरेपन की जानकारी देने एवं ध्वनि तरंगों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में शुक्रवार को 'विश्व श्रवण दिवस' मनाया गया। इस दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों में उपस्थित लोगों के कान की जान की गई और जरूरतमंद लोगों को आवश्यक दवाइयां दी गई। जिला गैर संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी (एनसीडीओ) डॉ. वी. पी. अग्रवाल ने बताया कि विश्व श्रवण दिवस का उद्देश्य श्रवण हानि का जल्द पता लगाना और उसका इलाज करना महत्वपूर्ण है। बहुत से लोगों को सुनने में परेशानी होती है, जिसका समय पर निदान नहीं किया जाता है। ऐसे में लोग सही समय तक नहीं जान पाते कि वे महत्वपूर्ण ध्वनियों और शब्दों को खो रहे हैं। समस्या को हल करने के लिए पहली बात यह जांचना है कि आप कितनी अच्छी तरह सुन सकते हैं। उस अनुसार कम सुनने वाले लोगों को आवश्यक इलाज कराते हुए आवश्यक दवाइयों और ध्वनि गति का ध्यान रखना जरूरी है। एनसीडीओ डॉ. अग्रवाल ने बताया कि विश्व श्रवण दिवस का लक्ष्य श्रवण हानि के बारे में जागरूकता बढ़ाना और दुनिया भर के लोगों को इसे रोकने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना है। मौजूदा मामलों की जांच करना और नए मामलों को होने से रोकना महत्वपूर्ण है। डीपीएम स्वास्थ्य सोरेंद्र कुमार दास ने बताया कि विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के ओपीडी में आने वाले मरीजों को सुनने की समस्या के लक्षणों की जानकारी देने के साथ ही बहरेपन से रोकथाम की भी जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि विश्व श्रवण दिवस हमें याद दिलाता है कि हमें अपने श्रवण स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। यदि हमें सुनने में परेशानी होती है तो तत्काल चिकित्सकों से सम्पर्क करना चाहिए। अच्छा श्रवण स्वास्थ्य कितना महत्वपूर्ण है और श्रवण हानि को रोकने के लिए क्या किया जा सकता है, इस बारे में बात करके हम एक ऐसी दुनिया की ओर कदम रख सकते हैं जहाँ हर कोई अच्छी सुनवाई के लाभों का आनंद ले सके। कान की नियमित जांच और आवश्यकता पड़ने पर उपचार से श्रवण स्वास्थ्य को अच्छी स्थिति में रखा जा सकता है। इससे हम अच्छी तरह से संवाद कर पाते हैं। अपने आस-पास की ध्वनियों का आनंद ले सकते और एक पूर्ण और सुखी जीवन जी सकते हैं। सिविल सर्जन डॉ. अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि अच्छा श्रवण स्वास्थ होना आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है क्योंकि यह हमें अन्य लोगों से बात करने में मदद करता। लोग जो कहते हैं, उसे समझतने और अपने आस-पास की आवाजों का आनंद लेने के लिए यह आवश्यक है। अच्छी सुनवाई के बिना, दोस्त बनाना, स्कूल में सीखना या अच्छा काम करना मुश्किल हो सकता है। इसके अलावा, श्रवण हानि से अवसाद, चिंता और अकेले महसूस करने जैसी भावनात्मक और मानसिक समस्याएं हो सकती हैं। जिन लोगों को सुनने में परेशानी होती , उनमें से अधिकांश के पास उपचार तक की पहुंच नहीं है। इसलिए सभी स्वस्थ लोगों को इसके लिए पहले से ध्यान रखना जरूरी है।



## जस्टिस की मृत्यु पर न्यायालय बंद, शोक सभा आयोजित



**कटिहार।** पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनिल कुमार उपाध्याय की इलाज के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो गई। जिस दौरान पटना उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में आज शुक्रवार को पूरा बिहार स्थित व्यवहार न्यायालय बंद रहा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कटिहार हेमंत कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में न्यायालय में एक शोक सभा का आयोजन न्यायालय प्रांगण में किया गया। जिला जज श्री त्रिपाठी ने स्वर्गीय जस्टिस के जीवन व कार्यकाल के संबंध में विस्तृत चर्चा किया और कहा कि स्वर्गीय जस्टिस उपाध्याय की मृत्यु न्याय क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश विरेंद्र कुमार मिश्रा, अपर प्रधान न्यायाधीश साहब कौशर, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ,अविनाश कुमार शर्मा, राजेंद्र कुमार सिन्हा ,अनिल कुमार राम, आनंद कुमार श्रीवास्तव, अमित राज, सत्यनारायण सहंजी, राजीव रंजन रमन, समरेंद्र गांधी, सीजीएम रंजीत प्रसाद , एसडीजीएम प्रवीण कुमार मालवीय , मुंसिफ निशा कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार सिंह , नेहा सिंह सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण के अलावा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विजय कुमार झा सचिव रमेश प्रसाद जयसवाल , पीपी शंभू प्रसाद अधिवक्ता राजेंद्र कुमार मिश्रा, सुरेश अग्रवाल, पवन दुबे, यशस्वी कुमार, मोहम्मद नूर आलम, न्यायालय प्रशासनिक अधिकारी विमल कुमार नाजीर ब्रह्मदेव मंडल सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मी ,अधिवक्ता मौजूद थे। सभी ने जस्टिस की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया।

## परिधि की महिला कार्यकताओं ने होली में अश्लील गाना बजाने वालों के खिलाफ किया प्रतिवाद

**दैनिक शुभ भास्कर आनंद कुमार की रिपोट**




भागलपुर बिहार पीस सेंटर परिधि द्वारा "महिला दिवस सप्ताह" की शुरूआत हुई। महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर आज होली में अश्लीलता के खिलाफ " प्रतिवाद मार्च" निकाला गया। प्रतिवाद मार्च घंटाघर चौक से शुरू होकर सरदार पटेल चौक भागलपुर पर समाप्त हुआ। इस अवसर पर मार्च में शामिल लोग -" होली में हुड़दंग नहीं, महिलाओं पर तंज नहीं,, होली उमंगों का त्यौहार न हो अश्लीता का व्यवहार,, वो तेरे मेरे घर की बेटी है, जिस गाई जाती होली है,, बंद करो ऐसी फूहड़ होली, बोली जाती जिसमें गंदी बोली,, आदि आकर्षक स्लोगन लिखे आकर्षण का केंद्र था। मार्च में नारा लगाते हुए लोगों ने भागलपुर प्रशासन से मांग की कि होली के नाम पर होने वाले अश्लीलता और हर वासलिल गीतों पर रोक लगाई जाए। इसके कारण महिलाओं और सभी लोगों को चलने में भी असुविधा होती है। इसके साथ-साथ आम लोगों से भी अश्लीलता के खिलाफ अभियान चलाने का आवाहन किया गया। होली में ऐसे कामों पर रोक लगे जिसको लेकर अधिकारी सुब्रत कुमार सेन को एक लिखित आवेदन भी उन लोगों ने ज्ञापन किया है।

## फारबिसगंज कॉलेज फारबिसगंज में छात्र संगठन ने संगिनी के तहत लगाया सेनेटरी पैड वेडिंग मशीन

**फारबिसगंज ।** फारबिसगंज कॉलेज फारबिसगंज, के कॉमन रूम में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के परिवर्तित छात्र संगठन (नोबा) के संगिनी के तहत सेनेटरी पैड वेडिंग मशीन लगाया गया छात्राओं में जागरूकता के तहत और स्वच्छता के तहत यह सुविधा दी गई बताते चलें कि फारबिसगंज कॉलेज फारबिसगंज बी एड प्रभाग में भी यह सुविधा पहले से दी जा चुकी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार मल्लिक , संगिनी संस्था के दुर्गेश जी बैंक मैनेजर एसबीआई ,डॉ विपिन कुमार सिंह एचओडी बी एड प्रभाग, ने फीता काटकर छात्राओं के लिए लोकार्पण कियो कॉलेज में यह सुविधा देने के लिए महाविद्यालय के डॉक्टर सुधांशु शेखर झा ने एसबीआई ,बैंक मैनेजर और संगिनी संस्था को धन्यवाद दिया की छात्राओं के बीच यह सुविधा प्रदान की जाए ,इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं ,उन्होंने यह भी कहा के उनके प्रयास से बीएड पर बाद में भी जहां छात्राएं अधिक संख्या में शिक्षा ग्रहण करती हैं वहां उनकी परेशानियों को नजरअंदाज नहीं कर सकते और उसका समाधान इस मशीन के जरिए होगा .प्रधानाचार्य ने भी संस्था के सदस्यों का धन्यवाद किया .इस अवसर पर फारबिसगंज कॉलेज के प्रोफेसर मनोज कुमार राय ,रामनरेश सिंह ,राजेश कुमार ,डॉ ललित कुमार झा और कॉलेज में मशीन के प्रभारी बनाए गए अमर भी उपस्थित थे .छात्राओं ने स्लोगन" जब संगिनी है संग तो पीरियड का क्या है गम "का नारा छात्राओं ने दिया .छात्राओं में रिया ,चंपा ,नैनसी, बीनू, चुनमुन ,सुप्रिया ,चंदा, मिंकी, जूही ,प्रज्ञा, मनीषा, चंपा ,उपस्थित थी।

## तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक ) प्रतियोगिता परीक्षा 2022( प्रथम पाली की पुनर्परीक्षा ) दिनांक 5 मार्च 2023 को प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान विषय हेतु 12:00 अपराहन से 2:15 अपराह्न तक 12 परीक्षा केंद्रों पर 6046 परीक्षार्थी शामिल होंगे

किशनगंज जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक डॉ इनाम उल हक द्वारा बिहार कर्मचारी चयन आयोग बिहार पटना द्वारा आयोजित तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 2022 के प्रथम चरण की पुनः परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी केंद्राधीक्षकों, पुलिस पदाधिकारी, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवम उड़नदस्ता दल के साथ ब्रीफिंग आयोजित की गई। विदित हो कि बिहार कर्मचारी आयोग बिहार पटना के द्वारा तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त ( प्रारंभिक ) प्रतियोगिता परीक्षा 2022( प्रथम पाली की पुनर्परीक्षा ) दिनांक 5 मार्च 2023 को प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान विषय हेतु 12:00 अपराहन से 2:15 अपराह्न तक 12 परीक्षा केंद्रों पर 6046 परीक्षार्थी शामिल होंगे/ दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को 34 मिनट अतिरिक्त दिए जायेंगे। सभी केंद्राधीक्षक परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों की तीन स्तर पर फ्रिस्किंग कराएंगे तथा 11 बजे के बाद कोई परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। उक्त परीक्षा को कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ रूप से संपन्न कराने हेतु डीएम एसपी ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा संपन्न कराने हेतु विधि व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, सीसीटीवी कैमरा, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस बल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षा के दिन एसडीएम और एसडीपीओ को सतत भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया है गौरतलब हो कि सभी परीक्षा केंद्र पर प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक 200 परीक्षार्थी पर एक प्रेक्षक रहेंगे। परीक्षा के कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण संचालन हेतु समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है प्रभार में डीपीओ आईसीडीएस रहेंगी।

## त्रिपुरा एवं नागालैंड में सरकार बनने पर भाजपा ने मनाया विजय उत्सव




कटिहार। त्रिपुरा एवं नागालैंड में भाजपा गठबंधन की सरकार बनने पर आज भाजपा कार्यालय में विजय उत्सव मनाया गया। सभी कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर जीत की बधाई एवं शुभकामना दिया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस जीत से भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। और इसका परिणाम आने वाले लोकसभा चुनाव में भी दिखेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो,पूर्व केंद्रीय मंत्री निखिल कुमार चौधरी, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण ठाकुर मनोज राय जिला उपाध्यक्ष बबन कुमार झा,पूर्व विधायक विभाष चौधरी , छाया तिवारी महामंत्री दिलीप वर्मा, मंत्री धर्म नाथ तिवारी, प्रेम प्रकाश चौधरी, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, मनोज झा, प्रभात मिश्रा, टनटन ठाकुर, गोविंद अधिकारी मुख्य रूप से शामिल हुये।

## अब बिहार के रोजगार में 85% प्रतिशत बिहारी और 15% बाहरी को लेकर आंदोलन करेंगे पप्पू यादव तमिलनाडु के मुद्दे पर तेजस्वी को सुनाया खड़ी खोटी



**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रूपेश मिश्रा की रिपोट**

कटिहार बिहार तमिलनाडु में बिहारियों के साथ दुर्व्यवहार के मामले पर जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव पर जमकर बरसे, पूर्व सांसद ने कहा कि तेजस्वी यादव तमिलनाडु जाकर केक काटते हैं और उस वक्त तमिलनाडु में बिहारी को मारा जा रहा है, उन्होंने तेजस्वी यादव को चुनौती देते हुए कहा कि अगर आपसे हालात नहीं संभल रहा है तो इस्तीफा दे दीजिए, आगे पप्पू यादव ने कहा कि अब वह बिहार में भी 85 प्रतिशत बिहारी और 15 प्रतिशत बाहरी पर आंदोलन करेंगे, इसके अलावा उन्होंने कहाँ कि तमिलनाडु के मुद्दे पर हर जिला में परिवाद दायर कर आगे बिहारी अस्मिता का आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा।पप्पू यादव।( पूर्व सांसद,जन अधिकारी पार्टी, सुप्रीमो )

## उत्पाद पुलिस द्वारा दो अन्य जगहों पर छापा मार, शराब माफिया को गिरफ्तार व बनाने का उपकरण जप्त किया

**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रूपेश मिश्रा की रिपोट**



कटिहार बिहार जिला के पुलिस उत्पाद विभाग के पुलिस अलग अलग जगहों से शराबियों को पकड़ा ।कोई बनाने का काम कर्ता था, किसी के घर से कुछ शराब बनाने वाला बर्तन और डब्बा के साथ पकड़ा किसी को नशे के हालत में पकड़ा है. पुलिस अपना प्रयास नहीं छोड़ते हैं. पकड़ने में लेकिन एक और शराबी अपने शराब बनाने का काम नहीं.छोड़ रहा हैं. और सप्लायर अपना धंधे से बाज नहीं आ रहे हैं अभी भी कई जगह ऐसे हैं .कटिहार जिला में जहाँ की खुलेआम शराबियों का 6बजते ही महफिल सजने लगता है .लेकिन खुलेआम कच्ची शराब बनता है. और वहाँ के आदमी पी रहे और किया अगर पीने वाले इंग्लिश चाहिए वो भी मिलता है. तो इसलिए कहावत में भी पुलिस डाल डाल तो पीने वाले बेचने वाले पात पात ये इस शराब के धंधा में दैनिक मजदूरी करने वाले गरीब क्लास के आदमी बहुत ज्यादा पकड़ा ते है ,बड़े बड़े का तो होम डिलेवरी से आता और पिता हैं. घर में मस्त हो जाता है. सर कार के इस शराब बंदी महिला ने आवाज उठाई थी शराब बंद होना चाहिए लेकिन महिला ही चोरी छिपे शराब बनाती हैं, और बजार और पीने वाले तक पहुंचता है.इससे यहि साबित होता है.शराब बंदी बिल्कुल विफल दिखाई दे रहा हैं .शराबी पीने वाला का कहना है बनता है. तो पीते हैं. मिलता है तो पीते नहीं मिलता तो नहीं पीते सरकार बनाने वाले और सप्लायरों पर नकाब कसे। .

## महंगाई के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, सरकार को चेतावनी देते हुए कहां -महिलाएं अगर काली का रूप धारण कर लेंगी तो प्रलय आ जाएगा

**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो दिलीप कुमार साह**



भागलपुर बिहार देश में बढ़ती महंगाई को लेकर जनता के घरेलू व आर्थिक रूप को सरकार ठगने का काम कर रही है उक्त मामले को लेकर भागलपुर के कई संस्थानों की महिला एकत्रित हो गई और रोड पर निकलकर सरकार के विरुद्ध हल्ला बोल प्रदर्शन शुरू कर दिया है , मामले को लेकर बताया जा रहा है कि सरकार समय-समय पर घरेलू गैस सिलेंडर से लेकर हर रसोई के खाद्य पदार्थों के दामों को बढ़ाते चली जा रही है जिससे रसोई में काफी जद्दोजहद करने का सामना करना पड़ रहा है वहीं महिलाओं का कहना है लोगों के जनजीवन पर सरकार डाका डालने का काम कर रही है यह कहीं से सही नहीं है अब महिलाएं शांत नहीं रहेगी अगर महिलाएं काली का रूप धारण कर लेंगे तो सरकार को भी हिलना पड़ जाएगा चाहे व राज्य सरकार हो या फिर केंद्र की सरकार हो वह घरेलू सामान में कितनी बढ़ोतरी नहीं कर सकते हैं साथ ही साथ प्रदर्शनकारी महिलाओं का यह भी कहना हुआ कि चाहे केंद्र सरकार हो या फिर राज्य सरकार योजनाएं या बजट जो बनाती है उसमें आम लोगों के टैक्स से ही वह बजट बनाती है फिर आम लोगों को इतनी परेशानी क्यों सहनी पड़े इसको लेकर घंटों जिलाधिकारी कार्यालय के सामने महिलाओं ने जमकर हंगामा किया।

## बीएसएससी की परीक्षा 5 मार्च को, सभी केंद्रों पर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम



**दैनिक शुभ भास्कर विवेक कुमार की रिपोट**

भागलपुर बिहार समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में जिलाधिकारी सुब्रत सेन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बीएसएससी की परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद्द हो गई थी। जिसके बाद एक बार फिर से 5 तारीख को परीक्षा होनी है। जिसकी तैयारी को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सारी तैयारी की जा रही है। जिससे इस बार कहीं से भी कोई गड़बड़ी सामने ना आए। इसको देखते हुए डीडीसी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सिटी डीएसपी सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और सेंटर सुपर डेंट के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश दिए गए। वही परीक्षा के दौरान मोबाइल या किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गजट ले जाने पर रोक रहेगी। वही कदाचार मुक्त परीक्षा करवाने को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया है।

## एयरटेल कंपनी में सुल्तानगंज शहर में 5G का किया विधिवत उद्घाटन




**दैनिक शुभ भास्कर संजीव कुमार की रिपोर्ट**

सुलतानगंज बिहार स्टेशन रोड के पुराने नगर परिषद भवन के समीप एयरटेल 5G का विधिवत उद्घाटन एयरटेल के जोनल मैनेजर मैन यज्ञदत्त शर्मा द्वारा केक काटकर किया गया इस दौरान एयरटेल की बिजनेस मैन यज्ञदत्ता शर्मा ने बताया कि सुल्तानगंज शहर में ग्रामीण क्षेत्र वासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है अब एयरटेल कंपनी इन सभी ग्राहकों के लिए मोबाइल में 5G लॉन्च किया है या सुविधा सभी लोगों को दिया जाएगा इसके लिए नजदीकी अपने एयरटेल कार्यालय में पहुंचकर यह सुविधा का लाभ ले सके इस दौरान एयरटेल कंपनी के जोनल मैनेजर जय प्रकाश पांडे क्षेत्रीय अधिकारी विक्रम सिंहा सुल्तानगंज एयरटेल के डिस्ट्रीब्यूटर रघुराज एयरटेल कंपनी के सदस्य रोहन कुमार पिंटू कुमार आनंद कुमार पंकज कुमार राजेश कुमार प्रवीण कुमार सहित तमाम सदस्य मौजूद थे।

## प्रखंड के अस्टनडीह गांव में महादलित मांझी परिवार के जमीन पर एक जमींदार हथियार के बल पर अवैध कब्जा कर फसल का लूट लिया

दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट - सुल्तानगंज बिहार बिहार सरकार के मंत्री आलोक मेहता द्वारा विधानसभा में भूमिहीन को जमीन देकर अपनी सरकार पर पीठ थपथपाते रहते हैं वहीं दूसरी तरफ भागलपुर जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के स्टैंडी गांव में महादलित मांझी परिवार को राबड़ी देवी मुख्यमंत्री कार्यकाल में जमीन दिया गया था उस जमीन पर पूर्व के जमींदारों द्वारा पुणे दावा किया जा रहा है कि और भूमिहीनों पर कार्रवाई करने के लिए थाना पुलिस का भी सहारा लिया जा रहा है लेकिन महादलित परिवार के भूमिहीन थाना अंचल एवं जिला मुख्यालय के चक्कर काट रहे हैं लेकिन इन्हें न्याय देने वाला कोई अब तक नहीं सामने आया है और भूमि भू माफिया के आगे लाचार देखी जा रही है वहीं महादलित माली परिवार के लोग ने बताया कि 1998 ई० मेरा बड़ी देवी की सरकार में 37 महादलित मांझी परिवार को एक परिवार को 50 डिसमिल जमीन दिया गया था जो उस जमीन पर जमींदार अमरिंदर सिंह उर्फ रमेश सिंह एवं आदित्य कुमार उर्फ लड्डू सिंह दिवाकर सिंह उमेश सिंह प्रभाकर सिंह साकीन कुमारपुर कटहरा का रहने वाला है उसके सहयोगी मंटू यादव विजय यादव राजेश यादव साकिन कटहरा मिट्टी के सुभाष यादव द्वारा हथियार के बल पर बाइजबरन जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है और हथियार के बल पर महादलित मांगी परिवार के जमीन पर से फसल लूट लिया गया है इस मामले को लेकर थाना अध्यक्ष प्रियरंजन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गृह सचिव बिहार सरकार भूमि सुधार उप सहकारिता को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है इस अवर पर पुलिस निरीक्षक नवीन कुमार चौधरी घटनास्थल पर पहुंचकर महादलित मांझी परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी लेते हुए मीडिया को बताया कि घटना को लेकर जांच की जा रही है इस घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी जाएगी इस दौरान महादलित परिवार के सदस्य गोरेलाल मांझी राम खेलावन मांझी मांझी जामुन मांझी प्रमोद मांझी वर्तनी देवी सरोजिनी देवी झुनझुनिया देवी सहित इत्यादि सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## तमिलनाडु में बिहारियों को पीटे जाने पर अभाविप द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

**दैनिक शुभ भास्करविपीन कुमार की रिपोट**

पीरपैती बिहार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भागलपुर इकाई द्वारा तमिलनाडु में बिहारियों को पीटे जाने एवं हत्या किए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन का पुतला दहन किया गया ।कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के विरोध में जमकर नारेबाजी की एवं घटना को बिहारियों के लिए अपमानजनक बताया। विश्वविद्यालय संयोजक आशुतोष सिंह तोमर ने प्रश्न करते हुए कहा की माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव इस घटना पर ट्वीट करते हुए लिखते हैं की ये सब अफवाह है जबकि दूसरी और बिहार के मजदूर चीख चीखकर अपने ऊपर हुए अत्याचार की गवाही दे रहे हैं एवं सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।आश्चर्य है की उन्हें बिहारियों,मजदूरों पर विश्वास नहीं है और वो तमिलनाडु सरकार के पक्ष में खड़े हैं। वे जवाब दें की वो तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री हैं या बिहार के ? वहीं कुणाल पांडे एवं रोहित राज ने कहा की इससे पूर्व महाराष्ट्र में भी इस प्रकार की घटना घटी है और पुनः इसका दोहराव हो रहा है,बिहार वासी अपमानित महसूस कर रहे हैं। पुतला दहन के दौरान नगर मंत्री कपिस शर्मा,पियूष,हर्ष,सौरभ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुल्तानगंज थाने में लड़कियों के अपहरण का मामला हुआ दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर विकास कुमार की रिपोर्ट**

सुल्तानगंज बिहार थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग क्षेत्रों के दो लड़की अपहरण का मामला दर्ज है ।घटना घटना 16 फरवरी की है। जिसमें आपने लड़की की बहन ने गांव के ही एक युवक और उसके माता-पिता को नामजद किया गया है। वहीं दूसरी घटना 22 फरवरी की है लड़की के पिता जी द्वारा बताया गया कि कॉलेज की स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने की बात कह कर अपने नानी के घर से निकली है इस पूरे मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

तेजी से पढ़े जाने वाला अखबार
हिंदी दैनिक शुभ भास्कर अखबार

किसी भी खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित करना खबर का असर है ! हर जिले शहर प्रखंडों की हर छोटी बड़ी खबर अपने जिले और प्रखंडों से चीफ ब्यूरो व रिपोर्टर पद, विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें आपके शहर गांव कस्बों में बहुत जल्द पढ़ने को और देखने को मिलेगा ! भागलपुर शहर व अन्य जिले में बहुत जल्द दैनिक हिंदी शुभ भास्कर अखबार पढ़ने को मिलेगा , किसी भी खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित करना खबर का असर है ! बांका अमरपुर अकबरनगर नाथनगर सुल्तानगंज असरगंज तारापुर मुंगेर कहलगांव पीरपैंती बौसी कटिहार नवगछिया शाहकुंड में देखने को जल्द मिलेगा ! बिहार / झारखंड - 62018 11 830 / 7250 3896 24

## सुल्तानगंज स्टेशन में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा चार सूत्रीय मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर विकास कुमार कि रिपोर्ट**



सुल्तानगंज बिहार स्टेशन में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा चार सूत्री मांग को लेकर धरना पर बैठे अधिवक्ता राजकुमार से मिलने महागठबंधन के नेता सह सासंद पवन केसान , राजद नगर अध्यक्ष अफरोज आलम राजनेता दिलीप कुमार गुप्ता स्टेशन पहुंचकर धरना का समर्थन देते हुए कहा दादा का समर्थन देते हुए कहा 15 दिनों के अंदर प्रियंका 18 सहित अन्य मांग पूरा नहीं होने पर होगा आंदोलन स्टेशन परिषद में ट्रेन थाना सहित अन्य मांगों को लेकर सुल्तानगंज के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा एक दिवसीय धरना वह इस दौरान धरना पर बैठे अधिवक्ता राजकुमार ने बताया कि 4 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया है जिसमें पैसेंजर ट्रेन का भाड़ा एक्सप्रेस का नहीं लेकर पैसेंजर का भाड़ा लिया जाए एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव जो सुल्तानगंज में नहीं है उसे दिया जाए वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन भाड़ा में रियायत पुनः बहाल किया जाए बोल सुकृति कर सुल्तानिया देवघर परियोजना फंड जारी का निर्माण प्रक्रिया जल्द शुरू करी जाए की मांग प्रधानमंत्री रेलवे बोर्ड सहित अन्य अधिकारियों को 20 फरवरी को डाक के द्वारा भेजा गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर एक दिवसीय धरना दिया गया और कहा कि 15 दिन के अंदर मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करते हुए हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता एवं एस के प्रोग्राम और सुनील रामुका देवेश पोद्दार कुंदन कुमार सचिन कुमार प्रकाश चंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मो0 परवेज का गला रेता हुआ शव चांदी रजवाड़ा मलाही सीमा पर फेंका हुआ मिला था

बेला थाना अंतर्गत दिनांक 21.02.2023 को मो० परवेज का गला रेता हुआ शव चांदी रजवाड़ा मलाही सीमा पर फेंका हुआ मिला था जिसको लेकर मो० परवेज के पिता मो० ताहिर हुसैन के फर्दबयान के आधार पर पांच नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध बेला थाना कांड सं0-48/23, दिनांक 21.02.2023 धारा-302/201 /34/120 (बी) भा०द०वि० दर्ज किया गया था कांड के अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण के क्रम में मृतक मो० परवेज के परिजनों से पूछताछ के क्रम में पता चला कि दिनांक- 20.02.2023 की रात्रि में 11:00 बजे के करीब मृतक को किसी अज्ञात नंबर से कॉल आया था, जिसके बाद मृतक घर से निकल गए। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, पु०अ०नि० चंद्रभूषण सिंह, थानाध्यक्ष बेला थाना एवं कांड के अनुसंधानकर्ता पु०अ०नि० पंकज



कुमार, बेला थाना के द्वारा तकनीकी अनुसंधान करते हुए मृतक मो० परवेज के मोबाइल नंबर से एक संदेही नंबर को निकाला गया, जिसके सत्यापन के दौरान उक्त नंबर अनीशा खातुन, पति- निजामुद्दीन, सा०-चांदी रजवाड़ा, थाना-बेला, जिला-सीतामढ़ी का पाया गया। जिसके बाद अनीशा खातुन को आवश्यक पूछताछ हेतु थाना लाया गया। पूछताछ के क्रम में अनीशा खातुन द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया है कि मो० परवेज की हत्या इनके कहने पर मो० नवीजान एवं राकेश पटेल के द्वारा इनके घर में ही दिनांक 20.02.2023 को मिलने के बहाने बुलाकर गला रेत कर हत्या कर दिया गया। हत्या का कारण पूछने पर अनीशा खातुन द्वारा बताया गया कि मृतक मो० परवेज करीब 5-6 वर्षों से जबरदस्ती बातचीत एवं इनके साथ शारीरिक संबंध बनाता था, जिसका वीडियो भी मृतक मो० परवेज द्वारा बना लिया गया था। प्रायः उक्त वीडियो क्लिप के वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था कांड में संलिप्त राकेश पटेल को गिरफ्तार कर स्वीकारोक्ति बयान लिया गया. जिसमें इनके एवं मो० नवीजान के द्वारा अनीशा खातुन के कहने पर मो० परवेज का गला रेत कर हत्या करने की बात स्वीकारी गई है। साथ ही इनके निशानदेही पर गला रेतने में उपयोग किए गए हसुली को महादेव राय के बंसवाड़ी से बरामद किया गया। अनुसंधान के क्रम में उक्त स्वीकारोक्ति बयान की पुष्टि अनीशा खातुन एवं राकेश पटेल के जप्त मोबाइल से भी हुई है। गिरफ्तार अपराधी का नाम-पता- 1. अनीशा खातुन, पति-निजामुद्दीन, सा०-चांदी रजवाड़ा, थाना-बेला, जिला-सीतामढ़ी। 2. राकेश पटेल,जिला-सीतामढ़ी। पे० रामबाबू पटेल, सा०-चांदी रजवाड़ा. थाना-बेला, बरामद / जप्त सामान का विवरण :- 1-हसुली (जिससे गला रेता गया है) 2-अभियुक्त अनीशा खातुन का दो मोबाइल 3- अभियुक्त राकेश पटेल का एक मोबाइल छापामारी टीम में शामिल सदस्यों का नामः- 1- पु०अ०नि० चंद्रभूषण सिंह, थानाध्यक्ष, बेला थाना 2- पु०अ०नि० पंकज कुमार, बेला थाना 3- म0सि0 / 930 नेहा कुमारी 4- म०सि0 / 88 संगीता कुमारी 5- म0सि0 / 880 नीतू कुमारी

## BREAKING



सीतामढ़ी - रेड लाइट एरिया में पुलिस की छापेमारी, असम से लाकर रेड लाइट एरिया में बेची गई युवती बरामद, युवती को रेड लाइट में बेचकर जबरन दे धंधा कराने की थी सूचना, पुलिस की टीम ने छापेमारी कर युवती को किया बरामद

## प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास सहायक पर अवैध वसूली का लग रहा है आरोप

**दैनिक शुभ भास्कर रोहित कुमार, मुंगेर**

जिला के आदेशानुसार जिले के सभी वरीय पदाधिकारी प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग प्रखंड के पंचायतों में जाकर सरकारी योजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त संजय कुमार के द्वारा गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के ददरीजाला पंचायत के खम्हार गांव में सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होनें प्रधानमंत्री आवास योजना का भी बारीकी से निरीक्षण किया। जहां लाभुकों ने संबंधित पंचायत के आवास सहायक धीरज कुमार पर द्वितीय किस्त एवं योजना का जियो टैग करने के नाम पर लाभुकों से 15 हजार रुपए अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए कहा कि आवास सहायक धीरज कुमार के द्वारा द्वितीय किस्त देने के नाम पर एवं जियो टैग के तहत अर्ध निर्मित आवास के तस्वीर लेने के नाम पर पहले 15 हजार रुपए जमा करने को कहा जाता है। विदित हो कि 3 दिन पूर्व दादरीजाला पंचायत के खम्हार गांव में आवास योजना के लाभुकों के द्वारा आवास सहायक द्वारा अवैध वसूली के खिलाफ आक्रोश जताते हुए मीडिया के समक्ष आवास योजना के तहत अवैध वसूली की जानकारी देते हुए आवास सहायक पर कार्यवाही की मांग की थी। जिसके आलोक में उप विकास आयुक्त ने खुद गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण कर आवास योजना के लाभुकों से बातचीत किया जहाँ साफ तौर पर लाभुकों ने उप विकास आयुक्त संजय कुमार के समक्ष आवास सहायके धीरज कुमार के द्वारा अवैध वसूली के मामले को उजागर किया। अब सवाल यह उठता है कि वरीय पदाधिकारी के समक्ष लाभुकों के द्वारा दिए गए बयान का क्या नतीजा निकलता है या फिर यह शिकायत सिर्फ कागजों में दबी रह जाती है पंचायत वासियों सहित आवास योजना के लाभुकों में इस बात को लेकर संशय बना हुआ है।

## पीडीएस दुकानों पर अप्रैल माह से अपडेट मिलेगी राशन

**दैनिक शुभ भास्कर रोहित कुमार, मुंगेर**

पीडीएस की दुकानों पर अप्रैल माह से उपभोक्ताओं को राशन अपडेट मिलेगा। यानी अप्रैल माह का राशन उसी माह मिल जाएगा। इसको लेकर विभाग की ओर से फरवरी-मार्च का राशन एक साथ वितरण किया जा रहा है। इसका वितरण एक मार्च से हर जगह शुरू कर दिया गया हैं। इस संदर्भ में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि फरवरी एवं मार्च महीने का राशन एक साथ सभी लाभुकों को दिया जा रहा है राशन निशुल्क मिलेगा अप्रैल महीने से प्रत्येक महीने का राशन उसी माह में लाभुकों को दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि राशन दुकानों पर किसी भी तरह का शुल्क अगर डीलरों के द्वारा राशन के नाम पर मांगा जाता है या फिर वजन कम दिया जाता है तो सभी पीडीएस दुकानों पर जिला पदाधिकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारियों का नंबर अंकित है लाभुक बिना संकोच किसी भी नंबर पर संपर्क कर अपना शिकायत कर सकते हैं।

## पुलिस कप्तान ने बसंतराय थाने का किया निरीक्षण

**दैनिक शुभ भास्कर जयराम कुमार, बसंतराय, गोड्डा**



गोड्डा जिले के बसंतराय थाना का शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक के द्वारा निरीक्षण किया गया। पुलिस कप्तान नाथू सिंह मीणा ने निरीक्षण दौरान के दौरान थाना में सभी लंबित कांडों का निपटारा ससमय करने का निर्देश दिया। थाना परिसर, सरिस्ता, सहित बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही फरार चल रहे आरोपियों की धड़पकड़ में तेजी लाने, बैंकों, स्कूल कालेज, चौक चौराहों पर असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के साथ गश्ती में तेजी लाने का निर्देश दिया । पुलिस के समक्ष उत्पन समस्याएओ से अवगत कराया गया । एसपी ने किया कंप्यूटर कक्ष का हाजत माल खाना एवं परिसर कहां साफ सफाई का लिया जायजा इस मौके पर उन्होंने गंभीर मामले पर कार्यवाही करते हुए कई कांडो का त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## ड्रीम इलेवन कहलगांव ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

**दैनिक शुभ भास्कर चंद्रशेखर कुमार भगत, अमरपुर, बांका**



अमरपुर प्रखंड क्षेत्र के भरको मैदान पर आयोजित वाईएमसीसी क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में ड्रीम इलेवन कहलगांव ने विक्रम इलेवन बांका टीम को 16 रन से हराकर कप पर कब्जा जमाया। विक्रम इलेवन बांका टीम के कप्तान ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी ड्रीम इलेवन के बल्लेबाज ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 307 रन बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी विक्रम इलेवन बांका टीम के बल्लेबाज पांच विकेट खोकर 291 रन बनाया। मैच में सर्वाधिक रन समरकांत ने बनाया। इस टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर मैन आफ द मैच , मैन आफ द सिरीज तथा बेस्ट बालर का पुरस्कार दिया गया। जबकि बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार सचिन कुमार , बेस्ट फिल्डर का पुरस्कार अंशु कुमार, बेस्ट अम्पायर का पुरस्कार ब्रजेश कुमार यादव व जितेंद्र कुमार , बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार मनीष कुमार, अभिषेक कुमार व सौरभ कुमार, बेस्ट उद्घोषक का पुरस्कार आरके मीणा व शांतनु कुमार को पुरस्कृत किया गया। वहीं विजेता टीम को पूर्व सांसद जयप्रकाश नारायण यादव एवं उप विजेता टीम को पूर्व विधायक स्वीटी सीमा हेम्ब्रम, प्रमुख मंजू देवी ने ट्राफी दिया। वहीं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने सभी खिलाड़ी के उज्वल भविष्य का कामना करते हुए बधाई दिया। इस अवसर पर संजीव कुमार, नीरज चौधरी, सम्राट कुमार, गोलू कुमार, टिंकु कुमार, सागर कुमार, विक्की कुमार सहित आयोजन समिति ने अन्य सदस्य मौजूद थे।

## बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा बांका के नो केंद्रों पर कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन की सारी तैयारी पूरी

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**

बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली तृतीय स्नातक संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा, 2022 के दिनांक 23/12/2022 के प्रथम चरण की पुर्नपरीक्षा दिनांक 05.03.2023(रविवार) को बांका जिले में 09(नौ) परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए समाहरणालय के मिनी सभागार में जिला पदाधिकारी, बांका एवं पुलिस अधीक्षक बांका द्वारा संयुक्त ब्रीफिंग की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 05.03.2023(रविवार) को एकल पाली में मध्याह्न 12:00 बजे से 2:15 बजे अपराहन तक बांका जिले में कुल 9(नौ) परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न



कराने के लिए परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी, गश्ती दंडाधिकारी, उड़नदस्ता एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। जो परीक्षा तिथि को अपनी प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर परीक्षा समाप्ति के उपरांत तक विधि व्यवस्था को संधारित करेंगे। परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पहले यथा 11:00 पूर्वाहन के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा तथा परीक्षा अवधि की समाप्ति के पूर्व किसी परीक्षार्थी को परीक्षा भवन छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्र पर सभी अभ्यार्थियों की प्रथमवार तलाशी परीक्षा केंद्र/हाल/कमरे के मुख्य प्रवेश द्वार पर की जाएगी। वीक्षकों द्वारा सभी अभ्यर्थियों की द्वितीय स्तर की गहन फ्रिस्किंग परीक्षा हॉल/कमरा में प्रवेश करने के पूर्व हॉल के गेट पर की जाएगी। आवंटित सीट पर बैठने के पश्चात 11:00 से 11:45 बजे पूर्वाहन के बीच अभ्यर्थियों की तृतीय स्तर की गहन फ्रिस्किंग की जाएगी। परीक्षा के स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार रहित संचालन के निमित्त, विधि व्यवस्था संधारण के लिए विशेष सतर्कता बरता जाएगा। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्र प्रेक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी, गस्ती दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल एवं जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किए जाने के साथ-साथ परीक्षा केंद्रों के इर्द-गिर्द 200 मीटर परिधि में धारा 144 का निषेधाज्ञा लागू रहेगी। बांका जिला अंतर्गत जिन 9 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी वे निम्न हैंः- 01. 9029-जिला शिक्षा सह प्रशिक्षण संस्थान (डायट), बाबूटोला बांका। 02. 9030-आर0एम0के0 इंटर स्कूल बांका, नया टोला, बांका। 03. 9031-एस0के0पी0 स्कूल, कॉर्ट कैंपस बांका। 04. 9032-सार्वजनिक डिग्री कॉलेज सर्वोदय नगर, सामुखियामोड़, बांका। 05. 9033-हरिहर चौधरी +2 हाई स्कूल, बाराहाट, बांका। 06.9034-एस0एन0एस0 स्कूल, मोहनपुर, बाराहाट, बांका।

07.9035- +2 एस0एस0 गर्ल्स हाई स्कूल, बांका। 08. 9036-ठाकुर रुदेश्वरी प्रसाद सिंह हाई स्कूल, काकवारा, बांका। 09.9037- उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर, कठेल अमरपुर। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ अपर समाहर्ता, बांका, उप विकास आयुक्त, बांका, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बांका, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन शाखा, बांका, वरीय कोषागार पदाधिकारी, बांका , जिला शिक्षा पदाधिकारी, बांका, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, बांका मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**



जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति, बांका अंशुल कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। सड़क हादसे में घायल व्यक्तियों को मदद करने वाले को चिन्हित कर उन्हें पुरस्कृत करने का निर्देश दिया गया ताकि घायल व्यक्तियों को जल्द से जल्द उपचार उपलब्ध हो सके। आम व्यक्तियों एवं वाहन चालक को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। सड़क के रखरखाव तथा ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। पार्किंग की समस्या को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने पार्किंग की व्यवस्था तथा नए पार्किंग स्थलों का चयन करने का निर्देश दिया गया। सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया गया। प्रदूषण जांच केंद्र के जांच कराने एवं पेट्रोल पंपों पर इसका अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक, बांका,अपर समाहर्ता, बांका,उप विकास आयुक्त, बांका, अनुमंडल पदाधिकारी, बांका, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बांका, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन शाखा, बांका, वरीय कोषागार पदाधिकारी, बांका, जिला परिवहन पदाधिकारी, बांका, सिविल सर्जन, बांका एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मनरेगा में अवैध निकासी मामले में बांका डीएम की बड़ी कार्रवाई: कटोरिया के तत्कालीन कार्यक्रम पदाधिकारी का अनुबंध समाप्त करते हुए किया गया चयन मुक्त

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**

बांका : जिले के कटोरिया प्रखंड अंतर्गत कोल्हासार पंचायत के सत्येंद्र प्रसाद यादव, रंजीत यादव एवं अन्य ग्रामीण जनता से प्राप्त परिवाद पत्र ग्राम पंचायत कोल्हासार में पंचायत समिति मद कटोरिया की मनरेगा कार्य के विभिन्न योजनाओं में बिना कार्य/कम कार्य किए अवैध राशि की निकासी के आरोप में तत्कालीन कार्यक्रम पदाधिकारी, कटोरिया शसंजय कुमार ठाकुर का अनुबंध जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा समाप्त करते हुए चयन मुक्त किया गया। ग्राम पंचायत कोल्हासार में मनरेगा योजना में हुई अनियमितता की जांच तत्कालीन निदेशक डीआरडीए, बांका की अध्यक्षता में गठित जांच दल द्वारा की गई थी। जांच दल द्वारा अपने जांच प्रतिवेदन में मनरेगा अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं में वृहद पैमाने पर अनियमितता प्रतिवेदित की गई थी। विदित हो कि अनियमितता के लिए संजय कुमार दास तत्कालीन कार्यक्रम पदाधिकारी, कटोरिया, जिला बांका सम्प्रति वर्तमान पदस्थापन प्रखंड खड़कपुर जिला मुंगेर तथा रमेश आजाद तत्कालीन कनीय अभियंता , मनरेगा को चयन मुक्त करने हेतु अनुशंसा तत्कालीन जिला पदाधिकारी, बांका के द्वारा आयुक्त, मनरेगा, ग्रामीण विकास विभाग, पटना से की गई थी। उक्त अनियमितता में तत्कालीन पंचायत रोजगार सेवक नरेश दास को तत्काल प्रभाव से तत्कालीन उप विकास आयुक्त द्वारा चयन मुक्त किया गया था। उक्त अनियमितता में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत 09 व्यक्तियों के विरुद्ध जयपुर थाना, प्रखंड कटोरिया, जिला बांका में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी।

## स्काउट गाइड पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**दैनिक शुभ भास्कर रोहित कुमार, मुंगेर**



भारत स्काउट व गाइड का प्रथम व द्वितीय सोपान का पांच दिवसीय प्रशिक्षण तारापुर अनुमंडल अंतर्गत पार्वती नगर स्थित शकुनी चौधरी द इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुआ। स्काउट गाइड शिविर संचालक व स्काउट गाइडों ने विद्यार्थियों को कई विधाएं सिखाई ।जिसमें स्काउट गाइड आंदोलन का इतिहास, स्काउट गाइड की पोशाक, प्राथमिक सहायता, ध्वज के बारे में जानकारी, दिशा ज्ञान में कंपास का प्रयोग, रूढ़िगत चिन्ह, नक्शा पढ़ाना, स्ट्रक्चर कृतिम व मानवीय दक्षता, वन विद्या खोज, हाइक रिपोर्ट, आपदाओं से बचाव हेतु विभिन्न जानकारियां, सर्वधर्म प्रार्थना सभा, व ध्वज शिष्टाचार आदि के बारे में सिखाया गया, इस समापन प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को दिशा निर्देश देते हुए सेवानिवृत्त वायुसेना मुकेश कुमार ने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण से एक बेहतर संदेश समाज में जाता है। ट्रेनिंग काउंसलर सुमिरन राज, वरिष्ठ स्काउट मास्टर राजीव कुमार, गाइड प्रशिक्षक किट्टू कुमारी आदि ने प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी। शिविर में करीब 114 स्काउट व गाइड ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर समापन में विधालय कि एमडी अमृता चौधरी ने कहा कि स्काउट गाइड पशु - पक्षियों का मित्र और प्रकृति प्रेमी होता है। इधर ई रोहित चौधरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण से बच्चों में अनुशासनशीलता की नींव पड़ती है और साथ-साथ यह सार्वजनिक सम्पति की रक्षा करने में सहायता भी प्रदान करता है। इधर प्रधानाचार्य श्रीकांत सिंह, एवं स्काउट गाइड के सभी वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने संयुक्त रूप से सर्वधर्म प्रार्थना सभा संपन्न कराई। समापन की घोषणा के साथ ध्वज अवतरण किया गया समापन के दौरान विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मो० शाकिब , शिक्षक नीलेश झा , विनय कुमार , संतोष झा , मो० अजहर , उत्तम कुमार. अभिराज आनंद , अंजलि कुमारी , मुस्कान वर्मा सुजाता सिंह सहित सब उपस्थित थे ।

## दुष्कर्म पीड़ित के माता-पिता से मिलने पहुंचे महिला विकास मंच पटना की टीम, प्रशासन से की आरोपी को फांसी की सजा की मांग

**दैनिक शुभ भास्कर डॉ अनुप कुमार ,बांका**



बांका। जिले के रजौन थाना क्षेत्र में ढाई साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के मामले की संज्ञान महिला विकास मंच पटना के टीम ने भी ले लिया है।शुक्रवार को महिला विकास मंच के राष्ट्रीय संरक्षक वीणा मानवी पूरे टीम के साथ पीड़िता के घर पहुंची और पीड़िता और उनके घर वालों को लेकर थाना पहुंची। मानवी ने कहा कि सरकार कहती है बेटी बचाओ.. बेटी पढ़ाओ ..लेकिन जब बेटी बचेगी ही नहीं तो किसे आप पढ़ आओगे किसे? उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के आरोपी को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो खुद मैं आरोपी को गोली मार दूंगी। महिला विकास मंच के सदस्यों ने कहा कि इन छोटी सी बच्ची को न्याय दिलाने के लिए पूरे समाज को आगे आना होगा । पुलिस और प्रशासन केवल फाइलों तक ही सिमट कर रह गई है ।अगर हम लोग अभी नहीं जागरूक हुए तो इस तरह की घटना आगे भी होती रहेगी इसके लिए सरकार को भी एक्शन में आना होगा। दुष्कर्मी के घर पर बुलडोजर चलनी चाहिए ।अगर तय सीमा के अंदर आरोपी को सजा नहीं होता है तो वह लोग आंदोलन करेंगे। वही दुष्कर्म पीड़िता के माता-पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी के घर वाले लगातार उन लोगों को धमकी दे रहे हैं, वह लोग केस उठाने को कह रहे हैं। नहीं तो परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। हालांकि थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म पीड़ित और उनके परिजन को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक पटना महिला विकास मंच के वीणा मानवी महिला विकास मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फातिमा खातून प्रदेश कार्यकारिणी पूनम सहूजा भागलपुर अध्यक्ष कृष्ण मिश्रा दरभंगा जिला अध्यक्ष प्रियंका झा प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता राज एवं दुष्कर्म पीड़िता के माता-पिता उपस्थित थे।

## गांव के चौपालों पर गूंज रहे फागुन के गीत

**दैनिक शुभ भास्कर संवादाता अमित कुमार शर्मा बौसी बांका**



रंग उमंग उत्सव और परंपरा एवं संस्कृति के उत्सव का पर्व होली का उत्सव करीब आ गया है। इसके साथ ही शहर और गांव में होली का रंग चढ़ने लगा है। शहर में जहां लोग कपड़े की खरीदारी और रंग-बिरंगे दुकानों से दुकान सज गए हैं। वही दुकानों पर ऑफर की भरमार है वहीं दूसरी और गांव के चौपाल और मंदिरों पर होली में फगुआ के गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है ।लोग परंपरा और संस्कृति के इस उत्सव और महापर्व के प्रचलित गीतों का आनंद ले रहे हैं । विशेषकर गांव में लोगों द्वारा मंडली बनाकर होली के गीत ने होली से पहले ही मूड को होलीयाना बना दिया है। वही होली को लेकर सभी और हर्ष और उत्सव का माहौल है। होली के उत्सव को लेकर तैयार हो गए हैं।

## होली त्योहार को लेकर बौंसी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर संवादाता अमित कुमार शर्मा**



होली त्योहार व शब ए बरात को लेकर थाना प्रांगण में शुक्रवार को पुलिस पब्लिक के बीच शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।शांति समिति बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने की। बैठक में मुख्य रूप से यह जानकारी दी गई कि क्षेत्र में आपसी भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने की अपील की। साथ ही शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं जिस पर पुलिस प्रशासन जन सहयोग से इसका पालन करने के लिए तैयार है ।आम जनता से भी सहयोग की अपील की गई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार फुल साउंड डीजे के प्रदर्शन और होली गाना हुड़दंग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा तथा राज्य में शराबबंदी कानून लागू रहने के कारण शराब सेवन और तस्करी पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। और भी दोनों प्रभाव को लेकर विशेष कई बिंदुओं पर चर्चा की गई डीजे पर अश्लील एवं प्रतिबंधित गानों को बजाने की रोक इसका उल्लंघन किए जाने पर त्वरित कार्रवाई एवं दंडात्मक कार्रवाई संभव है। साथ ही पर्व में आनंद से आपसी भाईचारा एवं सद्भाव के माहौल में बनाए जाने का भी निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से अनिरूद्ध यादव, व्यावहारिक संग अध्यक्ष राजु सिंह, कौशल सिंह , उदय सिंह ,प्रदीप धोष ,पिंटू यादव, चुनचुन मिश्र ,भोला सिंह , राजा राम अग्रवाल ,उमेश यादव, निंपू पांडे, शिवू साह, लालू यादव, खिरो यादव, रंजन गबर यादव, अमिर पाठक , अजय साह सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## गुलनी पंचायत में हर घर नल जल योजना पूरी तरह विफल , ग्रामीणों में आक्रोश

**दैनिक शुभ भास्कर डॉ अनुप कुमार, बांका**



बांका। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पंचायतों में हो रही पानी की समस्या को देखते हुए नल जल योजना को ड्रीम प्रोजेक्ट बनाया गया था ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पानी मिल सके लेकिन शंभूगंज प्रखंड अंतर्गत गुलनी पंचायत में मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल धरातल पर पूरी तरह नहीं उतर सका है। गुलनी पंचायत के वार्ड नंबर- 4, पांच, 6,7,8 एवं वार्ड 9 में लोगों को नल का जल नहीं मिल रहा है। वही गर्मी भी अच्छी तरह से प्रारंभ नहीं हुआ है और पंचायत के अधिकांश वार्ड के चापाकल फेल हो चुका है जिसके घर में समरसेबल लगा हुआ है उसके घर के सामने सुबह-सुबह पानी लेने वालों की भीड़ इकट्ठे हो जाती है जिस दिन बिजली नहीं रहती है उस दिन पानी के लिए लोगों के बीच हाहाकार मचा रहता है। पूर्व आर्मी जवान एवं युवा समाजसेवी रोशन सिंह राठौर ने बताया कि जब हमने आवाज उठाया और पीएचडी विभाग जिला अधिकारी महोदय को अवगत कराया तो पिछले वर्ष पुनः जांच कर 900 घर का उ्ढफ बना लेकिन आज 1 साल होने को स्वीकृति नहीं होने के कारण ये योजना अधर में लटका है और जनता पेयजल के लिए परेशान है। कोई भी अविलंब कार्य हो जिससे जनता को पानी मिल सके। ग्रामीण सोना प्रसाद सिंह रंजीत प्रसाद सिंह कारु सिंह मंजय दास बैजू राम प्रमोद राम विशाल शुभम रिपुसूदन चिंटू आदि ने विभाग पर आरोप लगाते हुए बताया की हमलोग को बताया गया कि 2014 -2018 में लूटकर ठेकेदार भाग गया है। 11 नोटिस के बाद ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है।

## फुल्लीडुमर प्रखंड के भितिया पंचायत के बिहारो पहाड़ में लगी आग से झुलस रहे हरे पेड़ ,वन विभाग उदासीन

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका**



फुल्लीडुमर प्रखंड के भितिया पंचायत अंतर्गत मचना गांव के पास बिहारो पहाड़ में शुक्रवार की सुबह अचानक आग लग जाने से हरे पेड़ पौधे झुलस रहे हैं वही आग लगने की जानकारी देते हुए मचना गांव के ग्रामीण रवि शंकर सिंह, हरीश यादव, बुद्धू किस्कु, मिको पुझार, सुरेंद्र बेसरा, कमलू किस्कु सहित अन्य ने बताया कि शुक्रवार को अचानक बिहारो पहाड़ के जंगल में आग लग गई आग लगने की सूचना ग्रामीणों द्वारा स्थानीय वन क्षेत्र पदाधिकारी को दी गई लेकिन वन विभाग के पदाधिकारी की उदासीनता के कारण आग तेजी से जंगल में फैलता जा रहा है साथ ही आग की चपेट में आने से जंगल के हरे पेड़ पौधे भी काफी संख्या में झुलस कर मर रहे हैं, जिसे देखने वाला कोई नहीं वहीं ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि शीघ्र आग को बुझाया नहीं गया तो जंगली क्षेत्र में बसे गाँव भी आग की चपेट में आ सकते हैं

## बिहार दिवस को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**



जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में बिहार दिवस 2023 के सफल आयोजन हेतु समाहरणालय के मिनी सभागार बांका में सभी विभागों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बिहार दिवस का आयोजन प्रत्येक 22 मार्च को किया जाता है। बिहार दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा खेलकूद आर0एम0के0 उच्च विद्यालय, बांका में किया जाएगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम चंद्रशेखर सिंह भवन (टाउन हॉल) में किया जाएगा। खेलकूद कार्यक्रम के अंतर्गत बालक एवं बालिका के लिए साईकिल रेस, रंगोली, निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता आदि आयोजित की जाएगी। बिहार दिवस के अवसर पर सभी सरकारी भवन एवं कार्यालयों की साफ-सफाई स्वच्छता के साथ-साथ ब्लू रोशनी से भवन को सजाया जाएगा।

## फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के मंझलीकुशाहा गांव की एक नाबालिग छात्रा ने गांव के ही एक युवक पर जबरदस्ती दुराचार करने को लेकर महिला थाना बांका में दिया आवेदन

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**




फुल्लीडुमर प्रखंड के उत्तरी कोझी पंचायत अंतर्गत मंडली कुशाहा गांव में एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है परिजनों से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार मंझली कुशाहा गांव की नवमी कक्षा की छात्रा को गांव के ही एक नाबालिक लड़के ने दोपहर में छात्रा के घर में घुसकर लड़की को जबरदस्ती उठाकर बहियार की तरफ ले गयो जहां नाबालिक लड़के ने बहियार में उक्त छात्रा से जबरदस्ती दुराचार किया `वहीं घटना की आपबीती पिडित छात्रा ने अपनी माता को कहकर सुनाई इस संबंध में पीड़िता द्वारा स्थानीय थाना में शिकायत की गई `लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित छात्रा ने महिला थाना बांका में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है वही आवेदन के आलोक में महिला थाना अध्यक्ष श्वेता कुमारी ने पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए घटना को अंजाम देने वाले लड़के की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी कर रही है

## होली पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु फुल्लीडुमर थाना के पुलिस 51 लोगों पर धारा 107 के तहत की कार्रवाई




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस होली पर्व में विधि व्यवस्था एवं अमन चैन बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र के 51 लोगों पर धारा 107 के तहत कार्रवाई की है फुल्लीडुमर थाना के पुलिस पदाधिकारी से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष आलोक कुमार द्वारा थाना क्षेत्र के 51 मनबढ़ू , संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध धारा 107 के तहत कार्रवाई की है आगे पुलिस ने बताया कि होली पर्व में अशांति फैलाने वाले एवं उन्माद फैलाने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है साथ ही होली पर्व को लेकर पुलिस से छिपकर चोरी-छिपे शराब बनाने एवं बेचने वाले लोगों पर भी पुलिस की नजर बनी हुई है ताकि इस पर्व को शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके

## होली त्योहार को लेकर नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया

**दैनिक शुभ भास्कर, चंद्रशेखर कुमार भगत, अमरपुर, बांका**




होली पर्व को लेकर स्थानीय प्रशासन ने शराब तस्कर व शराबियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी के मध्येनजर शुक्रवार को शहर के बस स्टैंड चौक पर नशा मुक्त बिहार को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें थानाध्यक्ष बिनोद कुमार, बीडीओ राकेश कुमार,सीओ वत्सांक कुमार, नपं कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी थे। थानाध्यक्ष ने माइकिंग कर लोगों को बिहार में शराब प्रतिबंधित होने से पीना,बेचना, परिवहन करना एवं भंडारण गैरकानूनी है। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष होली पर्व में शराब पीने से अमरपुर एवं रजौन थाना क्षेत्र में 14 लोगों की मौत हो गई थी। तथा आंख की रौशनी भी चली गई है।ऐसे में सरकार द्वारा शराब सेवन से जानमाल के नुकसान पर मुआवजा भी नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है, ऐसे में लोग शराब सेवन करने से बचें। अगर कहीं भी शराब की बिक्री होती है तो सरकार द्वारा जारी टाल फ्री नंबर पर जागरूक नागरिक होने का निर्वहन कर सूचित करें। सूचना देने वाले लोग का नाम गुप्त रखा जाता है। ऐसे में लोग प्रशासन का सहयोग कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का भी अपील किया। इस अवसर पर असगर अली, मु बबलू, छोटू भगत, मिट्ठू भगत सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास सहायक पर अवैध वसूली का लग रहा है आरोप

**दैनिक शुभ भास्कर रोहित कुमार, मुंगेर**

जिला के आदेशानुसार जिले के सभी वरीय पदाधिकारी प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग प्रखंड के पंचायतों में जाकर सरकारी योजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त संजय कुमार के द्वारा गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के ददरीजाला पंचायत के खम्हार गांव में सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होनें प्रधानमंत्री आवास योजना का भी बारीकी से निरीक्षण किया। जहां लाभुकों ने संबंधित पंचायत के आवास सहायक धीरज कुमार पर द्वितीय किस्त एवं योजना का जियो टैग करने के नाम पर लाभुकों से 15 हजार रुपए अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए कहा कि आवास सहायक धीरज कुमार के द्वारा द्वितीय किस्त देने के नाम पर एवं जियो टैग के तहत अर्ध निर्मित आवास के तस्वीर लेने के नाम पर पहले 15 हजार रुपए जमा करने को कहा जाता है। विदित हो कि 3 दिन पूर्व दादरीजाला पंचायत के खम्हार गांव में आवास योजना के लाभुकों के द्वारा आवास सहायक द्वारा अवैध वसूली के खिलाफ आक्रोश जताते हुए मीडिया के समक्ष आवास योजना के तहत अवैध वसूली की जानकारी देते हुए आवास सहायक पर कार्यवाही की मांग की थी। जिसके आलोक में उप विकास आयुक्त ने खुद गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण कर आवास योजना के लाभुकों से बातचीत किया जहाँ साफ तौर पर लाभुकों ने उप विकास आयुक्त संजय कुमार के समक्ष आवास सहायके धीरज कुमार के द्वारा अवैध वसूली के मामले को उजागर किया। अब सवाल यह उठता है कि वरीय पदाधिकारी के समक्ष लाभुकों के द्वारा दिए गए बयान का क्या नतीजा निकलता है या फिर यह शिकायत सिर्फ कागजों में दबी रह जाती है पंचायत वासियों सहित आवास योजना के लाभुकों में इस बात को लेकर संशय बना हुआ है।

## शबनम कुमारी का चयन विद्या दीदी के लिए किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर रोहित कुमार, मुंगेर**



जिले के संग्रामपुर प्रखंड के टीपीसी भवन महिला विकास सहकारी समिति लिमिटेड कार्यालय में जीविका के द्वारा संचालित समुदायिक पुस्तकालय केंद्र विकास केंद्र के लिए विद्या दीदी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए हुए लाभार्थियों का लिखित एवं मौखिक साक्षात्कार किया गया चंद्र में जानकारी देते हुए विकास समिति के अध्यक्ष अंजली कुमारी ने बताई की प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से कुल 12 उम्मीदवारों ने विद्या दीदी के लिए आवेदन दिया था जिसके तहत सभी उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के साथ-साथ साक्षात्कार भी करवाया गया जिसमें कि प्रखंड के ददरी जाला पंचायत के शबनम कुमारी को विद्या दीदी के रूप में चयन किया गया मौके पर उपस्थित जीविका के क्षेत्रीय संयोजक बबलू कुमार ने कहा कि जीविका के द्वारा संचालित व समुदाय के पुस्तकालय में केंद्र एक अच्छी पहल है इसमें पाठ्यपुस्तक डिजिटल लाइब्रेरी के अलावा भी बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी समय-समय पर जीविका के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा युवाओं को रोजगार से संबंधित मार्गदर्शन भी दिया जाएगा मौके पर जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक निर्भय कुमार कॉमेडी कोऑर्डिनेटर अर्चना कुमारी अमित कुमार विपिन कुमार प्रभाकर कुमार ऋषिकेश कुमार कलस्टर फैसि लेटर रजनी कुमारी लेखापाल विभूति मंडल आदि लोग मौजूद थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंकिंग सुविधा की दी जानकारी

**दैनिक शुभ भास्कर सदानंद पंडित, बेलहर, बांका**



बेलहर प्रखंड क्षेत्र के ठाकुर बारी दुर्गा मंदिर के परिसर में शुक्रवार को दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम आम लोगों को बैंक से लेन देन सहित अन्य जानकारी जागरूक अभियान के माध्यम से जागरूक किया । जागरूकता अभियान में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि बैंक कभी भी किसी खाता धारकों को ओटीपी के लिए फोन नहीं करता है । यदि किसी खाता धारकों को इस तरह का फोन या मैसेज आता है तो समझा जाय कि आपके बैंक खाते से कोई फ्रॉड छेड़ छाड़ कर रहा है। इसलिए खाताधारकों को फोन कर ओटीपी मांगा जाता है तो किसी किमत पर नहीं बताना चाहिए या फिर नहीं देना चाहिए। वही शाखा प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि खाताधारक सतर्क हो जाएं कोई भी काम अगर हो तो शाखा प्रबंधक से संपर्क करें ।